आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 33°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

मेरी गाड़ी का आठ लाख का चालान कर दिया... अखिलेश यादव बोले...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 06 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 320 www.janexpresslive.com/epaper

बी से 'बीड़ी' और बी से 'बिहार'... 12

# 9 लाख शिक्षकों को कैशलेस मिलेगा इलाज

- रसोइया, अनुदेशक और शिक्षा मित्रों को भी फायदा, मानदेय जल्द बढ़ेगा
- मानदेय बढ़ाने पर बनी कमेटी, जल्द होगा फैसला, शिक्षकों को बताया राष्ट्र निर्माण की रीढ़

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सीएम योगी ने शिक्षक दिवस पर दो बड़े ऐलान किए। योगी ने कहा, अब प्रदेश के 9 लाख शिक्षकों को कैशलेस इलाज मिलेगा। इसका फायदा बेसिक, माध्यमिक, एडेड, सेल्फ फाइनेंस के सभी शिक्षकों को मिलेगा। इसमें शिक्षामित्रों, अनुदेशक, रसोइया को भी जोड़ा जाएगा। यानी इन सभी को भी कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। सीएम ने कहा- शिक्षामित्र और अनुदेशक का मानदेय भी जल्द बढ़ेगा। इसके लिए कमेटी बन गई है। कमेटी की रिपोर्ट आने वाली है। उसके आधार पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं, उन्हें स्वास्थ्य की चिंता से मुक्त करना हमारा कर्तव्य है। एक शिक्षक की तुलना की नेता और नौकरशाह से नहीं हो सकती है। शिक्षक का अलग सम्मान है। योगी ने ये बातें लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें बेसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा के 15 शिक्षक शामिल थे।




### यूपी देश के विकास का इंजन बन रहा

योगी आदित्यनाथ ने कहा, पहले बीमारू राज्य के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज भारत के विकास का इंजन बन रहा है। जो राज्य अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था, आज उसकी एक मज़बूत पहचान है और लोग इस पर गर्व महसूस करते हैं। आठ साल पहले सत्ता में वो कौन लोग थे, जो राज्य के लिए कुछ नहीं कर सके?

### परिषदीय स्कूलों में 60 लाख बच्चे पढ़ रहे

बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री पोषण से जोड़ने जा रहे हैं। बच्चा स्वस्थ होगा तो देश का भविष्य भी सुधरेगा। देश के अंदर सबसे ज्यादा प्रगति यूपी की बेसिक शिक्षा ने किया है। ये अलग-अलग संस्थाओं के सर्वे में साबित हो चुका है। 60 लाख से अधिक बच्चे यूपी के परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।

### 'पुस्तकों में पात्रों के चयन में ध्यान रखें'

एससीईआरटी से कहना चाहूंगा कि पुस्तकों में पात्रों का चयन जब भी करें, तो ध्यान रखें कि वह पात्र भारतीय हों। हमारे यहां रामायण और महाभारत से अच्छे पात्र कहीं नहीं मिलेंगे। जब हमारे घरों में दादी-नानी कहानी सुनाती हैं तो देश के महापुरुषों और नायकों की कहानियां सुनाती हैं। ताकि बच्चे उनके जैसा बनने के बारे में सोचें। बच्चों को खेल खेल में सिखाइए। किताबें पतली रखें, बहुत मोटी न हों, उसे देखकर बच्चे भागें नहीं, बल्कि पढ़ने के लिए रुचि पैदा हो।

### शिक्षकों ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

सरकार ने कहा, अब शिक्षकों को इलाज के दौरान पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। चाहे सामान्य बीमारी हो या गंभीर, सभी का उपचार कैशलेस होगा। सीएम योगी ने यह भी शिक्षा मित्र, अनुदेशक और विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। योगी सरकार के इस फैसले का शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े संगठनों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि लंबे समय से शिक्षकों की सबसे बड़ी चिंता उनके स्वास्थ्य खर्च को लेकर थी, लेकिन अब सरकार की इस पहल से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। इससे न केवल शिक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी बल्कि उनकी कार्यक्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### 1104 करोड़ से 2107 स्कूलों का हुआ कायाकल्प

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि विभाग के 15 शिक्षक सम्मानित किए जा रहे हैं। कई सुधार हो रहे हैं। शिक्षकों की तैनाती ऑनलाइन की जा रही है। शिक्षकों के चयन के लिए आयोग से काम हो रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों का कायाकल्प 1104 करोड़ से 2107 स्कूल लाभान्वित हुए हैं। एडेड विद्यालयों के लिए 134 करोड़ जारी किए गए हैं। इससे 368 विद्यालय लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए नीति आयोग ने भी इसे सराहा है। अन्य राज्यों को इसे लागू करने को कहा गया है। व्यावसायिक शिक्षा को भी लागू कर रहे हैं। संस्कृत विद्यालयों का भी विकास हो रहा है। इसमें जनप्रतिनिधि का भी सहयोग ले सकते हैं। आईसीटी लैब की स्थापना हो रही है। प्रधानाचार्य को टैबलेट दिया जा रहा है। 2017 से नकल पर नकेल लगी है। नकल माफिया पराजित हो गए हैं। कोई पकड़ा गया तो एक करोड़ का जुर्माना, आजीवन कारावास होगा। मार्कशीट इतनी मजबूत बनाई जा रही है कि इसे कोई फाड़ भी नहीं सकता है।

### शिक्षक विद्वान तो गुरु हमें महान बनाता है: गुलाब देवी

मंत्री ने आगे कहा कि आज हम शिक्षक दिवस मना रहे हैं। शिक्षक विद्वान बनाता है। गुरु हमें महान बनाता है। वर्तमान परिवेश में कपटी, कायर, क्रूर की संख्या बढ़ रही है। यह समाज हित में नहीं हैं। सत्ता को भी शिक्षक की आवश्यकता है। सत्ता और समाज दोनों में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे शिष्य तैयार करें जो समाज के लिए काम करें।

### शिक्षक विद्यार्थी को विद्वान बनाता है और गुरु विद्यार्थी को महान

बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार बच्चों को आधुनिक पद्धति से बिना भेदभाव शिक्षा प्रदान कर रही है। स्मार्ट क्लास, अच्छे शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण कंटेंट के माध्यम से बच्चों को समान शिक्षा मिल रही है। सरकार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में नकल पर पूरी तरह नकेल लगी है। नकल माफिया अब पराजित हैं और पकड़े जाने पर उन्हें एक करोड़ रुपए का जुर्माना और आजीवन कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी को विद्वान बनाता है और गुरु विद्यार्थी को महान। शिक्षक समाज और बच्चों के लिए आदर्श हैं।

### आठ साल में बेसिक शिक्षा विभाग की छवि बदली

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई गुल्लक किताब बच्चों की कल्पनाशक्ति को नया आयाम देगी। बाल वाटिका हस्त पुस्तिका का भी विमोचन होगा। गुरु हमारे व्यक्तित्व को भी आकार देने का काम करते हैं। विभाग को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। शिक्षा की नई अलख जगाई है। पिछले आठ साल में बेसिक शिक्षा विभाग की छवि बदली है। सरकार प्रदेश में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बिना भेदभाव के दे रही है।

### फैक्ट्री में भी लागू होती है एनसीईआरटी की किताबें

मंत्री ने आगे कहा कि स्कूलों में डिजिटल शिक्षा, एनईपी के तहत नए प्रयोग, सीख बाई डुइंग का प्रयोग कर रहे हैं। ऑपरेशन के तहत सभी सुविधाओं की सुविधा दे रहे हैं। चाइल्ड स्मार्ट क्लास, टैबलेट से पढ़ाई कर रहे हैं। बैठने की जगह के लिए अच्छे फर्नीचर उपलब्ध हैं। एनसीईआरटी की इलेक्ट्रॉनिक्स कोफिज में भी लागू हो रहे हैं। कक्षा चार तक अगले वर्ष लागू होंगे। इसे आठ बजे तक ले जायेंगे। केजीबीवी 13वीं तक मोटो हो रहे हैं। हर जिले में दो-दो सीएम मॉडल कंपोजिट स्कूल स्थापित करें।



# देश के लिए विचारधारा जरूरी, जैसे शरीर में खून: सीडीएस



- दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस, पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद बड़ी चुनौती

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर (यूपी) में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा- भूमि राष्ट्र की भौतिक पहचान है। राष्ट्र की विचारधारा की सुरक्षा भी जरूरी है। एक राष्ट्र के संचालन के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए खून। यह प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देती है। जनरल चौहान ने कहा- दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस है। सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। आजादी के बाद से सीमा विवाद को लेकर कई लड़ाइयां हुईं। चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। फिर क्षेत्रीय अस्थिरता। शुक्रवार को जनरल चौहान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान सीएम योगी भी उनके साथ रहे। ये सेमिनार महंत दिग्विजयनाथ महाराज और अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर हर साल आयोजित किया जाता है।

### योगी बोले, धरती के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम योगी ने कहा- चाणक्य ने कहा था कि जहां आंतरिक सुरक्षा नहीं होती, वह अराजक राष्ट्र होता है। जल्द ही खत्म हो जाता है। पाकिस्तान उसका उदाहरण है। भारत इस मामले में सतर्क है। यहां बचपन से सीख दी जाती है कि भारत हमारी माता है, इसलिए इस धरती के साथ छेड़छाड़ कोई बर्दाश्त नहीं कर सकता। किसी ने छेड़छाड़ की, तो हर भारतवासी उसके खिलाफ खड़ा होगा। भगवान राम ने प्रण लिया था कि राक्षसों को समाप्त कर दूंगा। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि सुरक्षा के लिए जो खतरा बना है, उसे खत्म करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित बन सकता है। आप सुख की नींद इसलिए सो रहे हैं, क्योंकि एक सैनिक मोर्चे पर माइन्स डिग्री तापमान में खड़ा होकर सुरक्षा कर रहा है। हमने दुश्मन को उसकी सीमाओं का एहसास कराया।

### देश की सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता भी जरूरी

देश में चार तरह के खतरे होते हैं। आतंरिक खतरे। बाहरी खतरे। बाहरी सहयोग से उत्पन्न आतंरिक खतरे और आंतरिक सहयोग से उत्पन्न आतंरिक खतरे। मेरा मानना है कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा तीन स्तर पर देख सकते हैं। तीन घेरे के रूप में। सबसे छोटा घेरा सैनिक तत्परता, उससे बड़ा घेरा राष्ट्रीय सुरक्षा और सबसे बड़ा घेरा राष्ट्र सुरक्षा है। ये तीनों घेरे एक साथ मिलकर काम करते हैं। सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसे रक्षा अनुसंधान रिसर्च से भी जोड़ना चाहिए। भविष्य में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी की जरूरत पड़ सकती है।

### युद्ध राजनीति का ही विस्तार है

जर्मन विद्वान ने कहा था कि युद्ध राजनीति का ही विस्तार है। इसके गहरे निष्कर्ष हैं। युद्ध और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। जब किसी भी देश की सरकार इस स्थिति में पहुंचती है कि सैन्य इस्तेमाल की जरूरत है तो सैन्य अधिकारी को आगे के लिए रणनीति बुलाया जाता है। बालाकोट ऑपरेशन के बाद भारत ने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार और पाकिस्तान ने एयर डिफेंस की जरूरत पर काम किया। उरी अटैक के बाद जमीनी मार्ग का सहारा लिया। पुलवामा हुआ तो एयर स्ट्राइक की। पहलगाम हुआ तो लोअर एयरस्पेस का सहारा लिया।

### युद्ध का स्वरूप बदल रहा

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य सिर्फ आतंकवादी घटनाओं का बदला लेना नहीं था। हम तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बनाकर रखने का काम करते हैं। इसमें सफलता मिली। तीनों सेनाओं की रिहर्सल जरूरी थी। राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां निरंतर बदलती रहती है। पहली चुनौती सीमा विवाद का है। चीन के साथ सीमा विवास सबसे बड़ी चुनती है। दूसरी चुनौती पाकिस्तान की ओर से है। भारत के पड़ोसी देश किसी न किसी अस्थिरता से गुजर रहे हैं। युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। हमारे विरोधी परमाणु हथियारों से लैस हैं। यह भी चुनौती है। किसी भी राष्ट्र के सैन्य क्षमता की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि वहां की सरकार ने शांति काल में रक्षा क्षेत्र पर कितना खर्च किया।

### म्यूजियम के शिलान्यास समारोह में भी शामिल हुए सीडीएस

सीडीएस गुरुवार (4 सितंबर) को गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखा वॉर मेमोरियल के सौंदर्यीकरण और गोरखा म्यूजियम के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। इसके बाद शाम को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। वहां गुरु गोरखनाथ की पूजा की थी। सीडीएस ने डिनर भी गोरखनाथ मंदिर में किया था।

### नभ, जल, थल की तरह ही अब साइबर स्पेस में चुनौतियां

इस समय रोबोटिक्स का ट्रेंड नजर आता है। इसका इस्तेमाल तेजी से हो रहा है। भविष्य में यह तकनीक उपयोग में आ सकती है। आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। ऐसे ही आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चलेगा। ये नए नॉर्म है। इसे देखते हुए तीनों सेनाओं को नए तरीके अपनाने होंगे। ऑपरेशन सिंदूर ऑफिशियल रूप से टर्मिनेट नहीं किया गया है। हमें हथियारों की रीच बढ़ानी होगी। नभ, जल, थल की तरह ही अब साइबर स्पेस में चुनौतियां होंगी। स्पेस में सर्विलांस का ध्यान रखना होगा। यह करने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाना होगा। एयर डिफेंस में और ज्यादा मजबूत बनना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री की विरासत से जुड़ी हिलजात्रा बनी संस्कृति की शान

## सोर घाटी की पहचान बनी हिलजात्रा, पांच सदियों से अनवरत जारी परंपरा को धामी ने बताया लोक आस्था और कृषि संस्कृति का प्रतीक

**जन एक्सप्रेस। पिथौरागढ़**

कुमौड़ हिलजात्रा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सोर घाटी की जनता को संबोधित करते हुए इस ऐतिहासिक पर्व को प्रधानमंत्री की विरासत के गर्व से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा कि हिलजात्रा न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि यह हमारी समृद्ध लोक परंपरा, वीरता और कृषि संस्कृति का अद्वितीय संगम है, जो बीते पांच शताब्दियों से सोर घाटी की पहचान बनी हुई है।

### आस्था और परंपरा का संगम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमौड़ हिलजात्रा समिति द्वारा आयोजित यह पर्व आस्था, परंपरा और मनोरंजन का ऐसा मेल है, जो समय के साथ और समृद्ध हुआ है। गौरा-महेश की पारंपरिक पूजा, सातू-आठू की परंपरा और महर भाइयों की वीरता से जुड़ी मुखौटा परंपरा, आज भी हमारे लोक जीवन में जीवंत है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यद्यपि इस पर्व की शुरुआत महर भाइयों की वीरता की गाथा से हुई थी, लेकिन समय के साथ इसे कृषि पर्व का स्वरूप प्राप्त हुआ। लाखिया बाबा, गल्या बैल, किसान, हालिया, पुतरिया जैसे स्वरूप इस बात के प्रतीक हैं कि यह पर्व हमारी कृषि, मिट्टी और जीवनशैली से कितनी गहराई से जुड़ा हुआ है।



### सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजकों को पर्व के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बदलते समय में जब लोग अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं, ऐसे में सोर घाटी की जनता ने अपनी परंपराओं के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया है। यह अगली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

### कलाकारों और आयोजकों को धामी की बधाई

सीएम धामी ने उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी कलाकारों, आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना की और कामना की कि गौरा-महेश का आशीर्वाद सभी पर बना रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 'बच्चों में गरिमा और सुरक्षा की भावना जगाते हैं शिक्षक'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने चयनित पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति की गरिमा और सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। संवेदनशील शिक्षक बच्चों में गरिमा और सुरक्षा की भावना जगाने का काम करते हैं। शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी आजीवन उन्हें याद रखें तथा परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें।




### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान की इमर्जेंसी लेडिंग कराई गई। दिल्ली से पहुंचे विमान के इंजन में खराबी के बाद इसे देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। विमान में 161 लोग सवार थे। हालांकि, कंपनी की ओर से कहा गया है कि यह इमरजेंसी लैडिंग नहीं थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया जब पायलट ने एटीसी को विमान का एक इंजन में खराबी की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और सीआईएसएफ की टीम ने मोर्चा संभाल लिया। गनीमत रही कि विमान को एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर में बाढ़, मंदिर और बाजार डूबे, राजस्थान के अजमेर में बोराज तालाब टूटा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल



### दिल्ली में बाढ़-बारिश से एक युवक की मौत

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंधू गांव के बाढ़ प्रभावित इलाके से लापता हुए एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि युवक 3 सितंबर को पानी में डूब गया था। लगातार बारिश और मुंगेशपुर ड्रेन के ओवरफ्लो होने से बहादुरगढ़ शहर के कई इलाकों में जलभराव है। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासन ने सेना से मदद मांगी थी। शुक्रवार को सेना के 80 जवान बहादुरगढ़ पहुंचे। एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि सेना की तैनाती से राहत व बचाव कार्यों में तेजी आएगी।

### राहत कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना के जलस्तर में फिलहाल गिरावट जारी है और दिल्ली वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। यमुना का जलस्तर शुक्रवार शाम सात बजे 207.09 दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद हालात पर लगातार निगरानी रख रही है और प्रशासन बाढ़ प्रभावितों की 24 घंटे मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में भोजन, पानी, चिकित्सा, शौचालय सुविधाओं के अलावा जरूरी मदद लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित फसलों का आकलन करने का निर्देश दिया गया है। राजधानी में बाढ़ की स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों के हालात और पीड़ितों को जरूरी मदद को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' से डिविजनल कमिश्नर व सभी जिलों के डीएम के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की और जरूरी व स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।

### कश्मीर का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कटा

कश्मीर में गुरुवार को बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं। इससे घाटी का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया है। झेलम नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी अब खतरे के निशान से नीचे बह रही है। हालांकि, एहतियात के तौर पर, कश्मीर रीजन के स्कूल और कॉलेज शनिवार, 6 सितंबर तक बंद कर दिए गए हैं। जम्मू के रामबन जिले में भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के बाद 283 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 950 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

### जम्मू-कश्मीर नेशनल हाईवे चौथे दिन भी बंद

जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। हालांकि, जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले को कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाला इंटरस्टेट मुगल रोड तीन दिन बंद रहने के बाद फिर से खोल दिया गया है। एक यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई जगहों पर बादल फटने, बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे और सिंथन रोड गाड़ियों की आवाजाही के लिए बंद हैं। 26 अगस्त से हाईवे बंद था, लेकिन 30 अगस्त को कुछ घंटों के लिए इसे खोल दिया गया था। बाद में फिर से बंद कर दिया गया। कश्मीर जाने वाली सभी सड़कें बंद होने के कारण कठुआ से कश्मीर तक अलग-अलग जगहों पर 3,700 से गाड़ियां फंसी हैं।

### 11 दिनों से फंसे 50 यात्रियों का चिनूक हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के भरमौर में 11 दिनों से फंसे 50 मणिमहेश श्रद्धालुओं को शुक्रवार सुबह वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से चंबा लाया गया। चंबा से सभी श्रद्धालुओं को सरकारी बसों में पठानकोट भेजा जा रहा है। भरमौर में अभी भी देशभर से 400 से ज्यादा श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भरमौर में 24 से 27 अगस्त के बीच भारी बारिश और लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई थीं। इससे यात्री फंस गए थे। इस दौरान 11 श्रद्धालुओं की मौत भी हुई थी। इनमें 3 पंजाब, 5 चंबा, 1 उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। 2 शवों का अभी पहचान होनी बाकी है।

# जल शक्ति मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर किया तालाबों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद का दौरा किया। यहां उन्होंने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए स्थलीय निरीक्षण भी किया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद दौरे में चित्रकूट आए प्रदेश के जल शक्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के कुएं एवं तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन एवं जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में विभगीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

इसके पूर्व बीती शाम जल शक्ति विभाग मंत्री ने जिला मुख्यालय स्थित लोनिवि निरीक्षण गृह में सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई यांत्रिक, बाढ नियन्त्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिशासी अभियन्ता सिचाई प्रखण्ड प्रथम शशिकान्त प्रसाद ने बताया कि जनपद में संचालित चार बडे बांध ओहन, बरुआ, गुन्ता एवं रसिन बांध हैं। बताया कि वर्तमान में ओहन बांध में 88.21 प्रतिशत, बरूआ बांध में 59.61 प्रतिशत, गुन्ता बांध में 91.56 प्रतिशत तथा रसिन बांध में 93.44 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। इसके अलावा जनपद में निर्मित 17 टैंको के सापेक्ष 10 टैंक पूर्ण रूप से भरे है तथा 24 बन्धियों में शत-प्रतिशत पानी भरा हुआ है। बताया कि बांध, टैक एवं बन्धियों में पर्याप्त पानी भरे होने के कारण जनपद में सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। बताया कि वर्तमान में जनपद में चिल्लीमल पम्प नहर प्रणाली एवं रसिन नहर प्रणाली से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई कर्वी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में 335 मध्यम गहरी बोरिंग, 645 गहरी बोरिंग, 49 तालाब, 52 चेक डैम एवं 383 ब्लास्ट कूप का निर्माण कराया गया है।

इसके साथ ही मंत्री ने जल जीवन मिशन द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए जनपद में स्थित पन्हाई टैंक, जरेरा टैंक, जयवन्ती टैंक एवं बरदहा टैंक को बहुत बडी उपलब्धि बताई। कहा कि इस वर्ष किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा।

बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मण्डल बांदा उस्मान अली, अधीक्षण अभियन्ता नलकूप मण्डल बांदा प्रेमपाल, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी शिवेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) कर्वी आशीष कुमार भारतीय, अधिशासी अभियन्ता केन नहर प्रखण्ड बांदा अरविन्द कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड तृतीय बांदा राजेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई बांदा प्रेम नारायण गौतम, अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बांदा कीर्ति वीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता उत्तर प्रदेश जल निगम कर्वी सुमित कुमार, सहायक अभियन्ता लघुडाल नहर खण्ड बांदा नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# कत्ल के दो गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ पचास हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



कुरारा के बेरी मार्ग में 9-10 सितम्बर 2023 की रात आशिकी के नशे में चूर एक पत्नी ने अपने आशिक से मिलकर पति को गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया, जबकि पति की लाश को आशिक ने ट्रैक्टर से ले जाकर सड़क के किनारे पानी के गड्ढे में फेंक दिया था।

कत्ल के इस सनसनीखेज मामले में जिला अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार राय ने अपना एक अहम और यादगार फैसला सुनाते हुये मृतक की पत्नी और उसके आशिक को कत्ल की इस दिल दहला देने वाली वारदात का गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही पच्चीस- पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना सुनाया गया है।

दरअसल अभियोजन की तरफ से इस मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी फौजदारी ने अदालत में बताया कि कत्ल की इस सनसनीखेज मामले की वारदात के आई विटनेस मृतक के 11 वर्षीय बेटे आर्यन ने डर के साये में अपने बिस्तर पर लेटे हुये पूरी वारदात को अपनी आँखों के सामने होते हुये देखा था, जिसके बाद उसने अपनी बुआ को मामले की जानकारी दी थी, जानकारी मिलने के बाद मृतक कामता प्रसाद कबीर की बिंवार निवासी बहन रानी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद ने मृतक भाई के घर आकर अपने भतीजे की आंखों देखी पूरी वारदात को उसके मुंह से सुन्ने के बाद सीसीटीवी फुटेज भी चैक किये थे, जिसमें उसके भाई का रिश्तेदार ट्रैक्टर ड्राइवर और उसकी भाभी अन्जू साफ नजर आ रहे थे, भाई के कत्ल के दोनों के खिलाफ पुख्ता सुबूत मिलने के बाद उसने 10 सितम्बर 2023 को कुरारा थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर देते हुये बताया था कि, उसका भाई अपनी पत्नी अन्जू के साथ कुरारा के बेरी रोड पर रहता था, भाई ने खेती करने के लिये ट्रैक्टर खरीदा था, जिसमें बतौर ड्राइवर पारा गाँव के शंकरपुर निवासी रघुवीर कोरी को रख लिया था, इसी बीच घर आने जाने के दौरान भाई की पत्नी अन्जू और ट्रैक्टर ड्राइवर के नाजायज ताल्लुक़ात हो गये थे, जिसके बाद 9 और 10 सितम्बर की रात भाई की पत्नी अन्जू और ट्रैक्टर ड्राइवर वीरेन्द्र कोरी ने मिलकर मारपीट कर उसके भाई का कत्ल कर दिया, और उसकी लाश को ट्रैक्टर से ले जाकर कुरारा रोड में बने गड्ढे में फेंक दिया था। साथ ही ये भी कहा कि भाई शराब पीने का कुछ ज्यादा ही आदि था, मृतक की बहन की तहरीर पर पुलिस ने कुरारा थाना क्षेत्र के पारा गाँव के शंकरपुर निवासी वीरेन्द्र कोरी, जबकि कुरारा कस्बा निवासी अन्जू पत्नी स्व0कामता प्रसाद के खिलाफ मु0अ0सं0-320/23 धारा-302,201,34 आईपीसी के तहत दर्ज कर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत की वजह गला दबाये जाने से दम घुटने से होना बताया गया था, जो काफी चौकाने वाला था।

## अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने घेरकर दबोचा, मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश हुआ जख्मी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



जरिया थाना क्षेत्र से 19 साल के युवक का मोटर साइकिल में जबरन बैठाकर अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के जख्मी होने के बाद टीम ने घेरकर उसे और उसके दो साथी बदमाशों को दबोच लिया।

जबकि बदमाशों के चंगुल से अपहरण किये गये युवक को सकुशल आजाद करा लिया गया है। वहीं पूरे मामले की जानकारी देते हुये सरीला सीओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटैलिया बाजा निवासी पुनीत कुमार पुत्र प्रताप सिंह ने चार सितम्बर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके 19 वर्षीय भाई सुनील कुमार का वीर सिंह पुत्र गया प्रसाद राजपूत निवासी ग्राम इटैलिया बाजा का महोबा थाना चरखारी के गुढ़ा निवासी उपेन्द्र पुत्र अज्ञात, विष्णु पुत्र अज्ञात, अशोक पुत्र अज्ञात सहित ऋषि पुत्र अज्ञात ने जबरन मोटरसाईकिल पर बैठाकर अपहरण कर लिया गया है। अपहरण की तहरीर मिलने पर जरिया पुलिस ने बिना देर किये मु0अ0सं0 177/2025 धारा 140(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू करदी थी, बदमाशों की तलाश के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश कछवाकला से उमरिया जाने वाले सर्विस रोड़ पर किलोमीटर 136.9 के पास मौजूद है। बस इस जानकारी के मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी करने के साथ उनसे सरेंडर करने को कहा, जिसपर बदमाशों ने पुलिस टीम को जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग के दौरान बदमाश विष्णु पुत्र सुरेश यादव के पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिस्से वो जख्मी हो गया, पुलिस टीम ने उसे घेरकर दबोच लिया, पुलिस को बदमाश के पास से एक अवैध असलहा 315 बोर, जबकि दो जिंदा कारतूस सहित एक खाली कारतूस 315 बोर बरामद करने में कामयाबी मिली, जबकि जख्मी बदमाश को सी0एच0सी0 गौहाण्ड में इलाज के लिये भेजा गया है, इसके साथ ही दो बदमाश उपेन्द्र पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत सहित अशोक पुत्र वीर सिंह राजपूत को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया था। साथ ही दो बदमाश जो उनके साथ मौके पर मौजूद थे, पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। जबकि अपहरण के मामले के तीनों बदमाशों को दबोचने वाली टीम में खासतौर से थानाध्यक्ष मयंक चंदेल, एस आई रोहित यादव, एस आई दिलीप श्रीवास्तव, हैड कांस्टेबल शिवेंद्र यादव, कांस्टेबल अभिनव सिंह, कांस्टेबल अभिषेक कुमार सहित कांस्टेबल रोहित वर्मा मौजूद रहे।

## 'नो हेलमेट नो फ्यूल' चेकिंग के दौरान 23 वाहनों का हुआ चालान

जन एक्सप्रेस । बांदा



दिनांक 1 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक चलने वाले ÷नो हेलमेट नो पेट्रोल÷ अभियान के अंतर्गत दिनांक 05 सितंबर को भूरागढ़ एवं मट?ंध क्षेत्र के अंतर्गत संचालित पेट्रोल पंपों का एआरटीओ श्याम लाल,पीटीओ रामसुमेर यादव के द्वारा निरीक्षण किया गया।बिना हेलमेट वालों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करते हुए 23 वाहन चालकों का चालान भी किया गया।

अभी 3 दिन पूर्व भी एआरटीओ श्यामलाल एवं पीटीओ राम सुमेर यादव के द्वारा शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में ÷नो हेलमेट नो फ्यूल÷ अभियान के अंतर्गत गहन चेकिंग करते हुए सभी पेट्रोल पंपों के संचालकों को हिदायत देने के साथ-साथ उपस्थित दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता के बारे में बताया गया और बिना हेलमेट के किसी को भी तेल न दिया जाए इसके लिए शक्त हिदायत भी दी गई थी।एआरटीओ शंकर लाल एवं पीटीओ राम सुमेर यादव के द्वारा सभी को हिदायत देते हुए जानकारी प्रदान की कि सुरक्षा मानकों को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षा कवच का प्रयोग सुनिश्चित करें और प्रदेश में होने वाली घटनाओं को कम करने पर अपना सहयोग प्रदान करें ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।यह अभियान निरंतर जारी रहेगा कृपया हम सभी को अपना सहयोग प्रदान कर अपना जीवन सुरक्षित करें।

# बुआ के घर आए किशोर की गोली लगने से मौत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

बुआ के घर आए किशोरवय छात्र की कमरे के अंदर संदिग्ध स्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फील्ड यूनिट को घटना से जुड़े सभी तथ्यों को उजागर करने के निर्देश दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरिया चरणदासी गांव के निवासी शिवनरेश मिश्रा के यहां जल विहार उत्सव का आयोजन था। जिसमें बीते गुरुवार को शामिल होने के लिए कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मैनहाई गांव स्थित उसकी ससुराल से शिवनरेश के साले का बेटा रविकांत पाण्डेय (14) अपनी मां के साथ सेमरिया चरणदासी आया था। यहां बीते गुरुवार को जल विहार उत्सव सम्पन्न होने के बाद शुक्रवार को रविकांत पाण्डेय अपने फुफेरे भाई के साथ एक कमरे में था। सबेरे लगभग 10 बजे कमरे के अंदर से धमाके की तेज आवाज होने पर घर के सदस्य भागकर वहां पहुंचे तो देखा कि रविकांत जमीन पर पड़ा हुआ है और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से पूरा चेहरा रक्तरंजित हो चुका था। परिजन उसे लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने रविकांत को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर पुलिस टीम के साथ एसपी अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

### आज ग्रामोदय में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में छह सितम्बर शनिवार को तीन बजे से कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में स्पीक मैके नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बनारस की सुप्रसिद्ध सितार वादक श्रावणी विश्वास का सितार वादन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विरासत से जुड़ने तथा कला के प्रति लोगों को उत्साहित करना है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ विवेक फड़नीस ने संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### तमंचा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट-** जनपद में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान व उनकी टीम आरक्षी प्रकाश मिश्रा, लवकुश यादव, चंदन विश्वकर्मा व आरक्षी चालक विमलेश द्वारा आरोपी प्रशान्त चतुर्वेदी निवासी देविन टोला कस्बा व थाना राजापुर को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर व थाना मंझनपुर में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज है।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट-** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं ब्रिकी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाने के उपनिरीक्षक अनिल कुमार व उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव द्वारा आरोपी बुद्धिलाल कोल निवासी अहिरनपुर दबवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सीएम योगी के कार्यक्रम का दिखाया गया सजीव प्रसारण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन सभागार में शुक्रवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुए शिक्षक सम्मान समारोह एवं विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के रामनगर के विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक शिवभूषण त्रिपाठी को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। इस दौरान जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता व बीएसए द्वारा निपुण विद्यालय के कार्यक्रम में उपास्थित शिक्षकों कप्तान सिंह बनकट विद्यालय, संगीता सिंह बन्धवइन, नीलिमा देवी कंठीपुर, बीरेन्द्र सिंह बगलई, कृष्ण सिंह सोनेपुर, बृजेश सिंह दुबारी, संतोष कुमार बरवारा को सम्मानित किया गया।

इस मौके शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला, कुलदीप कुमार सिंह, इंद्रेश श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैनिक सम्मलेन में एसपी ने सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस लाइन में चल रहे आरटीसी प्रशिक्षण के रिक्रूट आरक्षियों के साथ शुक्रवार को कान्हा सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रिक्रूट आरक्षियों से उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। सैनिक सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और संवैधानिक मूल्यों का पालन करने के साथ एक कुशल और समर्पित पुलिसकर्मी बनने की सलाह दी। इस दौरान एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के आवास, मेस, पेयजल, स्नानागार, शौचालय आदि में समुचित व्यवस्था कराने तथा नियमित साफ सफाई कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, आरटीसी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हर बच्चे की सोच बालक एकलव्य जैसी होनी चाहिए: संत कुमार गुप्ता




जन एक्सप्रेस । बांदा

शुक्रवार को इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता, डा0जगदीश चंसौरिया, राजेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार राज, संतोष मसुरिहा, रामलखन कुशवाहा, अध्यक्षा मीना गुप्ता, दीपिका गुप्ता, सौदामिनी, डा0 मनीष कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता ने क्रमशः मां सरस्वती, डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन व संत तुलसीदास जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

विद्यालय के सिल्वर जुबली साल में शिक्षक दिवस पर संगीतमय लघु रामकथा कथा वाचक रितंभरा जी के द्वारा प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर शिक्षकों की सहभागिता में अधूरी दोहा-चौपाई सहित अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित हुयी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित डायरेक्टर जगनायक यादव व उप प्रधानाचार्य डा0रिंकू सिंह ने शिक्षकों की अहम भूमिका बताते हुए उन्हें शिक्षा कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता ने महान शिक्षाविद् सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के सम्मानित शुभ अवसर पर शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हर बच्चे के अन्दर सोंच व कर्म बालक एकलव्य जैसे होने चाहिए।अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये उसका निरंतर प्रयास रहना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाचार्या रीना ओमर, श्वेता गुप्ता व सरोज गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्र प्रमुख मृदुल शुक्ला व छात्रा प्रमुख अनुष्का सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में वैष्णवी गुप्ता पलक व संस्कृति गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। अन्त में समस्त शिक्षकों को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया तथा आये हुए अतिथिगणों का आभार प्रकट किया।

## पुलिस ने एक किलो 450 ग्राम अवैध गांजे के साथ तस्कर को दबोचा

**जन एक्स्प्रेस/हमीरपुर।** अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत राठ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक किलो 450 ग्राम अवैध गांजे के साथ तस्कर भूपेन्द्र पुत्र मूलचन्द्र पासवान को पनवाड़ी से औड़ेरा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार कर राठ कोतवाली में मु0अ0सं0 394/25 धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। पूंछताछ के दौरान पकड़े गये 18 वर्षीय तस्कर ने पुलिस को बताया कि वो राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटायल का रहने वाला है और उसका नाम भूपेन्द्र पासवान पुत्र मूलचन्द पासवान है। पुलिस ने तलाशी के दौरान तस्कर के पास से एक किलो 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई गौरव शुक्ल, कांस्टेबल योगेश प्रताप सिंह सहित कांस्टेबल प्रताप भान शामिल रहे।

# प्रभु श्रीकृष्ण की जलविहार भव्य शोभायात्रा ने किया नगर भ्रमण

जन एक्सप्रेस । बांदा



शुक्रवार को कार्यक्रम संयोजक अमित सेठ भोलू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की बावन द्वादशी के पावन पर्व परआज राम जानकी मोदी मंदिर (फूटा कुआं) राधा कृष्ण मंदिर (छोटी बाजार) से भगवान श्रीकृष्ण की जलविहार शोभायात्रा (फूल डोल) की भव्य शोभा यात्रा ने रिमझिम बारिश की फुआर के बीच नगर भ्रमण किया जिसमें सभी भक्तजन शामिल हुए आज का दिन सबसे सौभाग्यशाली होता है कि हम रोज भगवान के मंदिर में उनके दर्शन करने जाते हैं आज भगवान स्वयं अपने मंदिर से निकाल कर भक्तों को दर्शन देते हैं शोभा यात्रा का जगह-जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कार्यक्रम का आयोजन गहोई व ओमर वैश्य समाज द्वाराकिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भुवनेंद्र रावत, नीरज रावत, राहुल ओमर, अंकित बासु, राजकुमार राज, चंद्र मोहन बेदी, रजत सेठ, नईम नेता, मनीष गुप्ता, अमित साहू, आशीष गुप्ता, निखिल बुंदेली, राहुल ददरिया, लोकेश ओमर, अशोक कुमार ओमर, शांतनु ओमर, केशव ददरिया, अमित छावला, आलोक सेठ, निशांत खैरा, शंकर लाल रूसिया, अजय रावत, सुरेश ओमर, शैलेंद्र वर्मा, यशराज, सुरेंद्र रावत, मनोज नगरिया, संयोजक अमित सेठ भोलू सहित सभी भक्तगण शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# एकल शिक्षा अभियान के माध्यम से शिक्षा और संस्कार की दिशा में करेंगे काम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




भारत के महान शिक्षक एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिला मुख्यालय के बेड़ी पुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान छात्रा अदिति, नैन्शी, सोमी, अंशिका व छात्र मयंक द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमे छात्रा सोमी पाण्डेय के व्यक्तव्य से प्रभावित होकर डॉ प्रमिला मिश्रा ने 500 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। कक्षा नौ के छात्र विनीत कुमार ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्वहस्त निर्मित पोस्टर प्रधानाचार्य राधवेन्द्र पाण्डेय को भेंट किया। विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकांत मिश्रा ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वन्दे मातरम भी गाया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री राजेश्वरी मिश्रा, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रबन्धिका डॉ प्रमिला मिश्रा, मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार सद्गुरु शिक्षा समिति एवं श्री स्दगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में 150 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन ने एक शिक्षक का छात्र के जीवन में महत्व एवं उनके योगदान को रेखांकित किया। ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने शिक्षक को आधुनिक तकनीक एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए कहा ताकि वह विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना सके। डॉ ईलेश जैन ने कहा कि शिक्षक समाज की नई पीढ़ी को गढ़ने की क्षमता रखते हैं और राष्ट्र के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।



**हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया: ट्रंप**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आशंका जताई है कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। वहीं, भारतीय विदेश... पढ़ें पेज 12 पर...

# मेरी गाड़ी का आठ लाख का चालान कर दिया... अखिलेश यादव बोले, वसूली कर रही है पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये सरकार जनता से वसूली कर रही है। सुविधाएं नहीं दे रही है लेकिन जमकर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का ओवर स्पीडिंग के कारण आठ लाख रुपये का चालान कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं। पुलिस पैसा वसूल रही है। सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है वो चलने की हालत में नहीं है। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ में सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जीएसटी की दरों में बदलाव पर कहा कि ये सब चुनाव को देखकर किया गया है। मुनाफाखोरी कम नहीं हो रही है। ट्रंप के टैरिफ ने भाजपा के लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया है। मेक इन इंडिया की बात करने वाले लोग हमारे बाजारों में चीन का माल भर दे रहे हैं। चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगा।

### वोट चोरी को लेकर बोले, जुगाड़ आयोग कर रहा खेल

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा कि जुगाड़ आयोग भाजपा के लिए वोटों का इंतजाम कर रहा है। अब उनकी चोरी पकड़ी जा चुकी है। ये लोग देश के साथ धोखा कर रहे हैं। जब जुगाड़ आयोग ही धोखा करे तो लोग कहां जाएं। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा सरकार के अब गिनती के दिन ही बचे हैं। ये जल्दी ही जाने वाले हैं। कहा कि प्रधानी के चुनाव में बिल्कुल भी वोट चोरी नहीं हो पाएगी।

### छात्रों पर लाठचार्ज को बताया अपमानजनक

अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज किया जाना अपमानजनक है। इस सरकार में सभी लोग दुखी हैं। हर जगह भ्रष्टाचार और वसूली हो रही है।

# 'राज्य सूचना आयुक्त' ने शिक्षक दिवस पर सफलता समारोह का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



शिक्षक दिवस के अवसर पर बैरोन्ज़ लर्निंग एकेडमी ने कौशल विकास के विद्यार्थियों की सफलता पर समारोह का आयोजन गोमती नगर के नक्षत्र लॉन में किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डा दिलीप अग्निहोत्री एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय रमा शंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गणेश वंदना के उपरान्त मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का अभिनंदन बैरोन्ज़ लर्निंग एकेडमी के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर व समारोह के आयोजक पुष्पेंद द्विवेदी ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डा दिलीप अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए भारत की विलक्षण गुरु शिष्य परम्परा का उल्लेख किया। कहा कि प्राचीन भारत के गुरुकुल शिक्षा के साथ ही अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। यहां से ज्ञान विज्ञान की इस परम्परा ने ही भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन किया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के आने तक भारत के सभी गांवों में पूर्ण साक्षरता थी। इस तथ्य का उल्लेख उनके द्वारा बनाई गई समिति की रिपोर्ट में हुआ था। मैकाले की शिक्षा नीति ने भारत के इस गौरव को विकृत किया। नई शिक्षा नीति से आशा नि नई किरण जागृत हुई है। राज्य सूचना आयुक्त ने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति में ज्ञान कौशल और राष्ट्रीय स्वाभिमान की झलक दिखाई देती है। कौशल विकास से विद्यार्थियों की योग्यता और क्षमता बढ़ती है। समारोह के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय रमा शंकर सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य है, इसलिए युवाओं को सशक्त बनाने के लिए रोजगार के अवसर सृजन करने की अवश्यता है। कौशल विकास से विद्यार्थियों का सामाजिक और आर्थिक विकास दोनों होते हैं। आजके युवा को नौकरी तलाशने वाला नहीं बल्कि नौकरी सृजित करने वाला बनना चाहिए। जिससे अपनी और देश की प्रगति हो। समारोह के आयोजक बैरोन्ज़ लर्निंग एकेडमी के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर पुष्पेंद द्विवेदी ने बताया कि कैसे उन्होंने आज से 3 साल पहले एकेडमी की शुरुआत 3 विद्यार्थियों से की थी और आज 3 साल के उपरान्त 300 से अधिक विद्यार्थियों को कौशल विकास की शिक्षा दे रहे हैं। पुष्पेंद्र ने कहा कि कौशल विकास से व्यक्तिगत विकास होता है साथ ही रोजगार क्षमता में वृद्धि होती है। समारोह में कौशल विकास के 300 से अधिक विद्यार्थियों को राज्य सूचना आयुक्त ने प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह का सफल संचालन शुभम तिवारी एवं मेहविश फातिमा द्वारा किया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा किया गए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संघ के सहयोगी संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच अवध प्रांत के महामंत्री एड प्रभात अग्निहोत्री, भाजपा अवध क्षेत्र आईटी सह संयोजक सिद्धार्थ तिवारी, दिनेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, शुभांशु, कृतिका शर्मा, अवनीश सिंह, राघवेंद्र पाण्डेय, प्रीति वर्मा, आस्था शुक्ला, सुशील सिंह, करण कुशवाहा, दृष्टि स्थान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 14वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु उत्तर प्रदेश टीम घोषित



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 8 से 11 सितम्बर तक आयोजित होने जा रही 14वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की 35 सदस्यीय टीम प्रतिभाग करेगी। टीम का चयन ट्रायल बाज अकैडमी, बालागंज में संपन्न हुआ। पूर्वी विधानसभा विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने गोमती नगर मिनी स्टेडियम में चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित की और उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। एशिया वोवीनाम महासचिव प्रवीण गर्ग, साउथ एशिया अध्यक्ष विष्णु सहाय, उप क्रीड़ा अधिकारी लखनऊ, रंजीत राज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश टीम में शामिल खिलाड़ी निम्न हैं ~ मानस मिश्रा, ईशान वर्मा, गुलशन राज, अनंत तिवारी, कृष्णा नगर, विवेक राय, विनायक सिंह, आर्यन चतुर्वेदी, हर्षित पाठक, आराध्या यादव, आन्या यादव, मानस यादव, अन्वी यादव, श्रेयांश पांडेय, अमृतांश सिंह, इशिका कश्यप, समिष्ठा साहू, अनीकेत कुमार सिंह, आकाश सिंह, आराध्या सिंह, सनी, ज्योति, हनन जिलानी, निखिल रावत, अभिषेक पाल, यते शुक्ला, लघिमा शुक्ला और लकी सिंह गौतम। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगामी 1 से 8 नवम्बर तक बाली, इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली 8वीं वर्ल्ड वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों से लगभग 700 खिलाड़ी किड्स, सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में 6 वर्ष से 35 वर्ष आयु वर्ग तक के प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ी 56 भार वर्गों में फाइट मुकाबलों के साथ-साथ प्रदर्शनकारी विधाओं में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# इटौंजा महोना अमानीगंज में मनाया गया बारावफात, पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी इटौंजा महोना अमानीगंज माल मलिहाबाद क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। वहीं बीकेटी इटौंजा महोना अमानीगंज माल मलिहाबाद ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह जुलूस निकाले जा रहे थे और मस्जिदों में विशेष प्रार्थनाएं की जा रही थी। लोग पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं को याद करते दिखाई दिए, खुशियों के साथ मनाया गया। महोना नगर पंचायत अध्यक्ष जिया उर रहमान ने बताया कि इस दिन को लोग खुशियों के साथ मनाते हैं और पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं को याद करते हैं और बड़े ही उत्साह के साथ जगह-जगह जुलूस निकाला जाता है और मस्जिदों में विशेष प्रार्थनाएं भी किया गया हैं। वही इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के नेतृत्व में पुलिस सड़क पर उतरकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था दिखाई दी और पुलिस के दरोगा सिपाही की कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस संपन्न हुआ।

# रहीमाबाद में धूमधाम से निकला गया जुलूसे मोहम्मदी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ पैगंबर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर पूरे कस्बे में धूमधाम से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। बताते चले कि मलिहाबाद और रहीमाबाद कस्बे में शुक्रवार को निकाले गए जुलूस में काबा, मस्जिद-ए-नबी और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। जुलूस हर साल की तरह इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से बाकी नगर की मस्जिद रहीमाबाद मस्जिद रहीमाबाद चौराहा से कस्बा होकर निकला। अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ जुलूस बड़े चौराहे पर पहुंचा। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए और पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक जुलूस संपन्न हो गया।

## विनोद कुमार यादव बने समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने संगठन में नई जिम्मेदारी सौंपते हुए विनोद कुमार यादव को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर की गई है। विनोद कुमार यादव, श्री विश्राम यादव के पुत्र हैं और रायबरेली जनपद के ग्राम मऊ पोस्ट भीतरगाँव के निवासी हैं। पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताया है कि विनोद कुमार यादव संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

# तेज रफ्तार ईट से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने व्यक्ति को रौंदा, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

- परिजनों व ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन हंगामा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन के सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार सुबह 7~30 बजे रामस्वरूप उम्र 48 वर्ष अपनी पत्नी गीता के साथ कही जा रहे थे, तभी तरहिया से मुबारकपुर जाने वाली पक्की रोड पर नटवीर बाबा के स्थान पास तेज़ गति से पीछे से आ रहें ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली चालक ने रामस्वरूप पुत्र स्व महावीर निवासी कमलाबाद बढ़ौली थाना सैरपुर को जोरदार टक्कर मार दी। रामस्वरूप घायल होकर स्कूटी लेकर गिर पड़े उनके साथ उनकी पत्नी भी घायल हो गई। इलाज के लिए रामस्वरूप को जानकीपुरम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही रामस्वरूप की मौत हो गई और पत्नी गीता के पैर में चोट आई है। वहीं बेटे आयुष गौतम ने बताया कि सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तरहिया से मुबारकपुर जाने वाली सड़क पर नटबीर बाबा के स्थान के पास सुबह 7~30 बजे तेज रफ्तार ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने मेरे पिता रामस्वरूप की स्कूटी पर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, ग्रामीण व पुलिस की मदद से इलाज के लिए घायल रामस्वरूप को जानकीपुरम स्थिति अस्पताल ले जाया गया, जहां रामस्वरूप को डॉक्टर ने मृत्य घोषित कर दिया। वही आयुष गौतम ने बताया कि शिकायत थाने में देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। इसी दौरान दोपहर बाद नाराज़ व गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर सीतापुर रोड को जाम हंगामा कर प्रदर्शन किया। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि, पुलिस ने शिकायत के बाद भी एफआईआर नहीं दर्ज की। वहीं प्रदर्शन के चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया और मौके पर एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रहीं। परिजनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दबंग के हौसले बुलंद, थाने पर शिकायत करने जा रहे व्यक्ति को रास्ते में रोक कर की मारपीट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना में दबंगों द्वारा मारपीट की शिकायत करने गए पीड़ितों को पुलिस के सामने जान से मारने की दी धमकी। वहीं महोना चौकी से शिकायत इटौंजा थाना में दर्ज कराने जा रहे पीडितो को बीच रास्ते में रोककर मारपीट किया।पीड़ित ने बताया कि महोना पुलिस चौकी इंचार्ज रविन्द्र पाल की मौजूदगी में शिकायत करने गए पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए चौकी से भगा दिया?। प्राप्त जानकारी के महोना नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2 कटरा मोहल्ला निवासी सनी उर्फ विनय प्रताप पुत्र राज किशोर ने बीते बुधवार को क्षेत्र के कल्लू यादव पुत्र बाबूलाल राकेश पुत्र अज्ञात मुक्की यादव काके व मनीष पुत्र अज्ञात द्वारा दबंगई को लेकर पीड़ित अपने पिता राज किशोर के साथ महोना चौकी पर शिकायत दर्ज करने पहुंचा था। वही दबंगों द्वारा रास्ते में घेर कर पीड़ित और उसके पिता को मारापीटा, जहां लोगों ने बीचबराव कर दिया। वहीं चौकी पर पहुंचने दबंगों ने मौजूद चौकी प्रभारी के सामने पीड़ितों को जान से मारने के धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस मूकदर्शक बनी रही, जहां चौकी प्रभारी द्वारा उन्हें इटौंजा थाने में तहरीर देने के लिए भेजा गया रास्ते में फिर दबंगों ने उन्हें मारपीट कर भगाने का प्रयास किया। जिसको लेकर पीड़ितों ने शुक्रवार को एसीपी बीकेटी से लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जहां उनका आरोप है कि, इटौंजा थाना पुलिस दबंग के सामने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसीपी बीकेटी से न्याय की गुहार लगाईं है।

## ओमप्रकाश राजभर को विद्यार्थी परिषद का लीगल नोटिस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में छात्रों पर लाठीचार्ज प्रकरण के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर गुंडा कहने के बाद, उनके आवास बवाल हुआ और उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है।ओमप्रकाश राजभर को कानूनी नोटिस एबीवीपी कार्यकर्ता आदर्श तिवारी ने अपने वकील सिद्धार्थ शंकर दुबे के माध्यम से भेजा है। राजभर को नोटिस में कहा गया है कि अगर अगले 5 दिनों के भीतर इस बयान के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते हैं।

# प्रतापगढ़ के मंदिरों, धामों और बौद्ध स्थलों का होगा पर्यटन विकास: जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। प्रतापगढ़ जिले के लिए लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के तहत जिले के प्रमुख मंदिरों, धामों और बौद्ध स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विस्तार और विकास किया जाएगा। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराना है। परियोजनाओं से प्रतापगढ़ जनपद की धार्मिक आस्था से जुड़ी धरोहरों को नया स्वरूप मिलेगा। इससे क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। प्रतापगढ़ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला केंद्र बन सकेगा।पर्यटन विभाग ने प्रतापगढ़ में कई प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। नगर पालिका बेल्हा, रंजितपुर चिलबिला स्थित सुगता नन्द बौद्ध बिहार, वार्ड संख्या-8 जगापुर स्थित राम जानकी मंदिर, ग्राम सभा बुआपुर रूपपुर, विकासखंड मान्धाता स्थित बौद्ध बिहार, विकासखंड सांगीपुर स्थित बाबा घुईसरनाथ धाम, ग्राम सर्वजीत ब्लॉक व तहसील पट्टी स्थित मां दुर्गा मंदिर, ग्राम पंचायत नौबस्ता ब्लाक कुण्डा स्थित नरसिंह धाम मंदिर गंगा तट, ग्राम पंचायत शाहपुर ब्लाक कुण्डा स्थित बाबा अवधेश्वरनाथ धाम मंदिर गंगा तट तथा नगर पंचायत मानिकपुर स्थित मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ शामिल हैं। प्रत्येक धार्मिक स्थल के पर्यटन विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखते हुए उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। प्रतापगढ़ में 8 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य शुरू किए जाएंगे, जिनसे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नई सुविधाएं और आकर्षण मिलेंगे। परियोजनाओं के तहत गंगा तट के धामों, प्राचीन बौद्ध विहारों और मंदिरों का विकास इस तरह किया जाएगा कि आस्था, परंपरा और आधुनिकता का संगम दिखाई दे। इन प्रयासों से पर्यटन को नई गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि प्रतापगढ़ में शुरू की जा रही पर्यटन विकास परियोजनाएं प्रदेश सरकार की उस नीति का हिस्सा हैं।

# शिक्षक, ज्ञान के दीपक और राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- डॉ. राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षा और संस्कार का संकल्प
- उपमुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित
- छात्रों का भविष्य बनाने एवं देश के विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज प्रयागराज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उपमुख्यमंत्री ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 513 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत विशेष और प्रेरणादायी है। 5 सितम्बर को हम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन हमें शिक्षा के महत्व, गुरुजनों के आदर्श और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण कराता है।भारत की संस्कृति में गुरु को गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः के रूप में पूजनीय स्थान दिया गया है। वास्तव में शिक्षक ही वह व्यक्तित्व हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।भावी पीढ़ी के जीवन की दिशा शिक्षक गौतय करते हैं। जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार शिक्षक स्वयं कठिनाइयों का सामना कर समाज और देश को उज्ज्वल भविष्य प्रदान करते हैं।आज प्रदेश और देश तेजी से विकास कर रहा है। विकसित भारतः विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने में शिक्षा व शिक्षको की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार का पूरा प्रयास है कि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। नई शिक्षा नीति के माध्यम से हमने परम्परागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक का समन्वय किया है,ताकि आने वाली पीढ़ी आत्मनिर्भर और राष्ट्रनिर्माण में सक्षम हो सके।

हमारे शिक्षक समाज सुधारक हैं। वे केवल पढ़ाई ही नहीं कराते बल्कि संस्कार, मूल्य, अनुशासन और चरित्र निर्माण का कार्य भी करते हैं। यही कारण है कि हर महान व्यक्तित्व के पीछे एक महान शिक्षक होता है। आज शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर मैं अपने जीवन के सभी गुरुजनों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ। प्रदेश के प्रत्येक शिक्षक को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि सरकार सदैव आपके सम्मान, हित और सुविधा के लिए कटिबद्ध है।आइए हम सब मिलकर संकल्प लें कि शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन न मानकर राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाएँगे। तभी हमारे शिक्षकों का परिश्रम सार्थक होगा और हमारा उत्तर प्रदेश, हमारा भारत विश्वगुरु के रूप में पुनः स्थापित होगा। आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्बोधन में कहा कि गुरू का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को शिक्षा के क्षेत्र में पूरब का ऑक्सफोर्ड कहा गया है। प्रयागराज को शिक्षा के हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को उभारने की फैक्ट्री कहा गया है। कोई भी देश शिक्षा के बिना उन्नति नहीं कर सकता है और शिक्षा की मजबूत नीव डालने का काम आप शिक्षकों के द्वारा किया जाता है। सरकार के द्वारा नकल माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आज हमारा मुकाबला देश के अलग-अलग प्रदेशो से नहीं है, बल्कि हमारा मुकाबला दुनिया के टॉप देशो के साथ है। गुरूजनों को प्रणाम करते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में आपकी शिक्षा व आर्शीवाद के कारण हमारे देश की प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का काम किया है। आज अंतरिक्ष की बात हो, तो वहां भी भारत का तिरंगा फहरा रहा है। उन्होंने कहा कि धरती पर तो भारत की जय-जयकार हो ही रही है। धरती के अतिरिक्त अंतरिक्ष में भी हमारे वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का कार्य किया है।

# दांत फिट तो हर भोजन 'स्वादिष्ट'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मानव जीवन में दांतों का बहुत ही अहम रोल है। दांत फिट तो हर खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट और फायदेमंद है वर्ना खाने से पहले ही तकलीफ का आभास होने लगता है।इसलिए शरीर के खास अंग दांतों की नियमित देखभाल जरूरी है। आर्थोडॉन्टिस्ट डॉ स्वाती गुप्ता का दावा है कि दांतों में सड़न आम शिकायत बन रही है जिससे बचाव के लिए रोजाना दो बार ब्रश करना काफी है बशर्ते डॉक्टर की सलाह सही तरीके से अमल में लायें, उनका यह कहना है कि हर छह महीने में एक बार दांतों का डॉक्टर से चेकअप अवश्य कराना चाहिए।नरायन मेडिकल एंड डेंटल सेंटर लखनऊ की संचालिका डॉ स्वाती कहती है कि प्लाक में मौजूद बैक्टीरिया एसिड उत्पन्न करते हैं जो इनेमल को नुकसान पहुँचा सकते हैं और कैविटी का कारण बन सकते हैं। ब्रश करने और दांतों को फ्लॉस करने से सड़न को रोका जा सकता है, लेकिन कैविटी हो जाने पर दंत चिकित्सक को उसे फिलिंग से ठीक करना चाहिए।स्वस्थ दांत और मसूड़े उम्र बढ़ने के साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों का आनंद लेना आसान बनाते हैं। हर उम्र के लोग दंत स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते हैं, लेकिन मौखिक स्वास्थ्य अनुसंधान में प्रगति के कारण, आज के वृद्ध लोग पिछली पीढ़ियों की तुलना में अपने प्राकृतिक दांतों को लंबे समय तक बनाए रख रहे हैं।

# समितियों पर यूरिया खाद गायब, किसानों में रोष

## धान की फसल चरम पर, महंगे दामों पर बाजार से खरीदने को किसान मजबूर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




धान की खेती के महत्वपूर्ण समय में जिले के किसानों को यूरिया खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। साधन सहकारी समितियों पर खाद नदारद होने से किसान परेशान हैं। मजबूरी में उन्हें निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रमुख साधन सहकारी समितियां फूला, टेड़ई, राजापुर, पन्हौना और सेमरौता आदि पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। समितियों के प्रभारी खाद न होने का हवाला देकर किसानों को वापस भेज रहे हैं। किसानों का आरोप है कि समितियों में खाद न मिलने से निजी उर्वरक विक्रेताओं को सीधा फायदा हो रहा है। बाजार में यूरिया खुलेआम तय कीमत से अधिक दामों पर बेची जा रही है। किसानों ने कहा कि जिस बैग की कीमत उन्हें सरकारी समितियों पर उचित दर में मिलनी चाहिए, वहीं उन्हें बाजार से अधिक कीमत पर खरीदना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति और फसल उत्पादन दोनों पर पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समितियों पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो उनकी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। और धान की फसलें प्रभावित होंगी। इस संबंध में जिला सहायक आयुक्त ने कहा कि जनपद में जो रैक आई हैं, उसे समितियों पर भेजा जा रहा है। बहुत जल्द सभी साधन सहकारी समितियों पर यूरिया खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। फिलहाल किसान जिला प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि समय रहते खाद की समस्या दूर हो, ताकि उनकी फसल सुरक्षित रह सके और लागत पर बढ़ता बोझ कम हो।

### डी ए वी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शुक्रवार को एन.टी.पी.सी. ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में विद्यालय की प्रधानाचार्या लता सिंह रहीं। विद्यालय के बच्चो ने मंगलाचरण के साथ मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने रैंप वॉक में जलवे बिखेरते हुए सभी को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# किसान की संदिग्ध मौत, खाद डालने गए 50 वर्षीय किसान का खेत में मिला शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के जमुवारी गांव में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। खेत में खाद डालने गए 50 वर्षीय किसान कुंवर बहादुर सिंह का शव शुक्रवार सुबह उनके घर से करीब 200 मीटर दूर धान के खेत में बरामद हुआ। परिजनों का कहना है कि कुंवर बहादुर शाम को खेत में गए थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने रात में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मृतक की भाभी उर्मिला सिंह ने आरोप लगाया कि कुंवर बहादुर की पेट्रोल डालकर हत्या की गई है। वहीं उनके भाई समर बहादुर सिंह ने कहा कि जिस खेत में शव मिला,वहां रात में खोजबीन की गई थी,लेकिन शव नहीं मिला।उनका आरोप है कि गांव में पुरानी दुश्मनी के चलते हत्या कर शव को खेत में फेंका गया।

ग्रामीणों के अनुसार शव पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले पर मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि रात करीब 3 बजे परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी,जिसके आधार पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया। सुबह खेत में शव मिलने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ईद मिलादुन्नबी पर जश्न-ए-ईद मिलाद मस्जिदों से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी,

## गलियां सजीं रंग-बिरंगी रोशनियों से, अमन और मोहब्बत का पैग़ाम

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



तिलोई तहसील के ग्राम पंचायत सेमरौता में ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में सजावट का दौर चला और शाम होते ही पूरा इलाका रंग-बिरंगी रोशनियों और झालरों से जगमगा उठा। बड़ी मस्जिद से जुलूस-ए- मोहम्मदी निकाला गया, जो ईदगाह तक पहुंचा। इस दौरान नात-ए-रसूल पढ़ी गई और जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तक़बाल किया। गलियों और मोहल्लों में लगे बैनरों पर अमन, भाईचारे और मोहब्बत का पैग़ाम लिखा था। राज भवन सेमरौता के कुंवर अविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 12 रबीउल अव्वल सिर्फ जश्न का दिन नहीं, बल्कि आपसी मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैग़ाम देने का दिन है। उन्होंने कहा कि सेमरौता ग्राम पंचायत हमेशा से हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल रहा है। जुलूस-ए-मोहम्मदी और जश्न-ए-मिलाद में जिला पंचायत सदस्य दिनेश जायसवाल, जाहिर अहमद कुरैशी, मौलाना दिलशाद, मुर्तजा समेत सैकड़ों अकीदतमंद शामिल रहे।

### आईजीआरएस निस्तारण में जिले को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान अगस्त माह की जारी की गई रैंकिंग

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** अगस्त माह में जनता द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायतों के निस्तारण में जिले को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है , मेरे द्वारा प्रतिदिन आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की जाती है एवं शिकायतकर्ताओं से शिकायत की वास्तविक निस्तारण का फीडबैक भी लिया जाता हैं तथा इस संबंध में निरंतर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए जाते हैं। डीएम ने आईजीआरएस पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में बेहतर प्रयास पर समस्त विभागों के अधिकारियों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि जनमानस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सर्वोच्च प्राथमिकता है, समस्त अधिकारी प्रतिदिन स्वयं आईजीआरएस पोर्टल को देखें तथा शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# रामगंज रेलवे स्टेशन के पास मिला अधेड़ का शव

## फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत, पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शुक्रवार सुबह जनपद के रामगंज रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ।शव की पहचान पवारिया अग्रेसर गांव निवासी 45 वर्षीय रामबहाल पुत्र रामसुख के रूप में हुई।सुबह टहलने निकले राहगीरों ने सबसे पहले शव को देखा।देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही सीओ मनोज मिश्रा,डायल 112 की टीम और रामगंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।टीम ने आसपास की झाड़ियों जमीन और शव के पास मौजूद वस्तुओं का बारीकी से निरीक्षण किया।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।इस बीच मृतक की पहचान होने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक गुरुवार देर शाम तक गांव में मौजूद था। इसके बाद से वह अचानक लापता हो गया था।अगली सुबह उसका शव रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।रामगंज थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।इधर मृतक के परिजन घटना से सदमे में हैं। वे किसी तरह की आशंका जता रहे हैं,लेकिन अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान दर्ज नहीं कराया गया है।पुलिस का कहना है,कि जांच में किसी भी बिंदु को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा।और जल्द ही मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी।इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले को सुलझाने में जुटी हुई है।

### सर्वोच्च न्यायालय के 18 पूर्व जजों ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर जतायी आपत्ति

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व डीजीसी (फौ0) एवं समाजवादी चिंतक दादा ओपी यादव ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की मोदी सरकार में सुप्रिम कोर्ट के फैसलों की समीक्षा तड़ीपार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के रहस्यमय तरीके से दिए गए पद से त्याग-पत्र के बाद देश में उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। इस चुनाव में इन्डिया गठबन्धन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के सुदर्शन रेड्डी हैं, जो मा. सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति हैं। के सुदर्शन रेड्डी के चुनाव मैदान में आने से एनडीए को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है, क्योंकि आंध्र-प्रदेश के मुख्यमन्त्री चन्द्रबाबू नायडू और इंडिया गठबन्धन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के सुदर्शन रेड्डी आपस में गहरे मित्र हैं।

# भारत माता योग सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क कराया गया योग: योगाचार्य बृजमोहन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारत माता योग सेवा संस्थान रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक नि:शुल्क योग शिविर प्रातःकाल 5:30 से 6:30 बजे तक शहीद स्मारक सई नदी के मध्य में आयोजित होती है। नर सेवा नारायण सेवा। सेवा में ही वास्तविक शांति और आनंद है। मानव सेवा ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। जहां रहे कुछ अच्छा करते रहे। हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। इन्हीं उद्देश्यों के साथ जनपदवासियों की निरंतर स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा की जा रही है। पहला सुख निरोगी काया। प्रतिदिन यदि कोई भी व्यक्ति ब्रम्हमुहूर्त बेला अमृतबेला के समय शारीरिक मानसिक व्यायाम करता है तो उसकी 80 प्रतिशत बीमारियां दूर चली जाती हैं। और 10 प्रतिशत अच्छा आहार विहार से ठीक किया जा सकता है जैसे मौसमी फल, अंकुरित अनाज, ड्राई फ्रूट, सलाद,फल एवं हरी सब्जियों का जूस, स्वच्छ पानी, उपवास करें। बाकी 10 प्रतिशत बीमारियों का इलाज करवा लीजिए। अध्यात्मिक योगाचार्य बृजमोहन द्वारा नित्य सभी योग साधकों को 13 सूर्य नमस्कार मंत्र सहित सामूहिक अभ्यास कराया जाता है, योगिंग जॉगिंग, दौड़, व्यायाम योग,ताड़ासन वृक्षासन मंडूकासन वज्रासन भुजंगासन त्रिकोणासन नौकासन चक्रासन हलासन अर्ध मत्स्येंद्रासन गोमुखासन तिर्यक आसन, तितलीआसन, ओम का उच्चारण, भस्त्रिका प्राणायम, उज्जयी प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, त्रिबंध (मूलबंध उड्डियान जालंधर), भ्रामरी, शांभवी महामुद्रा, उद्गीत, मौन ध्यान एवं योगनिद्रा, राष्ट्रगान या वन्देमातरम एवं उदघोष में भारत माता की जय, वन्देमातरम, हर हर महादेव एवं वैदिक मंत्रों सहित समस्त विश्व के प्राणिमात्र के लिए शांति पाठ कराया जाता है।संस्था के संरक्षक महेश सिकरिया ने योग शिविर में कहा कि प्रतिदिन योग के अभ्यास से समस्त बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

असंभव को संभव बनाया जा सकता है। भारत माता योग सेवा संस्थान के संस्थापक योगाचार्य बृजमोहन की ओर से सभी जनपदवासियों से अपील की गई है कि नि:शुल्क योग शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करें। योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनाए। करो योग रहो निरोग।

### शिक्षकों ने कहा, एनपीएस की तरह यूपीएस भी है एक धोखा, चाहिए ओपीएस

**जन एक्सप्रेस/**शिक्षकों पर एक के बाद एक थोपे जा रहे सरकारी आदेश, विद्यालय मर्जर सहित पुरानी पेंशन की मांग को लेकर गुरुजनों ने शिक्षक दिवस पर उपवास रखा।

एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आवाह्न एवं अटेवा के प्रदेशीय आवाह्न पर आज शिक्षकों ने विकास भवन, कस्बों व घरों पर उपवास रखा। ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए उपवास रखा। शिक्षकों ने यूपीएस का विरोध करते हुए शिक्षकों ने कहा कि सरकार से हमें न ही एनपीएस चाहिए और न ही यूपीएस चाहिए, हमें सिर्फ और सिर्फ सरकार से अपने बुढ़ापे की लाठी के तौर पर ओपीएस यानि पुरानी पेंशन चाहिए। सैकड़ों गुरुजनों ने सरकार से इस पेंशन को वापस लेते हुए हमारा स्वाभिमान कहीं जाने वाली पुरानी पेंशन दिलाए जाने की मांग की।

# ओवर ब्रिज निर्माण के लिए भूमि पूजन में शामिल हुए विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर नगर में बलरामपुर चौराहे से देवी पाटन मन्दिर जाने वाली सड़क पर से गुजरने वाली रेल लाइन पर स्वीकृत ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू करने हेतु गुरुवार को सेतु निर्माण निगम द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक कैलाश नाथ शुक्ला की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला गोंडा गोरखपुर वाया बढ़नी रेल खंड पर तुलसीपुर में बनने वाले ओवरब्रिज के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि ओवर ब्रिज के निर्माण हो जाने से प्रतिदिन उस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों तथा देवीपाटन मंदिर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं की न केवल यात्रा सुगम हो जायेगी, अपितु आर्थिक रूप से भी उस मार्ग पर से गुजरने वालों को लाभ रहेगा।

विदित हो कि लगभग 600 मीटर पुल निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 9970 लाख रुपए की लागत लगनी है। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि एक वर्ष में पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला महामंत्री विशुन देव गुप्ता, विधानसभा संयोजक शिव प्रसाद यादव, विश्राम सिंह, राम प्रसाद सिंह, सन्तोष कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के शहादत दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देश पर सभी जिलों में भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के शहादत दिवस व शिक्षक दिवस पर ज्योतिबा फुले प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के योगदानों पर चर्चा के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया इसी क्रम में जनपद मुख्यालय स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष बाबू जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि पर उनके संघर्षों और योगदानों की चर्चा किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने बाबू जगदेव प्रसाद के प्रसिद्ध नारे 100 में 90 शोषित है 90 भाग हमारा है। धन, धरती और राजपाट में 90 भाग हमारा है को बुलंद किया। इसके अतिरिक्त प्रदेश सचिव रजनीश मौर्य ने शिक्षक दिवस पर ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख के संघर्षों को याद किया। साथ ही शिक्षा के महत्व को उजागर किया।

विधान सभा अध्यक्ष व शिक्षक जगराम मौर्य ने स्कूल मर्जर के सरकार के निर्णन के खिलाफ अपनी जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन को याद करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया कि हम सभी के संघर्षों से सरकार को स्कूल मर्जर पर झुकना पड़ा और निर्णय को बदलना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान पार्टी ने आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर ज्यादा जोर देने का बात किया इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष राजमान पाल उदय राज मौर्य युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अमित मौर्य वैभव नरेश मौर्य मुकेश मौर्य अजीत मौर्य सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 5 सितम्बर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम नरायन तिवारी, सह निदेशक इं0 आकाश तिवारी एवं कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यपर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने विद्यालय के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम नरायन तिवारी को बैज लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनदंन किया। विद्यालय के कक्षा-नर्सरी से कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं ने प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम नरायन तिवारी, सह निदेशक इं0 आकाश तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं का जल व पुष्प से पैर प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकायें अपने शिष्य के द्वारा पैर प्रच्छालन से भावविभोर हो गये । इस प्रकार सम्मान पाकर उनके आँखों मे आँसू आ गये। इसी क्रम मे विद्यालय के छात्रों ने अपने गुरू के पैर तौलिये से पोछा। विद्यालय के छात्राओं ने अपने गुरूओं का मनमोहक आरती का थाल सजाकर सबकी आरती उतारी एवं रोली टीका किया। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी, कोषाध्यक्षा, उप प्रधानाचार्या सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने समस्त छात्र-छात्राओं को आर्शीवाद दिया। प्रबन्ध निदेशक ने बच्चों को संदेश दिया कि हम 'शिक्षक दिवस' क्यों मनाते है। ये आप सभी को पता है। आज के दिन यानि 5 सितम्बर को हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली



राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वे राष्ट्रपति बनने के पूर्व एक शिक्षक थे। उन्होनें अपना पूरा जीवन दूसरों को मार्गदर्शन प्रदान किया और छात्रों को ज्ञान देकर मार्ग प्रसस्त किया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अभी छात्र है ये ही लोग देश को आगे संभालेंगे। हमें सबसे पहले देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना होगा। हम अपने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर लेते है तो स्वत~ हमारा देश तरक्की करेगा, आगे बढ़ेगा, गरीबी मिटेगी और लोग खुद ब खुद अपने पसंद के अनुसार अपना रोजगार व अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते है। शिक्षक दिवस' के उपलक्ष में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य नर्सरी एवं एल0के0जी0 (गीत-सुक्रिया सुक्रिया) नामक गीत पर हर्षिता, आकृति, रिमिसा कक्षा-1 से (गीत-धन्यवाद शिक्षक) नामक गीत पर श्रद्धा, तुलसी, देवांसी, मोहनी, अविका, मानस, तेजस, सर्वग्य कक्षा-2 से (गीत-माँ का हाथ) नामक गीत पर हलाता, सुशांत, काव्या, दैविक, परिधि, रूद्र श्रीवास्तव, स्तुति, सानवी, प्रखर एवं सिया कक्षा-3 से (गीत- जग घुमेया) नामक गीत पर मोहनी, इशिता, सौम्या, आराध्या, आरव, रूद्राक्ष, कक्षा-4 से (गीत- वी लव यू टीचर) नामक गीत पर आव्या, यशवी, अवन्तिका, श्रद्धा, श्रृष्टि, नितिका, एकता, श्रैया एवं आराध्या कक्षा-5 से (गीत-आशियाना तेरा मेरा) नामक गीत पर काव्या, श्रृष्टि, आकृति, श्रेया, मरियम, मेधावी, सौम्या, सुशांत, तनय, वरसान, मानविक, शिवांस, दक्षेस कक्षा-6 से (गीत- गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु) नामक गीत पर आस्था, आलिया, पलक, डिम्पल, मानवी, शिवानी कक्षा-8 से (गीत-नाचा नाचना) नामक गीत पर आस्था, आराध्या, श्रेयसी, सिमर. आदि छात्र-छात्राओं ने सुन्दर-सुन्दर नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही कक्षा-11 के उत्कर्ष शुक्ला एक कक्षा-8 की नैनसी द्वारा बहुत ही मनमोहक एकल गीत की प्रस्तुति दी।



**सिद्धांत और व्यवहार से ही जीवन पूर्ण बनता है...**

मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के भौतिकी विभाग में शिक्षक दिवस पर एमएससी तृतीय एवं प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर... ▸ शेष पेज 10 पर...

# गंगा घाट में दो किशोर डूबे तीसरे को साड़ी फेंककर बचाया

## गोताखोर लापता किशोरों की तलाश में जुटे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां चकेरी क्षेत्र के तीन किशोर गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। स्नान के दौरान गोविंद खरवार उर्फ सूर्या (14) और कार्तिक सिंह (17) गहरे पानी में डूब गए, जबकि तीसरे किशोर रौनक को मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने साड़ी फेंककर बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, तीनों किशोर दोपहर करीब एक बजे साइकिल से घाट पर पहुंचे थे। गंगा में सबसे पहले रौनक उतरा, लेकिन उसका पैर फिसल गया। उसे बचाने गया सूर्या भी गहराई में चला गया। तीसरे किशोर रौनक ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन खुद भी डूबने लगा।

### पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शुरू किया अभियान

तभी मंदिर के पास खड़े एक स्थानीय व्यक्ति आवाज सुनकर साड़ी फेंककर उसे बाहर निकाला। रौनक ने तुरंत सूर्या के पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी।

परिजनों के पहुंचने पर पुलिस को सूचित किया गया।

महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने गोताखोरों की टीम बुलाकर स्टीमर से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया।

### ड्योढ़ी घाट से नजफगढ़ घाट तक हुई तलाशी

रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक शेखपुर घाट से ड्योढ़ी घाट और नजफगढ़ घाट तक चला, लेकिन दोनों किशोरों का कोई सुराग नहीं मिला। बता दें कि, सूर्या नवीं कक्षा का छात्र था और उसके पिता प्लंबरिंग का कार्य करते हैं। वहीं, कार्तिक सिंह संजीव नगर में अपनी नानी के यहां आया था।

### परिजन रो-रोकर बेहाल

वो आठवीं के बाद से प्राइवेट नौकरी कर रहा था। घर पर उसकी बड़ी बहन रिमझिम है। थाना प्रभारी ने बताया कि अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा है। शनिवार को गोताखोरों की टीम दोबारा तलाश शुरू करेगी। घटना से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

## पैगंबर मोहम्मद के जन्म के 1500 वर्ष पूरे होने पर उमड़ी भीड़



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। पैगंबर मोहम्मद के जन्म के 1500 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह जुलूस विशेष था। इससे पहले गुरुवार को जश्न-ए-चिरागा के तहत पूरा इलाका रोशनी से जगमगा उठा जुलूस कस्बे के गुमटा मोहल्ले से शुरू हुआ। खानजादा और कसौडा मोहल्ले के लोग राष्ट्रीय और धार्मिक झंडों के साथ इसमें शामिल हुए। नगर पालिका चौराहे तक पहुंते-पहुंचते जुलूस का आकार बड़ा हो गया। बीच में हुई बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं



कर सकी। जुलूस ककवन रोड चौराहा और कटरा बाजार, कसौडा से होकर गुजरा। चौबेपुर, शिवराजपुर, मकनपुर, अरौल, गूजेपुर में भी जुलूस निकाले गए। रास्ते में समाजसेवियों ने जगह-जगह जलपान का वितरण किया। मौलवियों ने आयतें पढ़ीं और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। मकनपुर कस्बे में बने अस्थाई गेट और सजावट की चर्चाएं होती रही।

ककवन रोड चौराहे पर शहर काजी न भीड़ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बेटियों और राष्ट्र की रक्षा करना हमारा पहला धर्म है। उन्होंने समाज में जरूरतमंदों की सेवा को प्रथम कर्तव्य बताया। साथ ही लोगों से अराजकता न फैलाने और समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की। पैगंबर मोहम्मद ने पूरी दुनिया में शांति और भाईचारे का संदेश दिया था। उनकी याद में मनाए जाने वाले इस त्योहार की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं।

### काजी अब्दुल शकूर की रखी थी नीव



जश्न-ए-मिलादुज्नबी पर बिल्हौर में जुलूस निकालने की परंपरा लगभग 50 वर्ष पूर्व काजी अब्दुल शकूर ने शुरू की थी। मुजीब खान ने बताया कि इस मौके पर वह अकेले ही कस्बे में झंडा लेकर निकल पड़ते थे और समाज को इकटठा कर आयतें पढते थे। उनके आगे बढ़ते ही लोग उनका मजाक बनाते थे। लेकिन उनके द्वारा शुरू परंपरा ने धीरे-धीरे एक विशाल जुलूस का रूप ले लिया।

### जगह जगह मौजूद रही पुलिस

व्यवस्था में लग रहे वॉलिंटियर। जुलूस के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बेमें जगह-जगह पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। जाम की समस्या से निपटने के लिए रूट डायवर्जन किया गया। कोई अराजकता न फैले डसके लिए आयोजकों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए थे। कार्यक्रम दौरान एसडीएम डॉ संजीव कुमार दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव, थानाध्यक्ष अशोक कुमार सरोज और जनार्दन सिंह, एलआईओ एके सिंह सहित टीम व्यवस्थाओं की मानीटरिंग करते हैं।

# बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने सड़क के निर्माण को लेकर लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



परियर। बाबा बल खंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने जनहित को ध्यान में रखते हुए मुख्य अभियंता विकास लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को एक पत्र के माध्यम से उन्नाव हरदोई मार्ग को बनाए जाने की मांग की है। इस पत्र में समिति के मंत्री अंजनी कुमार पाठक ने मुख्य अभियंता विकास लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ से यह कहां है कि उन्नाव हरदोई मार्ग जो कि पिछले काफी समय से खराब हालत में है। मार्ग पूरी तरीके से टूट गया है जिसके वजह से दिन व रात्रि के समय यात्रियों को निकालने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से टूटे होने की वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती है। वही समिति के अध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि इस मार्ग का निर्माण समाजवादी पार्टी सरकार के समय में कराया गया था। जिसके बाद से सड़क के टूटने पर कई बार पैच वर्क कराया गया लेकिन सड़क के मरम्मत ठीक से नहीं हुई। वर्तमान समय में सड़क की हालत अत्यधिक खराब है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस सड़क का निर्माण जल्दी ही नहीं कराया गया तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# आईआईटी की मदद से शहर में खुला पहला एआई स्कूल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में छात्रों को तकनीक रूप से दक्ष करने के उद्देश्य से पहला एआई स्कूल खोला गया है।

आईआईटी कानपुर की मदद से स्थापित इस स्कूल में छात्रों को एआई सहित अन्य विषयों में प्रशिक्षित किया जाएगा। छात्रों को आईआईटी से प्रमाणित सर्टिफिकेट मिलेगा।

इकीगाई स्कूल ऑफ एआई ने स्वरूप नगर में स्कूल की स्थापना की है। शुभारंभ पीएसआईटी के ग्रुप निदेशक डॉ. मनमोहन शुक्ला, स्कूल के सह संस्थापक मुकेश कुमार और नंदन मिश्रा ने किया।

नंदन मिश्रा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र भी रहे हैं।

मुकेश कुमार ने बताया कि इकीगाई स्कूल में 10वीं के बाद कोई भी छात्र, इंजीनियरिंग, नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड, वर्किंग प्रोफेशनल दाखिला ले सकते हैं।

# बिल्हौर ब्लॉक प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की प्रधानाध्यापिका नीलम कनौजिया का समर्पण सराहनीय

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की प्रधानाध्यापिका सुश्री नीलम कनौजिया बच्चों के प्रति समर्पण देखते बनता है। विद्यालय एक झलक में किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु 2011में जनपद स्तरीय अवार्ड (लालपुर विद्यालय), 2018में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में नियुक्ति होने पर मात्र, 45 बच्चों की संख्या को अपनी लगन और मेहनत से 114 कर दी जिसके फलस्वरूप विधायक भगवती सागर द्वारा फोकस लाइट विद्यालय को उपहार स्वरूप दिया था। बिल्हौर ब्लॉक का पहला स्मार्ट क्लास रसूलपुर को दिया जिसका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी




सुरजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया जिसके लिए उनको जनपद स्तर पर जिला बैठक शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। 2021 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में बाल वाटिका, एवं डिजिटल पुस्तकालय निर्माण हेतु 2023 में जनपद स्तरीय अवार्ड मिला, 2024 में रोटरी क्लब द्वारा नेशन बिल्डर अवॉर्ड शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए रोटरी क्लब द्वारा इंटरनेशनल वूमेन डे अवार्ड भी आपको मिला, ऐसा ना जाने कितने और भी अवॉर्ड है, जो आपको मिलते रहते, आपका कहना है कि मेरा अवॉर्ड तो सिर्फ मेरे बच्चों के चेहरे की मुस्कान है, वो ही मेरा अवॉर्ड है, जो थोड़ा भी हम कर पाए, बच्चों से हमेशा मित्रवत व्यवहार करना चाहिए जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और हर क्षेत्र में वह आपको खुलकर अपनी समस्या बताते हैं और वह आगे बढ़ते हैं। और मन लगाकर खूब पढ़ाई करते हैं।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे संग प्रतिमाओं का किया विसर्जन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गणेश उत्सव के साथ निकल रही टोलिया ने खूब अमीर गुलाल उड़ाया। ढोल और नगाड़े की थाप पर थिरके। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू के जय कारों के बीच विसर्जन किया। कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम बिहार में रहने वाले रामसनेही कुशवाहा के घर से पनकी नहर तक भक्तों ने पैदल यात्रा की गणपति बप्पा का धूमधाम से विसर्जन किया।

विसर्जन यात्रा समझ में पीयूष कुशवाहा, आकांशा कुशवाहा आस्था कुशवाहा, अभिषेक वर्मा, माया वर्मा, नैतिक चौधरी, राजेश्वरी चौधरी, शुभम चौधरी, सरवन कुमार,भक्तों ने बप्पा की आरती उतारी।

## समय शताब्दी ट्रेवल्स में करोड़ों की टैक्स चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** शासन के निर्देश पर राज्य कर विभाग कानपुर की टीमों ने फजलगंज स्थित समय शताब्दी ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा। जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पकड़ी हैं। कंपनी अघोषित दो व्यापारिक स्थलों से नियमित रूप से व्यापार कर रही थी। खुलासा हुआ कि न केवल स्वामित्व वाली बसों से यात्री परिवहन बल्कि माल का परिवहन भी किया जा रहा था।यही नहीं विभिन्न वित्तीय वर्षों में दाखिल जीएसटीआर-3बी और जीएसटीआर-9 में घोषित करमुक्त आउटवर्ड सप्लाई के आंकड़ों में भारी अंतर सामने आया। ट्रेवल्स संचालक ने 4.02 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। यह भी स्वीकार किया कि इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का रिवर्सल नियमानुसार नहीं किया है। बताया गया कि एडीशनल कमिश्नर (ग्रेड एक राज्य कर) सैमुअल पॉल एन के निर्देश पर एडीशनल कमिश्नर (ग्रेड-2 एसआईबी) ज्योति भौंत, जोन प्रथम, ज्वाइंट कमिश्नर (एसआईबी) संभाग ए ज्ञान प्रकाश सिंह की अगुवाई में 20 अधिकारियों की टीम के साथ ट्रेवल्स एजेंसी के तीन व्यापारिक स्थलों पर एक साथ छापा की कार्रवाई की गई।

# नारायण सिंह और अरिदमन को मिली जमानत, रिहा नहीं होंगे

### सहअभियुक्तों को पहले ही मिल चुकी थी जमानत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में कारोबारी के अपहरण, डकैती व रंगदारी वसूलने से संबंधित कोतवाली में दर्ज मुकदमे में आरोपी अधिवक्ता अरिदमन सिंह व नारायण सिंह भदौरिया को अपर जिला जज 20 नीलांजना की अदालत से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपये की दो जमानतें व निजी मुचलका दाखिल करने पर दोनों को इस मुकदमे में रिहा करने के आदेश कर दिए हैं। हालांकि अन्य मुकदमों में जमानत न मिलने के कारण अभी दोनों की रिहाई नहीं हो सकेगी।

नवीन मार्केट स्थित कमाल फुटवियर के मालिक केशवनगर निवासी राकेश अरोड़ा ने 15 जून को कोतवाली में धीरज दुबे उर्फ ट्विंकल, नीरज दुबे उर्फ सोनू पंडित और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसमें कहा था कि दीनू उपाध्याय गैंग के सदस्य धीरज व नीरज अक्सर उसकी दुकान पर आकर बिना रुपये दिए सामान ले जाते थे। इन लोगों ने कहा कि दीनू ने दस लाख रुपये रंगदारी मांगी है। न देने पर 17 सितंबर 2021 की रात यह लोग दुकान पर आए और 64500 रुपये लूट लिए। राकेश का अपहरण कर ले गए, बुरी तरह मारापीटा और हत्या की धमकी दी। इसी मुकदमे में विवेचना के दौरान अरिदमन सिंह और नारायण सिंह भदौरिया के नाम सामने आए थे। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। दोनों की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई। इसमें झूठा फंसाए जाने का तर्क रखा गया। सहअभियुक्तों को पहले ही जमानत मिल चुकी थी। जमानत का आधार पर्याप्त पाते हुए कोर्ट ने दोनों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

# अखिलेश पर सुस्ती या पुलिस की सधी चाल, 25 से ज्यादा शिकायतें



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर अधिवक्ता अखिलेश दुबे और उसके साथियों के खिलाफ अभी तक 25 से ज्यादा शिकायतें आ चुकी हैं। हालांकि,

अब तक सिर्फ नौ मामलों में ही एफआईआर हुई है। इनमें से तीन में अखिलेश भी नामजद है। उसके खिलाफ आखिरी मुकदमा किदवईनगर थाने में नौ अगस्त को दर्ज हुआ था। शुरुआत में तेजी से कार्रवाई करने वाली कमिश्नरी पुलिस की अचानक सुस्त पड़ी चाल चर्चा का विषय बनी हुई है। आखिर क्या वजह है?

इसे हर कोई जानना चाहता है। इधर, पुलिस अफसरों का तर्क है कि पुख्ता साक्ष्य जुटाकर ही नए मामले दर्ज किए जाएंगे। जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा, जिसे आधार बनाकर अखिलेश राहत ले ले। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में दुष्कर्म और छेड़छाड़ जैसे फर्जी मामलों में एफआईआर कराकर वसूली करने की कई शिकायतें आई थीं। सीपी के निर्देश पर एसआईटी ने जांच की, जिसमें अधिवक्ता अखिलेश दुबे और उसके साथियों का नाम सामने आए।

> अब तक 25 से 30 शिकायतें आ गई हैं। एसआईटी हर मामले की गहनता से जांच कर रही है जिसमें शिकायतकर्ताओं और गवाहों के बयान, साक्ष्य, दस्तावेजों का आकलन आदि शामिल है। एसआईटी के गठन के बाद पहली एफआईआर अच्छी तरह से विवेचना के बाद हुई। ये शिकायतें कुछ वर्ष पुराने मामलों की है जिसकी जांच कई चरणों में चल रही है। जल्द ही कमिश्नरी पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी।
>
> **अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर**

### धीमी पड़ी कार्रवाई से तमाम चर्चाएं

एसआईटी की जांच रिपोर्ट पर बर्रा थाने में छह अगस्त को पहली एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद किदवईनगर, कोतवाली, ग्वालटोली समेत अन्य थानों में कई रिपोर्ट दर्ज हुईं, तो शिकायतों की बाढ़ आ गई। इस बीच, 25 अगस्त को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के एमडी बनने का आदेश जारी होने के बाद धीमी पड़ी कार्रवाई ने तमाम चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

### नई एसआईटी का गठन किया

सूत्रों के अनुसार, एसआईटी के अधिकारियों ने तीन जांचें पूरी कर ली हैं। इन मामलों में अभी तक एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई, इस पर सब चुप्पी साधे हैं। खबर यह भी है नई एसआईटी नए सिरे से सभी शिकायतों की जांच में जुटी है। दोबारा जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। पूर्व में अफसरों ने बताया था कि कुछ नए आरोप भी लगे और शिकायतें बहुत आने लगीं, इस कारण नई एसआईटी का गठन किया गया।

### पुलिस कमिश्नर के कार्यकाल से जोड़कर देख रहे हैं लोग

फिलहाल, शिकायतकर्ताओं, गवाहों के बयान, सुबूत और दस्तावेजों के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने को लोग पुलिस कमिश्नर के कार्यकाल से जोड़कर देख रहे हैं। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन का एमडी बनाए जाने के आदेश के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय अखिल कुमार को जल्द रिलीव करने का अनुरोध कर चुका है।

### कहीं प्रभावशाली दरबारियों का दबाव तो नहीं

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में अखिलेश के दरबार में कई प्रभावशाली अफसरों के आने-जाने की बात भी सामने आ चुकी है। ऐसी ही एक लॉबी अधिवक्ता के पक्ष में दिख रही है। इस वजह से भी अखिलेश पर कोई नया मुकदमा न दर्ज करने का दबाव है।

### नई एसआईटी के गठन पर दो तरह की बात

एसआईटी का गठन करीब पांच माह पहले हुआ था। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 28 अगस्त को चार सदस्यीय एसआईटी की टीम को बदलकर आठ सदस्यीय नई टीम बनाई गई। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव जांच में तेजी लाने के लिए किया गया, जबकि सूत्र बताते हैं कि आरोपियों के एक पक्ष की ओर से उन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगा था।

### अखिलेश के दरबारियों में कई सफेदपोश भी

एसआईटी की जांच में सामने आया है कि कई सफेदपोशों का अखिलेश दुबे के कार्यालय में आना-जाना रहता था। जांच में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर उनका नाम भी सामने आ रहा था, जिसकी वजह से संबंधित की ओर से शासन में शिकायत की गई। आरोपियों ने भी कोर्ट में द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने की बात कही थी। इन मामलों को देखते हुए पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है।

# नमी 90त्न से अधिक बढ़ीज्तो बरसे बादल, निम्न दबाव से हवाओं ने पकड़ी रफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में गुरुवार को शाम को हवाओं के रफ्तार पकड़ने और माहौल में नमी बढ़ने से बारिश होने लगी। जैसे ही नमी का प्रतिशत 90 से अधिक हुआ बादल आ गए। सिविल लाइंस, कंपनी बाग चौराहा, काकादेव आदि क्षेत्रों में तीन से चार मिमी बारिश हुई है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि छह सितंबर तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मानसून की वापसी 30 सितंबर के आसपास होने की उम्मीद है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से चला निम्न दबाव का क्षेत्र ओडिसा के पार हो गया है।

### होती रहेगी बूंदाबांदी या हल्की बारिश

इसका हल्का असर कानपुर परिक्षेत्र पर भी है। इस वजह से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से हवाएं नमी ला रही हैं। नमी बढ़ने पर बादल बनते हैं और बारिश होने लगती है। यह मौसम प्रणाली अभी बनी रहेगी और स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी या हल्की बारिश होती रहेगी।।

### हवाओं ने माहौल में नमी बढ़ा दी

उन्होंने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की नमी के साथ जम्मू-कश्मीर पहुंचे पश्चिमी विक्षोभ का भी असर आएगा। सीएसए की मौसम वेधशाला की रिपोर्ट के मुताबिक सुबह नमी 81 प्रतिशत रही है। दोपहर में धूप निकलने पर इसका प्रतिशत 67 हो गया। इससे उमस भरी गर्मी होने लगी। शाम को धूप हटने पर हवाओं ने माहौल में नमी बढ़ा दी। इसके बाद रात को स्थानीय स्तर पर बारिश होने लगी।

## सांड़ों की लड़ाई में युवक साइकिल समेत तालाब में गिरा, डूबकर मौत



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र में एक बार फिर आवारा जानवरों की लड़ाई ने एक बेकसूर की जान ले ली। शुक्रवार सुबह घर से एक किलोमीटर दूर सांड़ों की लड़ाई में टक्कर से एक युवक साइकिल समेत गहरे तालाब में गिर गया, जिसमें डूबकर उसकी मौत हो गई।

सूचना पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सचेंडी के दिलीपपुर गावं निवासी मनोज (49) मजदूरी करते थे। पिता गेंदालाल ने बताया कि मनोज को दो दिनों से बुखार आ रहा था। इसके चलते शुक्रवार सुबह वह साइकिल से दवा लेने सचेंडी जा रहा था। साइकिल समेत तालाब में गिर गया था युवक अभी वह सचेंडी में मानशिला मंदिर के पास पहुंचा ही था कि रास्ते में लड़ते हुए उसे दो सांड़ों ने टक्कर मार दी। इससे वह साइकिल समेत तालाब में जा गिरा। तालाब में सिंघाड़े की बेल लगी थी, जिससे वह उसमें फंस गया। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे निकाला और पास के निजी अस्पताल ले गए। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कल्याणपुर आवास विकास वार्ड 23 की जनता ने नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कल्याणपुर आवास विकास वार्ड 23 के महावलीपुरम में आक्रोशित लोगों ने नगर निगम और जलनिगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। सैफ्टी टैंक की गंदगी को खुले नाले और मैदान में डाल रहे हैं। नालियों और खुले मैदान में गंदगी जमा होने के कारण उसमें से निकलने वाली दुर्गंध से परेशानी हो रही है। गंदगी के कारण वहां संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है। जबकि यह बहता नाला भी नहीं है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह समस्या को जल्द बंद न करने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। महावलीपुरम विकास समिति अध्यक्ष अवधेश कटियार, महामंत्री अरविन्द राजपूत, क्षेत्रीय पार्षद के प्रतिनिधि चन्दन गौतम, विजयलक्ष्मी सविता, रवि मिश्रा, के पाल एवं अन्य क्षेत्रीय पीड़ित निवासी उपस्थित रहे।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अमेरिका में रह रहे भारतीय चुप क्यों हैं? क्या देशभक्ति सिर्फ नारों तक सीमित है?

**अमेरिकी राजनीति में यह एक संवेदनशील मुद्दा है। जैसे-जैसे भारत की वैश्विक भूमिका बढ़ रही है, भारतीय-अमेरिकी खुद को एक संतुलनकारी स्थिति में रखना चाहते हैं जहाँ न अमेरिका की मुख्यधारा उनसे असहज हो और न ही वे अपनी जन्मभूमि के प्रति उदासीन दिखाई दें। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय-अमेरिकियों की यह खामोशी रणनीतिक मौन है। वह सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया न देकर पर्दे के पीछे लॉबिंग और नेटवर्किंग के जरिए भारत के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। यह उनकी अमेरिकी राजनीति में परिपक्वता का भी संकेत है।**

*अक्सर देखा जाता है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे अवसरों पर अमेरिका में बसे भारतीय और भारतीय मूल के लोग बड़े जोश के साथ इंडिया डे परेड या अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हैं। इसी तरह जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर जाते हैं, तो बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी उनके स्वागत में उमड़ पड़ते हैं और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठता है। यह दृश्य निश्चित ही भावनाओं को छूने वाला होता है और मातृभूमि के साथ जुड़ाव को दर्शाता है। लेकिन प्रश्न यह है कि जब वास्तविक चुनौतियाँ सामने आती हैं जैसे डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत विरोधी रुख अपनाना और भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ लगाना, तो वही प्रवासी भारतीय समुदाय चुप क्यों हो जाता है? यही खामोशी गंभीर सवाल खड़े करती है। देखा जाये तो देशभक्ति केवल उत्सवों और नारों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यदि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिकी राजनीति, मीडिया और नीतिगत हलकों में प्रभावशाली है तो इस प्रभाव का इस्तेमाल भारत की छवि और हितों की रक्षा में क्यों नहीं किया जाता? जब भारत के खिलाफ नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं या अमेरिकी मीडिया में भारत-विरोधी नैरेटिव सामने आ रहे हैं, तब सामूहिक और मुखर आवाज़ का अभाव कहीं न कहीं प्रवासी देशभक्ति की सीमाओं को उजागर करता है। संभव है कि यह चुप्पी यानी दोहरी निष्ठा के आरोपों से बचने की व्यावहारिक रणनीति हो। यह भी हो सकता है कि भारतीय-अमेरिकी अपने कॅरियर और सामाजिक सुरक्षा को दांव पर नहीं लगाना चाहते। लेकिन तब सवाल यह उठता है कि क्या देशभक्ति केवल सुरक्षित अवसरों तक ही सीमित रहेगी? देखा जाये तो भारत आज वैश्विक मंच पर उभरती शक्ति है और उसे प्रवासी भारतीयों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन की ज़रूरत है। ऐसे में भारतीय-अमेरिकियों को यह तय करना होगा कि उनकी देशभक्ति केवल परेड और नारे तक सीमित है या फिर वे कठिन समय में भी भारत के पक्ष में खड़े होने का साहस दिखाएँगे। लेकिन भावनाओं से परे इस तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है। देखा जाये तो भारतीय-अमेरिकी बड़ी संख्या में अमेरिका की कॉर्पोरेट दुनिया, आईटी सेक्टर, मेडिकल प्रोफेशन और वित्तीय संस्थाओं में ऊंचे पदों पर हैं। लेकिन इन सबके बावजूद वे अमेरिकी राजनीतिक तंत्र में अभी भी अल्पसंख्यक माने जाते हैं। किसी भी राजनीतिक विवाद पर खुलकर बोलना उनके लिए कॅरियर और सामाजिक हैसियत पर असर डाल सकता है। खासकर, ट्रंप जैसे नेता जिनकी राजनीति आक्रामक और विभाजनकारी रही है, उनके खिलाफ बोलना भारतीय-अमेरिकियों को असुरक्षित कर सकता है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय को अमेरिका में अक्सर कहा जाता है यानि एक अनुशासित, मेहनती और कानून का पालन करने वाला समुदाय। इस छवि को बनाए रखना उनके लिए सामाजिक पूंजी का हिस्सा है। यदि वे अमेरिकी नीतियों के खिलाफ आवाज़ उठाते हैं, तो यह छवि टूट सकती है और उन्हें असहज अल्पसंख्यक के रूप में देखा जा सकता है। अधिकांश भारतीय-अमेरिकी यह मानते हैं कि राजनीतिक बयानों और नीतिगत असहमति के बावजूद, अमेरिका में उनकी प्राथमिक पहचान एक पेशेवर और नागरिक की है। भारत के प्रति सहानुभूति तो है, लेकिन वे अपने कॅरियर और आर्थिक सुरक्षा को दांव पर लगाकर राजनीतिक बयानबाज़ी से बचते हैं। उनके लिए मौन ही सुरक्षित रास्ता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है।**

# उम्मीदों की चिप से हौसलों की उड़ान भरता भारत



ललित गर्ग

**इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही शक्ति और वेगा जैसे स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर पर काम कर चुके हैं। इन प्रयासों ने आधारभूमि तैयार की और आज विक्रम के रूप में वह प्रयास मूर्त रूप में सामने आया है। यह न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि रक्षा, चिकित्सा उपकरणों और संचार प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। निश्चित ही चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।**

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढ़ेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चे पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे ÷विक्रम÷ नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की



**बड़े पैमाने पर उत्पादन, उपकरण-समूह की उपलब्धता, संगणक-कार्यक्रमों का विकास, अनुप्रयोग-तंत्र का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन जैसी प्रक्रियाएँ अभी पूरी करनी होंगी। किंतु भारत ने जिस आत्मविश्वास के साथ इस दिशा में पहला कदम रखा है।**

ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है। अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। ÷विक्रम÷ माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है। निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। 32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 25:41 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 22:55 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | अतिगण्ड, 11:51 तक |
| सूर्योदयः | 06:02 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 09:11-10:45 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55 -12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद हैं चिरचिटा के पत्ते



**अक्सर** लोग मुंह से बदबू आने, छाले होने, दांतों से जुड़ी समस्या होने और मसूड़ों से जुड़ी कई ओरल हेल्थ समस्याओं से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए अक्सर लोगों को ओरल हेल्थ की खास देखभाल करने और नियमित रूप से दिन में 2 बार ब्रश करने जैसी सलाह दी जाती है। इसके अलावा, आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर चिरचिटा के पत्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**मुंह के छालों से दे राहतः** आयुर्वेद के अनुसार, चिरचिटा के पत्तों का इस्तेमाल करने या इनको कच्चा चबाने से मुंह के छाले को कम करने, इसके घाव को तेजी से भरने और इसके कारण होने वाली दर्द और सूजन की समस्या से भी राहत देने में मदद मिलती है।

**मसूड़ों की समस्या से दे राहतः** चिरचिटा के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से मसूड़ों में बैक्टीरिया के जमाव को रोकने, सूजन को कम करने, दर्द कम करने, इंफेक्शन से बचाव करने और ब्लीडिंग की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**दांतों के पीलेपन से दे राहतः** चिरचिटा के पत्तों में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से दांतों के दर्द से राहत देने, प्लाक के निर्माण को कम करने, पीलेपन को कम कर नेचुरली सफेद बनाए रखने, कैविटीज से बचाव करने, दांतों की सड़न और दांतों की सेंसिटिविटी को कम करने में मदद मिलती है।

**मुंह की बदबू से दे राहतः** चिरचिटा के पत्तों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से मुंह की बदबू से राहत देने, मुंह के इंफेक्शन से बचाव और मुंह में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद मिलती है।

**बीमारियों से बचाव करेः** चिरचिटा के पत्तों में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण ओरल हेल्थ में सुधार करने, बैक्टीरिया को खत्म करने और मुंह से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद मिलती है।

**ओरल हेल्थ के लिए कैसे करें चिरचिटा के पत्तों का इस्तेमाल?:** ओरल हेल्थ में सुधार करने के लिए चिरचिटा के पत्तों को कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। सुबह के समय 1-2 चिरचिटा के पत्तों को चबाने से मुंह को साफ करने, मुंह की बदबू को कम करने और मसूड़ों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है। चिरचिटा के पत्तों को पानी में 10 मिनट के लिए उबाल कर, इस पानी को माउथवॉश की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे मसूड़ों की सूजन को कम करने, इनसे जुड़ी समस्याओं से राहत देने, दांतों में कैविटीज से बचाने और दांतों के पीलेपन को कम करने में मदद मिलती है। चिरचिटा की ताजा पत्तियों का पेस्ट बनाकर इसको सीधे तौर पर मुंह के छाले, दांतों में दर्द और मसूड़ों पर 5 मिनट के लिए लगाया जा सकता है। इसके बाद कुल्ला कर लें। चिरचिटा के पत्तों के पाउडर को टूथपेस्ट में मिलाकर इससे ब्रश भी किया जा सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक



योगेश कुमार गोयल

**गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के 'ऑर्डर ऑफ मैरिट' तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा 'टेम्पलटन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।**

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है।**

**विश्वभर** में लगभग सभी महापुरूषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरू रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात् गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरूकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरूकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरूओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है। आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी। भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के 'ऑर्डर ऑफ मैरिट' तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा 'टेम्पलटन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा और शिक्षा को एक मिशन के रूप में नहीं अपनाएगा, तब तक अच्छी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।

# साइबर ठगी गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़
# 57 लाख की ठगी का हुआ खुलासा

- सीबीआई-ईडी अधिकारी बनकर फंसाते थे भोले-भाले लोग, पांच गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिले की पुलिस ने शुक्रवार को अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.50 लाख रुपये नकद, नौ मोबाइल फोन, दो चेकबुक और दस फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। गिरोह खुद को सीबीआई, ईडी, सुप्रीम कोर्ट या साइबर क्राइम का अधिकारी बताकर लोगों को फर्जी ÷डिजिटल अरेस्ट में फंसाकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मास्टरमाइंड राजेंद्र शर्मा उर्फ सोनू निवासी नोएडा, मनीष कुमार निवासी सूरजपुर ग्रेटर नोएडा, विकास वर्मा निवासी तिमारपुर नई दिल्ली, संजय उर्फ बॉबी देशवाल निवासी नोएडा और प्रशांत चौहान निवासी फर्रुखाबाद, हाल निवासी द्वारका दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और तकनीकी हथकंडों के जरिए देशभर में लोगों को निशाना बना रहा था।पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में खुलासा किया कि गिरोह ने 9 अगस्त से 22 अगस्त 2024 के बीच पीलीभीत निवासी जेलकर्मी जगमोहन सैनी और उनकी पत्नी को फर्जी ÷डिजिटल अरेस्ट÷ में फंसा लिया। ठगों ने खुद को ईडी और सीबीआई अधिकारी बताकर उनसे 57 लाख 89 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए।

पीड़ित ने 21 दिसंबर 2024 को साइबर थाना पीलीभीत में तहरीर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने साइबर थाना, एसओजी और साइबर सेल की तीन टीमों का गठन किया। टीमों ने पांच सितंबर 2025 को पूरनपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को दबोच लिया।

### गरीबों के खातों का करते थे इस्तेमाल

पूछताछ में पता चला कि गिरोह गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से बैंक पासबुक, एटीएम और चेकबुक लेकर तीन से चार प्रतिशत कमीशन देता था। इन्हीं खातों में ठगी से हासिल रकम ट्रांसफर कर नकदी निकाली जाती थी। गिरोह फर्जी फर्म बनाकर नए मोबाइल नंबर जारी कराता और खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए करता था। ठगी से जुटाए गए पैसे कंबोडिया और लाओस में बैठे सरगना तक पहुंचाए जाते थे।

### डिजिटल अरेस्ट है फर्जी साजिश

एसपी ने बताया कि भारत में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। यह ठगों की चाल है, जिसके जरिए वे लोगों को डराकर रकम ऐंठते हैं। गिरोह वीडियो कॉल पर फर्जी पहचान दिखाकर पीड़ित को घर से बाहर न निकलने की धमकी देता और बैंक खातों से पैसा निकलवाता था। इसके अलावा गिरोह फिशिंग, फर्जी यूपीआई कोड, लोन ऐप फ्रॉड और मालवेयर अटैक जैसे तरीकों का भी इस्तेमाल करता था।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार

एसपी ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस तरह का संदिग्ध कॉल या वीडियो कॉल मिले, जिसमें खुद को किसी एजेंसी का अधिकारी बताकर 卐डिजिटल अरेस्ट卐 की धमकी दी जाए, तो घबराने की बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित परिवार को राहत मिली है, बल्कि पूरे जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ा संदेश गया है। घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ रही है। ऐसे में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे मजबूत हथियार है।

# पूरनपुर में शान ए शौकत से निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी, सरकार की आमद मरहबा के गूंजे नारे





**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

शुक्रवार को नगर में पैग़म्बरे इस्लाम की यौमे विलादत पर शानो शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। यह जुलूस अंजुमन अरबाउस सलासिल की जानिब से मदरसा अरबिया कादरिया से परचम कुशाई के बाद निकाला गया। जिसमें कई ग्रुप के नौजवान लड़के इस्लामी भेष भूषा में सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए चल रहे रहे थे। इश्क ए हुसैन ग्रुप के मेंबर इस्लामी लिबास में घोड़ों पर चल रहे थे। इस्लामी झांकी बनी ट्राली पर उलेमा इकराम तकरीर करते हुए चल रहे थे।तकरीर करते हुए मौलाना आमिर रजा खान, मौलाना फ़जले अहमद नूरी, मुफ्ती नाजिम मिशवाही ने कहा प्यारे इस्लाम की मोहब्बत आजेजी इंक्सारी से फैला है। उन की ईमानदारी मोहब्बत देख कर लोग ईमान ले आते थे। उन्होंने यतीम और बेसहारों की मदद की । उन्होंने बताया इस्लाम तलवार से नहीं फैला प्यारे नबी की मोहब्बत से फैला है। वह पूरी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजे गए। कहा गया कि आजकल हम मुसलमान बनकर तो घूम रहे है हमारा किरदार इस्लाम और प्यारे नबी के किरदार से जरा सा भी मेल नहीं खाता। हमें प्यारे नबी के किरदार को पहले पढ़ना होगा और उसपर अमल करना होगा। जुलूस मोहम्मदी में इश्क़े मुस्तफा, आला हजरत, ख्वाजा के दीवाने, ताजुशरिया और साबरी ग्रुप सहित दर्जनों शामिल हुए। उनके साथ इस्लामी झांकियां भी थीं। स्टेशन रोड पर तौफीक़ अहमद क़ादरी की ओर से कैंप लगाकर ग्रुप्स को सम्मानित किया गया। जुलूस में मुख्य रूप से तौफीक अहमद क़ादरी, सभासद नादिर रजा बरकाती, हाजी लाडले, आरती महेंद्र, राजकुमार राजू, मुन्ने मियां अनजाना, खालिद रजा बरकाती, शराफत हुसैन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी धरोहर, शिक्षा से होती है लोकतंत्र की जड़ें मजबूत: नफीस अहमद अंसारी

- शिक्षक दिवस पर सपा पार्टी कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नकटादाना स्थित केजीएन-2 लोकसभा कार्यालय पर भारत रत्न से अलंकृत प्रख्यात शिक्षाविद् एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षक और दार्शनिक रहे हैं। उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर के लिए संघर्षरत रही है। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी धरोहर है। शिक्षा से ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित और जागरूक समाज ही सही निर्णय लेकर देश को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकता है। अंसारी ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपना मुख्य लक्ष्य बनाएं और सामाजिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय भागीदारी निभाएं।नेताओं ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। शिक्षक बच्चों को संस्कार और दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षा के बिना समाज अधूरा है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे समाज में शिक्षा के प्रसार और जनजागरूकता की दिशा में लगातार काम करते रहेंगे।इस दौरान जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट, सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, गुरविंदर सिंह गिल, रमेश राजा, अशोक वर्मा, भगवानदास, संदीप सक्सेना, शांतिस्वरूप वर्मा, चंद्रप्रकाश यादव, अखिलेश कुमार, प्रभात रंजन, दिनेश कुमार वर्मा, कामता प्रसाद वर्मा, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# असम से पहुंचे नगर कीर्तन का जगह जगह स्वागत



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

गुरु तेग बहादुर की शहीदी शताब्दी पर निकाले गए नगर कीर्तन में हजारों की संख्या सिख संगत शामिल हुई। जगह जगह नगर कीर्तन का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान संगत ने गुरु तेग बहादुर के शस्त्र और वस्त्रों के दर्शन किए। इस दौरान गुरु का लंगर अटूट बरता गया। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350 वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर धोबड़ी साहिब असम से आरंभ हुआ था। विभिन्न स्थानों पर होते हुए नगर कीर्तन का समापन आनंदपुर साहिब में होगा। शुक्रवार को नगर कीर्तन लखीमपुर खीरी के महंगापुर के गुरुद्वारा नानक पियो साहिब से शुरू हुआ। नगर कीर्तन पलिया, भीरा, मैलानी, खुटार, लौंहगापुर, कजरी गढ़वा खेड़ा, कढ़ेरचौरा और मोहनपुर, पूरनपुर होते हुए गुरुद्वारा दमदमा साहिब, गोमती, नवदिया सुल्तानपुर पर संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में सिख संगत नगर कीर्तन में शामिल हुई। जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और वह लंगर छकाया गया। संगत पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नतमस्तक हुई और गुरु गोबिंद सिंह के पुरातन शस्त्र व वस्त्र के दर्शन किए। पूरनपुर के गुरुद्वारा सिंह सभा ब्लॉक रोड पूरनपुर, गुरुद्वारा सिंह सभा अशोक कालोनी, गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब बौठा की कमेटी और सिख संगत ने गुरुद्वारा नानक पिआयो महंगापुर पहुंचकर महान नगर कीर्तन का स्वागत किया। महंगापुर से लेकर गोमती तक विभिन्न जगहों पर नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई। खालसा यूथ ग्रुप पूरनपुर के सदस्यों ने दस्तर मार्च करते हुए नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस मौके रंजीत सिंह, जसपाल सिंह, बाबा मान सिंह, निर्मल सिंह ढिल्लों, जोगा सिंह, चरनजीत सिंह, जुगराज सिंह, सोनू मान, गुरप्रीत सिंह, जशनदीप सिंह, अमरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह सहित हजारों की संख्या में सिख संगत संगत मौजूद रही।

# राहत की छांव में उम्मीदों की किरण बनके उभरे महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज



*बरखेड़ा विधायक का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरक उदाहरण है। संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाना मानवीय कर्तव्य है। राहत किटें बाढ़ग्रस्त परिवारों की थाली में भोजन तो पहुंचा ही रही हैं, साथ ही उनके दिलों में यह भरोसा भी जगा रही हैं कि वे अकेले नहीं हैं। अब जरूरत इस भरोसे को स्थायी राहत और पुनर्निर्माण की योजनाओं से मजबूत करने की है।*

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से जूझते परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन राहत लेकर आया। विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सौजन्य से भेजी गई राहत सामग्री का वितरण कर 720 परिवारों तक मदद पहुंचाई। यह वितरण केवल किटों का बंटवारा नहीं, बल्कि उन पीड़ित परिवारों के जीवन में उम्मीद जगाने का प्रयास था, जिनकी रोज़मर्रा की जिंदगी बाढ़ ने अस्त-व्यस्त कर दी है। जोशी कॉलोनी व न्यूरिया कॉलोनी में 600 तथा भरतपुर में 120 परिवारों को राहत सामग्री दी गई। इस दौरान एसडीएम मयंक गुप्ता, कानूनगो, लेखपाल और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राहत वितरण की यह सामूहिक पहल बताती है कि जब प्रशासन और जनप्रतिनिधि एकजुट होकर काम करें तो प्रभावित परिवारों तक समय पर मदद पहुंच सकती है। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की सक्रियता उल्लेखनीय है। बाढ़ प्रभावितों के बीच लगातार मौजूद रहना और उनकी पीड़ा को समझकर हर संभव सहायता उपलब्ध कराना उनके संवेदनशील नेतृत्व की झलक है। राजनीति तब सार्थक होती है जब वह जनहित से सीधे जुड़ती है और जनभावनाओं को राहत का एहसास कराती है।

राहत सामग्री का वितरण निश्चित ही तत्कालीन समस्याओं को कम करता है, मगर यह दीर्घकालिक समाधान नहीं है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास, बुनियादी ढांचे की मरम्मत और आजीविका बहाली जैसी बड़ी चुनौतियां अभी भी शेष हैं। ऐसे में अपेक्षा है कि शासन-प्रशासन केवल तात्कालिक राहत तक सीमित न रहकर स्थायी समाधान की दिशा में भी ठोस कदम उठाए।

# रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो कांग्रेस धरना प्रदर्शन चक्का जाम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस नोट में बताया कि विगत 1 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की महिलाओं ने सुनियोजित तरीके से सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस भवन पर धावा बोल कर तोड़ फोड़ की तथा दर्जनों महापुरुषों के लगे फोटो को क्षतिग्रस्त करने की घटना घटी जिसका प्रार्थना पत्र 1 सितम्बर को ही अपर पुलिस अधीक्षक को दिया जा चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया था की तत्काल प्रभाव से मुकदमा पंजीकृत कर उपद्रियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही न किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सांकेतिक धरना प्रदर्शन एवं जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव धरना प्रदर्शन कर अपर जिला अधिकारी महोदय के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। प्रशासन ने पूर्णतया संतुष्ट करते हुए पुनः आश्वासन दिया कि कल तक आपकी रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी। प्रशासन द्वारा इस गंभीर घटना को गंभीरता से ना लेते हुए अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है। यह सीधे तौर पर संविधान की अनदेखी है लोकतंत्र की हत्या है। उक्त कायराना घटना से जनपद के कांग्रेसियों में ही नहीं आम जनमानस में रोष व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से प्रशासन को 6 सितंबर तक का समय कार्यवाही करने के लिए दिया जाता है। यदि हमारी रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो कांग्रेस धरना प्रदर्शन चक्का जाम के लिए बाध्य होगी। तिवारी ने आगाह करते हुए कहा कि प्रशासन कांग्रेस के धैर्य की परीक्षा अब ना ले। कांग्रेस भवन पर हुई तोड़ फोड़ का मामला अब एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इंसाफ की मांग को लेकर जल्द ही जिला मुख्यालय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी माननीय अजय राय के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# संकल्प मशाल के साथ हुआ नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

ईसानगर ब्लॉक के महेवा गाँव में शुक्रवार को गायत्री परिवार द्वारा नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया यह दीपयज्ञ गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी पर उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ देव परिवार निर्माण के उद्देश्य से नगर मुख्यालय में आयोजित होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह प्रशिक्षण में जिले भर की नारी शक्तियों को आमंत्रित करने के अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार से पूजित होकर आई नारी उत्कर्ष संकल्प मशाल को महिलाओं द्वारा सिर पर धारण करके की गई ग्राम प्रदक्षिणा यात्रा के साथ हुआ। हम गायत्री मां के बेटे तुम्हें जगाने आए हैं, महाकाल की चली सवारी चलो साथ हो जाओ जैसे प्रेरणा गीत गाते हुए गायत्री परिवार महिला मंडल की बहनों ने गाँव की महिलाओं को नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन जयंती विश्वकर्मा, सुगंधा शुक्ला, सुमन वर्मा, परबीता सिंह, अजय वर्मा, नंद किशोर गुप्ता और कुलदीप वर्मा की टोली द्वारा किया गया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद और वरिष्ठ समाजसेवी गायत्री साधक मुरलीधर मौर्य ने उपस्थित महिलाओं को गायत्री परिवार द्वारा 06 नवंबर से होने जा रहे देव परिवार निर्माण के प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद गांव के सभी घरों से आए दीपकों के प्रज्वलन के साथ नारी उत्कर्ष अभियान की सफलता हेतु दीपमहायज्ञ संपन्न किया गया जिसमें सभी ने गायत्री महामंत्र के साथ भाव आहुतियाँ प्रदान कीं। सभी को 7 सितंबर को धौरहरा में होने जा रहे ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान दीपा वर्मा, संगीता वर्मा, ब्रजरानी, सुनीता कटियार, रीता चौधरी, आरती कौशल, प्रज्ञा कटियार, नीलम पटेल, प्रेमकांत कटियार, विशम्भर दयाल वर्मा, शिव भगवान वर्मा, राजेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी भाजपा कार्यालय पर शिक्षक दिवस के अवसर पर विधायक /सभापति पंचायती राज समीति विधानसभा उत्तर प्रदेश लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर के गणमान्य गुरुजनों को सम्मानित किया ।विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह देकर व अंग वस्त्र उढा कर सम्मानित किया गया। आए हुए गुरु जनो के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गयी। सैकड़ो की संख्या में गुरुजनों की उपस्थिति रही।विधायक ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज जो कुछ हम है उसमे गुरु जनो की दी शिक्षा तथा आशीर्वाद है। कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ,सुशीला वर्मा आनंद कुमार गुप्ता एडवोकेट सुशील त्रिवेदी राजापुर मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा इंद्रजीत सिंह बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह भदौरिया सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शचींद्र दीक्षित ने किया।

# नाव बनी एंबुलेंस, बाढ़ में भी पहुँची दवा और राहत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बाढ़ की तबाही से जूझ रहे गाँवज सड़कें जलमग्न, घरों के चारों ओर पानी ही पानी। हालात ऐसे कि पैदल चलना तो दूर, साइकिल और बाइक भी बेकार। मगर इन सबके बीच जब स्वास्थ्य सेवाएँ ठप पड़ने का खतरा मंडरा रहा था, तभी स्वास्थ्य विभाग की नाव उम्मीद का सहारा बनकर पहुँची। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के सख्त निर्देश और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीम ने कमर कसी और ठान लिया कि चाहे हालात जैसे भी हों, लोगों तक दवाएँ हर हाल में पहुँचेंगी। श्रीनगर और आज़ादनगर क्षेत्रों में चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजीत सिंह, फार्मासिस्ट टी. रहमान और एनसीडी परामर्शदाता अंकित दीक्षित के नेतृत्व में नाव पर दवाइयाँ लदीं और टीम पानी से घिरे गाँवों तक निकल पड़ी। गाँव वालों के चेहरे पर जैसे ही स्वास्थ्यकर्मी पहुँचे, उम्मीद की किरण लौट आई। टीम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को घर-घर जाकर ज़रूरी दवाएँ उपलब्ध कराईं, लोगों की सेहत की जाँच की और ज़रूरतमंदों को परामर्श भी दिया। ग्रामीणों ने टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी है, तब नाव से आई दवाइयाँ हमारे लिए जीवनदान साबित हुईं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बाढ़ जैसी विकट परिस्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाएँ किसी हाल में बाधित नहीं होंगी। हर ज़रूरतमंद तक दवा और चिकित्सा सुविधा पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुँच रही हैं। नावों के सहारे भी हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई मरीज दवा और इलाज से वंचित न रहे।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के गांव पचदेवरा में नहाते समय बिजली के मोटर से करंट लगने से एक व्यक्ति की इलाज दौरान मौत हो गई है। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। पचदेवरा गाँव के रहने वाले महेंद्र वर्मा(50) गुरुवार को अपने घर मे लगे बिजली के मोटर से पानी निकालकर नहा रहे थे तभी बिजली का तार कटा होने के कारण करेंट लग गया। जिससे वह वही गिर गए मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें वहां से उठाकर मोतीपुर अस्पताल लेकर भागे तभी महेंद्र वर्मा की मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों कोहराम मच गया।

## धूमधाम के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत ईद मिलादुन्नबी बारह रबी उल अव्वल हुजूर की पैदाइश का दिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया मोहम्मदी क्षेत्र की चौकी रेहरिया व मूडानिजाम क्षेत्र के अंतर्गत जुलूस ए मोहम्मदी ईद मिलादुन्नबी बड़ी ही शान ए शौकत के साथ निकल गया जिसमें हजारों की तादात में लोग शामिल हुए मुख्य मार्गो से गुजरते हुए सरकार की आमद मरहबा, मदनी की आमद मरहबा, की सदाएं बुलंद करते हुए अकीकत का इजहार किया क्षेत्र के उमरपुर, रामपुर मदारी, चठिया मूडानिजाम, पडसर, पिपरिया कप्तान, करौंदा, बसखेड़ा,मुकुंदपुर बंजरिया औरंगाबाद, कैमाहरिया आदि ग्रामों में हुजूर की पैदाइश ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया लोगों द्वारा जगह-जगह खाने पीने की व्यवस्था की गई हुजूर की पैदाइश का दिन यौमे पैदाइश को 1500 सौ साल पूरे हो रहे है,इस लिऐ जश्ने यौमे पैदाइश हर जगह धूमधाम से मनाया गया वही शकलैनी कमेटी, व गुलाम-ए-मुस्तफा कमेटी रामपुर मदारी की तरफ से लंगर का प्रोग्राम रखा गया रामपुर मदारी में दो जगह लंगर का आयोजन किया गया वही कमेटी के लोगों ने अपने-अपने ग्रामों में लंगर का आयोजन कराया इस मौके पर रामपुर मदारी कमेटी की तरफ से रफीउल्ला खान, जुल्फिकार खान, सोहराब खान, सगीर खां, जावेद खां, मिनहाज खां अशफाक खां रशीद खान इस्माइल खान, अकरम खान, उमरपुर से हाशिम खान, जावेद खान कैमहरिया से प्रधान इसराज खान, मौलाना साने आलम, हाफिज मुकीम, अफलातून खान, सरफराज खान, रियासत खां, छोटे खां सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी मूडानिजाम विक्रांत चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## टक्कर मारने की शिकायत करने पर महिला और भतीजे को पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बाइक से टक्कर मारने की शिकायत करने गई दलित महिला और उसके भतीजे को कुछ लोगों ने पीटा। विरोध पर जातिसूचक गालियां दीं। आरोपी महिला को घेरकर धमका रहे हैं। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव कुर्रेया खुर्द की रहने वाली मीना कुमारी पत्नी पप्पू शर्मा ने बताया कि 7 अगस्त को उनकी दुकान पर काम करने वाला नौकर विशाल खाना खाने के बाद टहलने निकला। इस दौरान गांव के ही राजीव पुत्र नीलकंठ ने बाइक से विशाल को टक्कर मार दी। मीना कुमारी को जब इसकी जानकारी लगी तो वह अपने भतीजे वीरू के साथ राजीव के घर शिकायत करने जा रही थी। आरोप है रास्ते में राजीव, सुखलाल, मोरपाल पुत्रगण नीलकंठ, मोनू पुत्र खेमकरन, और नीलकंठ ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। उन्होंने विशाल और वीरू के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पिटाई से दोनों घायल हो गए। लोगों ने बमुश्किल दोनों को बचाया। मीना कुमारी मामले की शिकायत करने कई बार थाने गई लेकिन उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। आरोप है एक दरोगा की मिली भगत के चलते आरोपियों ने महिला पर ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। 10 अगस्त को मीना कुमारी दुकान से वापस घर जा रही थी। आरोपियों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है घर से निकलने पर आरोपी रास्ता घेर आए दिन धमकाते हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** भांजे के साथ बाइक से दवा लेने जा रही महिला सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। टक्कर मारने के बाद कर चालक मौके से फरार हो गया। थाना घुंघचाई के रहने वाले विनोद की पत्नी कृष्णा अपने भांजे कपिल के साथ शुक्रवार को बाइक से माधोटांडा अपनी दवा लेने जा रही थी। माधोटांडा रोड पर एक धार्मिक स्थल के पास अनियंत्रित गति से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टर ने घायल कृष्णा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया।

## शिक्षक दिवस पर ब्लॉक प्रमुख ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ब्लॉक प्रमुख ने शिक्षक दिवस पर स्कूलों में बेहतर प्रदर्शन करने बाले 94 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र में शिक्षक दिवस पर स्कूलों में बेहतर प्रदर्शन करने बाले शिक्षकों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषदीय स्कूलों में डीबीटी, युडाइस, स्वच्छता अभियान, नामांकन, छात्रों की उपस्थिति आदि में बेहतर प्रदर्शन करने बाले करीब 94 शिक्षकों को ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में सभी शिक्षक अपने-अपने स्कूलों में बेहतर प्रदर्शन करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने सभी आगंतुक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी मो. ताहिर खां, कपिल गुप्ता, वासुदेव यादव, अरुण कुमार कश्यप, मनोज भारती, सर्वेश स्वर्णकार, अवधेश कुमार, राजीव मुनीश कुमार, पूनम रावत, आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ गया मनाया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन इस वर्ष दिनांक 04 सितम्बर को बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। चूँकि 05 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का अवकाश घोषित था तथा शोभायात्रा (जुलूस) के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना थी, इसलिए विद्यालय परिवार ने यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व सम्पन्न किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात् शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक विचार बताए गए। अंत में केक कटिंग समारोह आयोजित हुआ और बच्चों को नाश्ता एवं कोल्ड ड्रिंक वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ इस दिवस को मनाया।

# अगले बरस तू जल्दी आ... गणपति की हुई विदाई

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



भगवान गणेश जी की 8 दिन तक पूजा-अर्चना करने के पश्चात धूमधाम गाजे बाजे व पूर्ण श्रृद्धा के साथ विसर्जित किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में भक्तगण गुलाल उड़ाते हुये गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते हुये चल रहे थे।

बता दे कि इन दिनों समूचे जनपद में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। भक्तों ने भगवान श्री गणेशजी को अपने अपने घरों में विराजमान कर उनकी पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की तथा अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने अपनी श्रृद्धानुसार भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की तथा पाचवे दिन से भगवान श्री गणेशजी का विसर्जन करना प्रारम्भ कर दिया था। मुख्यालय के मलकपुरा में विराजमान श्री गणेश गणेश जी की भक्तों ने 8 दिन तक पूरी श्रृद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना की तथा आठवे दिन बडी ही धूमधाम व हर्षोउल्लाश के साथ भगवान गणेश जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में दर्जनों की संख्या में भक्तगण शामिल रही। इस दौरान युवा भक्तगण भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुये गुलाल उडाते हुये गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। वही महिला भक्तगण भक्ति गीत गाती हुई गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते हुये चल रही थी। मुख्यालय के कीरत सागर में भगवान श्री गणेश जी को नम आंखों के साथ विदा किया गया। इस दौरान सारा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के नारों से गुंजायमान हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से कीरत सागर तटबंध पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान बलवीर सेन, दिप्पू नन्ना, बीडी बंसल, जीवनलाल चौरसिया, आशीष अवस्थी, निक्की, जीत, विवेक चौरसिया, देवेशराज सेन सहित दर्जनों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। श्रीनगर कस्बे में श्री गणेश उत्सव भक्तगण बड़ी ही धूमधाम से मना रहे है, भक्तों ने श्री गणेश भगवान की प्रतिमा को स्थापित कर गणेश चतुर्थी से लेकर अभी तक आरती पूजा पाठ किया जा रहा है। अन्नत चतुर्दशी को गणेश विसर्जन किया जायेगा। इसलिए गणेश पंडालो में अंतिम दिन भक्तो की भारी भीड़ उमड रही है। श्रीनगर कस्बे के मेन बाजार में सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रांगण व भैरोगंज में पंडित चंद्रशेखर तिवारी के निवास सहित कस्बे में कई जगहों पर श्री गणेश भगवान उत्सव मनाया गया। जिसमे भक्तो ने भगवान श्री गणेश ज़ी की प्रतिदिन पूजा पाठ व आरती कर उत्सव मनाया कस्बे में श्री गणेश पंडालो में रोज नई नई झाकियों से पंडालो को सजाया जा रहा है। इस दौरान हवन प्रसाद वितरण किया जा रहा है। सुबह शाम की आरती में भक्त गणों की भीड़ अत्यधिक हो जाती है। जिससे आसपास का माहौल भक्तिमय हो जाता है। इस मोके पर भक्तगण भाजपा नेता ब्रजेश गुप्ता, शक्ति गुप्ता, शेषनारायण तिवारी, मुकेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, चुनमुन गुप्ता, विनोद यादव, लोकेन्द्र गुप्ता, राहुल तिवारी, दारा सिंह,सुशील तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, कुलदीप सेन सहित सेकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

पुलिया धंस जाने के कारण ग्रामीणों को आने जाने में हो रही भारी परेशानी महोबा। पसवारा रोड पर पुलिया धंस जाने के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से करने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिस कारण यहां आये दिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे है।

बता दे कि पसवारा रोड इन्डुस वेली स्कूल और हनुमान मन्दिर के बीच में स्थित पुलिया धंस गई है। जिससे यहां से निकलने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जुलूसे मुहम्मदी में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**जन एक्सप्रेस/उरई (जालौन)।** सारी दुनियां को अम्न ओ शांति का सदमार्ग दिखाने वाले पैगम्बरे इस्लाम मुहम्मद साहब के जन्म दिवस के मौके पर अंजुमन फिदायाने रसूल के जेरे एहतमाम कादरी चौराहा बजरिया से सदर जुलूसे मुहम्मदी हजरत मारूफ मियां सज्जादा नशीन गंजमुरादाबाद शहर इमाम मंजूर बरकाती, नायब सदर फिरोज रहमानी ने तिलावते कुरआन के बाद अमनो खैरियत की दुआ के साथ जुलूसे मुहम्मदी को हरी झंडी दिखाकर आगे बढ़ाया जुलूस मुहम्मदी में हजारों अकीदतमंदों ने सरों पर टोपियां लगाकर, हाथों में छोटे बड़े इस्लामी परचम (झंडे) लिए पूरे जोशो खरोश के साथ कतारबद्ध हो मुहम्मद साहब का गुणगान करते हुए चल रहे थे जुलूस में बड़े बुजुर्ग घोड़ों पर तो शहर के तमाम मदरसों के बच्चे रंगीन पोशाकों में नाते नबी पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूसे मुहम्मदी अपने तयशुदा मार्गों से आगे बढ़ता रहा उन रास्तों पर जगह जगह हिन्दू और मुस्लिम भाईयों ने मिलकर पुष्प वर्षा की स्टाल लगाकर चाय शर्बत और मिष्ठान खिलाकर जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया और गले मिलकर मुबारकबाद दी।

# रायकोट मन्दिर से गाजे बाजे के साथ निकाली गई भगवान श्रीकृष्ण की जल विहार शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायकोट मन्दिर के महन्त श्री शिवांसु दास महाराज द्वारा भगवान श्री बांके बिहारी लाल लड्डू गोपाल श्रीकृष्ण जी की जल विहार शोभायात्रा बड़े ही घूम धाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सर्वप्रथम शोभा यात्रा कीरत सागर पंहुची जहां भगवान श्री कृष्ण जी ने नौका में बैठकर कर जल विहार किया। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़ों डीजे के साथ भक्ति से सराबोर श्रीकृष्ण भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। भगवान श्री कृष्ण जी का जगह जगह फूल माला पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवम यात्रा में शामिल भक्तों का नगर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण के सिंहासन पर पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की

द्वादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव के रूप में जलविहार नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कस्बे के रायकोट मन्दिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया यात्रा सुभाष चौकी होते हुए ऊदल चौक आल्हा चौक से तहसील चौराहा मुख्य बाजार मलक पुरा से होते हुए रायकोट मन्दिर पर यात्रा का महा आरती के साथ समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही।

शोभायात्रा के दौरान सदर विधायक राकेश गोस्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, समाजसेवी शिवाकुमार गोस्वामी, कोपरेटिव चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी शिव ध्यान पांडेय, सी0ओ0 सिटी दीपक दुबे, भागीरथ नगायच रमेश शुक्ला अखिलेश चौबे आनन्द तिवारी हनुमान शुक्ला लल्ला शुक्ला कोतवाली प्रभारी मनीष पांडेय सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

# जल विहार का भव्य जुलूस अजनर में गूंजे 'जय श्रीराम' के जयकारे

**जन एक्सप्रेस । अजनर (महोबा)**



शुक्रवार को अजनर में सिद्ध बाबा आश्रम और बड़ी माता मंदिर से एक भव्य जल बिहार का जुलूस निकाला गया। यह शोभायात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत और महामंत्री अंकित दिवेदी के सौजन्य से आयोजित की गई थी। जुलूस का प्रारंभ मंदिर प्रांगण से हुआ, जो थाना अजनर होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरता हुआ गाँव का भ्रमण करता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ÷जय श्रीराम÷ के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धार्मिक ध्वजपताकाओं और भक्ति गीतों से सजी इस शोभायात्रा का समापन मिठऊआ तालाब पर हुआ। इस अवसर पर राकेश द्विवेदी छुन छुन महाराज द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जबकि जलपान की व्यवस्था अरविंद कुशवाहा द्वारा की गई थी।इस भव्य जल बिहार के जुलूस ने अजनर के लोगों में धार्मिक उत्साह और एकता का संचार किया, जिससे समस्त श्रद्धालुओं ने इस अनूठे और दिव्य अनुभव का आनंद लिया।

# साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध की रोकथाम तथा साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया व साइबर अपराध की सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

प्रशिक्षण में फंड ट्रेल, एनसीआरपी पोर्टल, सहयोग पोर्टल, साइबर हेल्पलाइन नम्बर -1930, म्यूल खातों का अध्ययन, साइबर अपराध से सम्बंधित कानून तथा क्या करें और क्या न करें जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान कर सार्थक चर्चा की गई। साथ ही डाऊट क्लियरिंग सेसन के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत जनपद में सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाने की साइबर हेल्प डेस्क पीड़ित व्यक्तियों को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराए तथा साइबर अपराध की रोकथाम के लिए सतत प्रयासरत रहे।

# ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर सीरत प्रदर्शनी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में जलसा ईद मिलाद उन नबी और मौलाना आजाद लाइब्रेरी में सीरत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 5 सितम्बर शुक्रवार प्रातः 10.30 बजे कैनेडी हाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दारूल उलूम नदवतुल उलमा के हजरत मौलाना खालिद नदवी साहब गाजीपुरी और वसीका अरबिक कालिज फैजाबाद, अयोध्या के प्राचार्य हजरत मौलाना मोहम्मद मोहसिन साहब पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर तकरीर करेंगे।अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की मौलाना आजाद लाइब्रेरी द्वारा ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के उपलक्ष्य में 5-6 सितंबर को सेंट्रल हॉल में पैगंबर मोहम्मद (स.) के जीवन से संबंधित पुस्तकों, पांडुलिपियों, कलाकृतियों और पवित्र स्थानों के चित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन एएमयू की कुलपति प्रो. नईमा खातून 5 सितंबर को प्रातः 10 बजे करेंगी।

यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन प्रो. निशात फातिमा ने बताया कि प्रदर्शनी में कई भाषाओं में सीरत (पैगंबर मोहम्मद स.अ.व. की जीवनी) पर एक हजार से अधिक पुस्तकें, दुर्लभ प्रकाशित कुरान और कुरानिक सुलेख के उदाहरण प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें इस्लाम के चैथे खलीफा हजरत अली द्वारा लिखित कुरान की एक प्रति भी शामिल है।

# बीती रात हिम्मतपुर में चोरी का असफल प्रयास, दहशत में ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)।**

थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर में गुरुवार-शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन सतर्कता के कारण असफल रहे। घटना के बाद पूरे गांव में भय और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी महेंद्र राठौर पुत्र अजुद्धी राठौर के घर की छत पर करीब रात 2.10 बजे तीन चोर चढ़ गए। उस समय हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के कारण महेंद्र का पुत्र राहुल जाग रहा था। उसने सीढ़ियों के ऊपर रखी टीन की चद्दर को हटाते हुए एक व्यक्ति को देखा। राहुल ने तुरंत शोर मचाया, जिससे घर के अन्य लोग भी सतर्क हो गए। शोर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए यह देखकर चोर भाग खड़े हुए और वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों के पास कोई हथियार होने के भय से उनका पीछा नहीं किया। गृहस्वामी महेंद्र राठौर ने गांव के प्रधान सत्येंद्र राठौर, रामप्रकाश यादव, दिनेशबाबू दोहरे, भगवानदास दोहरे, गुड्डू राठौर, माताप्रसाद, मोहन सिंह यादव, राजबहादुर यादव समेत अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बताया कि चोरों की संख्या तीन थी और वे काले कपड़े व घुटने तक के काले जूते पहने हुए थे।

ग्रामीणों ने कहा कि वह तत्काल पुलिस को सूचना देना चाहते थे, लेकिन मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण पुलिस तक खबर नहीं पहुंचा पाए। गांव के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार लोग पुलिस को समय पर सूचना नहीं दे पाते। गृहस्वामी महेंद्र राठौर ने गांव के प्रधान सत्येंद्र राठौर, रामप्रकाश यादव, दिनेशबाबू दोहरे, भगवानदास दोहरे, गुड्डू राठौर, माताप्रसाद, मोहन सिंह यादव, राजबहादुर यादव समेत अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बताया कि चोरों की संख्या तीन थी और वे काले कपड़े व घुटने तक के काले जूते पहने हुए थे। ग्रामीणों ने कहा कि वह तत्काल पुलिस को सूचना देना चाहते थे, लेकिन मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण पुलिस तक खबर नहीं पहुंचा पाए। गांव के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार लोग पुलिस को समय पर सूचना नहीं दे पाते। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि चोरों को समय रहते नहीं पकड़ा गया तो भविष्य में बड़ी वारदात हो सकती है। गांव के बुजुर्गों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर किया जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सूचना दी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना उनके लिए चेतावनी है और अब गांव में रात के समय चैकीदार या निगरानी दल बनाने की भी चर्चा शुरू हो गई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने बताया कि किसी के भी द्वारा इस घटना के बारे में पुलिस को अवगत नहीं कराया गया है।

## ट्रैफिक पुलिस कर्मी के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना बन्नादेवी क्षेत्र के सूतमिल चौराहा जीटी रोड पर एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी व ऑटो चालक के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में आसपास खड़े वाहन चालक अवैध वसूली करने का आरोप लगा रहे हैं। घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। इसमें एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी ऑटो चालक के साथ मारपीट कर रहा है। ऑटो चालक भी अपने बचाव में हाथ-पैर मार रहा है। जबकि वहां तमाशाबीनों की भीड़ जुटी हुई थी। ऑटो चालक वीडियो में कह रहा है कि यह पढ़े लिखे हैं, इनको सरकार ने नौकरी दी है कि आम जनता को मारो। वायरल वीडियो में ट्रैफिक पुलिस कर्मी ऑटो चालक के साथ मारपीट करते दिख रहा है। ऑटो चालक भी अपने बचाव में हाथ-पैर मार रहा है। जबकि वहां तमाशाबीनों की भीड़ जुटी हुई थी। ट्विट के जवाब में अलीगढ़ पुलिस ने कहा है कि प्रकरण कई दिन पुराना है।

# गुढ़ा-महटौली मार्ग पर कुड़ार नाले का पुल डूबा, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)।**



क्षेत्र के जगम्मनपुर-महटौली मार्ग पर गुढ़ा और बेरा गांव के बीच बना कुड़ार नाले का पुल एक बार फिर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। इस समय पुल पर लगभग एक मीटर से अधिक पानी बह रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है और हजारों ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

यमुना नदी का जलस्तर फिलहाल 105 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का निशान 108 मीटर है। वर्ष 1996 की भयावह बाढ़ के दौरान यमुना का अधिकतम जलस्तर 112.980 मीटर तक पहुंचा था। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कभी जलस्तर उतना बढ़ा तो यह पुल करीब 25 फुट पानी के नीचे समा जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने के बाद नाले की गहराई जरूर कम हुई, लेकिन बरसात के चार महीनों में उन्हें अब भी राहत नहीं मिल पा रही है। उमाशंकर दुबे, दया बाबू पाल, विनोद सिंह और मंगी राजपूत ने बताया कि जब पंचनद क्षेत्र की अन्य नदियों और मार्गों पर यातायात सामान्य रहता है, तब भी कुड़ार नाले का यह मार्ग डूबने से बंद हो जाता है। इसका असर गुढ़ा, बेरा, महटौली, पुरा, हिम्मतपुर जगम्मनपुर और आसपास के गांवों के हजारों लोगों पर पड़ता है।

करीब चार वर्ष पूर्व क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने ग्रामीणों की पुरानी मांग को देखते हुए इस पुल का निर्माण कराया था। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सही सर्वेक्षण न करने के कारण पुल अपेक्षित ऊंचाई पर नहीं बनाया गया। परिणामस्वरूप जैसे ही यमुना का जलस्तर कुछ मीटर बढ़ता है, पुल पानी में डूब जाता है और आवागमन ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब लाखों रुपये की लागत से पुल बनाया गया, तो उसका लाभ जनता को क्यों नहीं मिल रहा?

उनका कहना है कि तकनीकी खामियों के कारण न केवल सरकारी धन बर्बाद हो रहा है, बल्कि आम लोगों की परेशानी भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## यमुना नदी के जलस्तर बढ़ने से हजारों बीघा फसल हुई जलमग्न

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

तहसील खैर के टप्पल क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। महाराजगढ़, शेरपुर, घरबार, मालव, ऊटासनी और किशनगंज गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। किसानों को मवेशियों के लिए चारे की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिक निरीक्षण कर रहा है। वास्तविक मदद नहीं मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बीमार ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं। यमुना के कटान से कई मकान जर्जर हो गए हैं। किसान और पशुपालक नाव से जंगल जाकर चारा ला रहे हैं। मवेशियों को ऊंचे इलाकों की ओर ले जाया जा रहा है। ग्रामीण भूप सिंह ने बताया कि अधिकारी सिर्फ निरीक्षण करते हैं, राहत नहीं देते।

# शिक्षण संथानों में बड़े धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)।**

कोंच के स्कूलों व कोचिंग सेंटरों में बड़ी ही धूम धाम से शिक्षक दिवस मनाया गया वहीं नगर विवेकानंद द ग्लोबल स्कूल में अध्यापक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर विद्यालय परिवार ने अपने सम्मानित अध्यापकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपना प्रेम और आभार भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया। शिक्षकों को उपहार एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इसी मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार निरंजन, सह-निदेशक हरे कृष्णा निरंजन, प्रधानाचार्य मनीष कुमार एवं उप प्रधानाचार्य विमलेश चैधरी दर्जनों लोग मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अथिति ने संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने शिक्षक दिवस मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह दिन महान दार्शनिक, शिक्षक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही जीवन के मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और समाज की सच्ची धरोहर हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने समस्त कक्षाओं के बच्चों की समस्त शिक्षकों को उनके द्वारा दिए गए सम्मान के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की। कोंच नगर में कोचिंग सेंटरों में भी बच्चों ने अपने अपने कोचिंग सेंटरों बड़े धूम धाम से टीचर मनाया गया साथ ही गुरु को मीठा मुंह कराकर उपहार भी दिए गए बच्चों का उत्साह देखकर सेंटरो पर बच्चों ने पार्टी का आयोजन किया गया।

# अल्ट्रावायलेट ने अपना आगरा एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया, उत्तर प्रदेश में परफॉर्मेंस इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए मंच तैयार किया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



हाल ही में पूरे यूरोप में अपने वैश्विक लॉन्च के बाद, अल्ट्रावायलेट आज आगरा में एक अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ भारत में अपने विस्तार को आगे बढ़ा रहा है। यह सोपान भारत में अल्ट्रावायलेट की चल रही वृद्धि को उजागर करता है और देश भर में प्रदर्शन-उन्मुख और सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

यह नव स्पेस स्टेशन डीलर 'तिरूपति ऑटोमोबाइल्स' के साथ साझेदारी में स्थापित किया गया है। यह ग्राहकों को अल्ट्रावायलेट की प्रदर्शित मोटरसाइकिलें - एफ77 मैच2 और एफ77 SuperStreet का व्यापक अनुभव प्रदान करेगा। स्पेस स्टेशन ग्राहकों को संपूर्ण खरीद अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें टेस्ट राइड से लेकर अल्ट्रावायलेट के मौजूदा मॉडलों की डिलीवरी और आगामी नवाचारों तक सब कुछ शामिल है। यह ङ्क स्पेस स्टेशन एक 3ऽ सुविधा है और इसे एक व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसकी शुरुआत टेस्ट राइड अनुभव, बिक्री, सेवा से लेकर, मोटरसाइकिल एक्सेसरीज़ तक होती है - सब एक ही छत के नीचे।

अल्ट्रावायलेट के सीईओ और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने उद्घाटन पर कहा, अल्ट्रावॉयलेट को आगरा में अपना एक्सपीरियंस सेंटर लाने पर गर्व है, जो अपनी विरासत, डिजाइन और इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए जाना जाता है। यह लॉन्च केवल हमारे पदचिह्न का विस्तार नही है, यह एक ऐसे शहर से जुड़ने के बारे में है जो कालातीत रचनात्मकता और दूरदर्शी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के केंद्र के रूप में उभर रहा है, उसी तरह आगरा एक उत्साही समुदाय और टिकाऊ, प्रदर्शन मोटरसाइकिलिंग की बढ़ती मांग के साथ खड़ा है। इस लॉन्च के साथ, हम राज्य में अपने प्रवेश को चिह्नित करते हैं और एक संपूर्ण स्वामित्व यात्रा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो अत्याधुनिक तकनीक, टिकाऊ प्रदर्शन और समुदाय की मजबूत भावना का मिश्रण है।

## बारावफात जुलूस का कई स्थानों पर स्वागत

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**

कोंच नगर में बारावफात यानी ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुक्रवार की शाम 2 बजे से ही धूमधाम से निकाला गया। जुलूस का जोरदार स्वागत हर जगह हुआ और आकर्षक ढंग से नगर को सजाया गया, वही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जगह-जगह भारी बल तैनात रहा। वही मौलाना ने मुहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने की अपील की कोंच ब्लॉक सहित नगर क्षेत्र में शुक्रवार को बारावफात का पर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया गया।

लोगों ने घरों एवं मस्जिदों में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर कुरानख्वानी की और नियाज फातिहा कराया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में लोगों ने घरों एवं मोहल्लों को झालर-झंडों से सजाया था। नमाज जुमा 2 बजे मस्जिद जिनतुल इस्लाम तिलक नगर से उठेगा नगर भ्रमण कर जामा मस्जिद जबाहर नगर पर समाप्त होगा जिसे जुलूस को हरी झंडी दिखाकर एसडीएम ज्योति सिंह ने रवाना किया। इसी दौरान सदर हाफिज अताउल्ला गौरी खा व नायब सदर हाफिज मोहम्मद साबिर बरकाती जुलूस के सदर हाजी रहम इलाही जुलूस में शामिल रहे। यह जुलूस बाजार मानिक चौक कटरा लबली चैराहा स्टेट बैंक खैरा चैराहा आरा जी लाइन मंडी आजाद नगर चन्दकुआ सागर तालाब से गुजरेगा नगर में जगह जगह सजावट की गई थी। तंजीम के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, सेकेट्री हाजी मोहम्मद अहमद, खजांची मोहम्मद उमर, ऑडिटर एनुल आरफीन एडवोकेट, अशफाक गौरी सैफ उल्ला खां बटीं, मोहम्मद शरीफ बरकाती, अशफाक उल्ला खां बल्लू, सेठ मुमताज अहमद, सेठ नासिर हाजी सुल्तान, शमसुद्दीन मंसूरी, सभासद, अहमद खां कड्डू मामा, नन्नू कुरैशी, तार्रुफ हुसैन, सईद अहमद खन्ना, मुन्ना मंत्री, शकील मकरानी आदि सभी सहयोग में लगे रहे।

## नेपाल में डिजिटल स्ट्राइक

# अपंजीकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगा बैन

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार की सख्ती के बाद, करोड़ों यूजर्स होंगे प्रभावित

- डिजिटल विशेषज्ञों ने जताई चिंता, कहा सोशल कनेक्टिविटी और ऑनलाइन बिज़नेस को लगेगा झटका
- टिकटॉक, वाइबर, वीटॉक पंजीकृत, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सएप सहित 26 प्लेटफॉर्म बंद

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

**सरकार के कदम की हो रही आलोचना**

नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया को बैन करने के फैसले से राजनीतिक गलियारों में आलोचना भी हो रही है। 'द काठमांडू पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक संसद में मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (माओवादी सेंटर) के मुख्य सचेतक हित राज पांडे सरकार के फैसले की निंदा की है और इसे आपत्तिजनक कहा है, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया बंद करने से देश में अव्यवस्था फैल सकती है।



सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सभी प्रकार के सक्रिय सोशल मीडिया कंपनियों का अनिवार्य रूप रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, जो साइबर सुरक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के लिए अत्यंत आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बाद इंटरनेट के डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रसारित होने वाली अवांछित सामग्री साइबर अपराध, आपत्तिजनक पोस्ट की रोकथाम में मदद मिलेगी।

**देवेंद्रराज कंडेल**
पूर्व गृहराज्यमंत्री, नेपाल राष्ट्र

भारत से सटे पड़ोसी देश नेपाल ने एक ऐसा फैसला लिया है जिसने पूरे दक्षिण एशिया में डिजिटल जगत को चौंका दिया है। नेपाल सरकार ने गुरुवार को उन सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है, जिन्होंने देश में पंजीकरण कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इनमें फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और यूट्यूब जैसे बड़े और लोकप्रिय प्लेटफार्म भी शामिल हैं।

दरअसल, नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में आदेश जारी करते हुए कहा था कि देश में सक्रिय सभी घरेलू और विदेशी सोशल मीडिया कंपनियों का अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया था कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कराकर डिजिटल मंचों पर प्रसारित होने वाली अवांछित सामग्री की निगरानी और नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। इस आदेश के बाद नेपाल कैबिनेट ने कंपनियों को सात दिन का अल्टीमेटम भी दिया, लेकिन दिग्गज कंपनियों ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग की अध्यक्षता में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों, नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और टेलीकॉम ऑपरेटरों की बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन कंपनियों ने अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनके प्लेटफॉर्म्स पर तत्काल प्रभाव से बैन लागू होगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि टिकटॉक, वाइबर, वीटॉक और निंबज़ जैसे प्लेटफॉर्म पहले से पंजीकृत हैं, जबकि टेलीग्राम और ग्लोबल डायरी का मामला प्रक्रिया में है। वहीं, प्रतिबंधित किए गए प्लेटफॉर्म्स की सूची लंबी है, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर (एक्स), व्हाट्सऐप, लिंक्डइन, स्नैपचैट, रेडिट, डिस्कॉर्ड, पिंटरेस्ट, सिग्नल, थ्रेड्स, वीचैट, क्वोरा, टम्बलर, क्लबहाउस, रंबल, इमो, लाइन, जालो, एमआई वीडियो, एमआई वाइके, सोल और हमरो पैट्रो जैसे मंच शामिल हैं।

हालांकि नेपाल सरकार के इस फैसले से नेपाल के करोड़ों यूजर्स, व्यापार भी प्रभावित होंगे। सरकार का दावा है कि यह कदम साइबर सुरक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय हित के लिए आवश्यक है। हालांकि, इस प्रतिबंध को लेकर आम जनता में नाराजगी और डिजिटल विशेषज्ञों में चिंता देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अचानक लागू किए गए इस फैसले से न केवल सामाजिक संवाद प्रभावित होगा बल्कि नेपाल के स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल इकोनॉमी को भी बड़ा झटका लग सकता है। अब सबकी नजर नेपाल सरकार की आगामी रणनीति पर है कि क्या दिग्गज कंपनियां बातचीत और समझौते के लिए आगे आती हैं या फिर यह बैन लंबे समय तक जारी रहेगा।

## जोकवा बाजार में झोलाछाप के इंजेक्शन से किशोर की मौत, हंगामा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के जोकवा बाजार में सोमवार की देर शाम एक झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से किशोर की मौत हो गई। नाराज तीमारदार हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख झोलाछाप मौके से क्लिनिक बंद कर भाग गया। विश्वास नहीं होने पर फाजिलनगर सीएचसी पर ले गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव लालागुरवलिया के शेखवापट्टी निवासी इकरार दीवान (15) पुत्र अकलू दीवान का दो दिन पूर्व बाइक के साइलेंसर से एक पैर जल गया था।

शाम को वह गांव के एक लड़के साथ जोकवा बाजार में डीजे पहुंचाने गया था। डीजे देने के बाद वह बाजार में ही एक क्लिनिक पर झोलाछाप के पास दो दिन पूर्व जले पैर को दिखाने चला गया। उक्त झोलाछाप ने किशोर के घाव को जल्द ठीक होने के लिए इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही किशोर की हालत बिगड़ने लगी। किशोर हालत बिगड़ता साथ का लड़का घरवालों को बताया। मौके पर पहुंचे लोग हंगामा करने लगे। किशोर को जिंदा बताकर झोलाछाप सीएचसी फाजिलनगर भेज दिया और खुद क्लिनिक बंद कर फरार हो गया।

सीएचसी पर लेकर परिजन पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सहयोगियों संग पहुंच गए। नाराज लोगों को समझाने के बाद शव को कब्जे में लिया। घर वालों का आरोप है कि झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से किशोर की मौत हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। झोलाछाप की तलाश की जा रही है।

# भ्रष्टाचार में घिरे उपनिबंधक पर शिकंजा कसना शुरू

## किसान नेता नागेंद्र शुक्ल आज से करेंगे अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन

जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज



नौतनवा तहसील में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे उपनिबंधक संदीप गौड़ के खिलाफ मोर्चा अब तेज हो गया है। किसान नेता नागेंद्र प्रसाद शुक्ल ने उपनिबंधक की जांच और निलंबन की मांग को लेकर आज से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है।

श्री शुक्ल ने बताया कि 12 अगस्त को अर्धविक्षिप्त व्यक्ति से बैनामा कराने जैसे गंभीर प्रकरण समेत राजस्व चोरी और अनियमितताओं के कई ठोस प्रमाण उनके पास मौजूद हैं। इसी को लेकर उन्होंने बुधवार को वाराणसी सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश सरकार के स्टांप एवं पंजीयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल से मुलाकात की और विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा।

मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उपनिबंधक नौतनवा के खिलाफ विभागीय जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। नागेन्द्र शुक्ल का कहना है कि संदीप गौड़ की तैनाती के बाद से तहसील में राजस्व चोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। आम किसानों और जरूरतमंदों से पैसा वसूली रोजमर्रा की बात बन चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक दोषी उपनिबंधक पर कार्यवाही नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

इस आंदोलन से तहसील क्षेत्र में हलचल मच गई है। किसानों और आम नागरिकों ने भी नागेंद्र शुक्ल के समर्थन में आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी: पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच कौमी एकता का संदेश

- हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर निकला जुलूस, अमन व मोहब्बत का पैगाम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जगह-जगह मस्जिदों और धार्मिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही अकीदतमंद नये वस्त्र पहनकर मस्जिदों में पहुंचे और इबादत अदा की। इसके बाद शहर के मेन चौराहे सहित विभिन्न मार्गों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस के दौरान नबी-ए-पाक की शान में नात-ए-शरीफ पढ़ी गई और उनके जीवन तथा पैगाम पर रोशनी डाली गई। लोगों ने अमन, मोहब्बत और कौमी एकता का संदेश दिया। महराजगंज नगर के अलावा परतावल, सिसवा, नौतनवा, बरगदवा, निचलौल, ठूठीबारी सहित मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर उत्साह देखा गया। हर जगह जुलूस निकाले गए, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल रहे। इस मौके पर जनपद की पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना और एएसपी लगातार जुलूस की पल-पल की जानकारी लेते रहे। सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाल और चौकी इंचार्ज भी फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। हर मस्जिद और जुलूस मार्ग पर पुलिस बल जवान को तैनात किया गया था। धार्मिक स्थलों पर तकरीर के दौरान उलेमाओं ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और उनके पैगाम पर प्रकाश डालते हुए भाईचारे और इंसानियत की राह पर चलने की नसीहत दी। जश्न-ए-ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के समापन पर सलाम पढ़ा गया और अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बारह रबीउल अव्वल की मुबारकबाद दी।

# बाइक चलाते समय रील बना रहे युवक महिला से भिड़े फिर ट्रक से टकराए, तीन की मौत और एक घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया








यह हादसा शहर से कसया रोड ओवरब्रिज से उतरते ही हुआ है। सुबह करीब आठ बजे बाइक सवारों के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। एक बाइक पर सवार तीन किशोर महिला को टक्कर मारते हुए ट्रक से भिड़ गए।

शहर के कसया रोड पर शुक्रवार सुबह बाइक पर रील बनाते समय हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि एक किशोर घायल हो गया। सभी शहर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार बाइक पर रील बनाते समय हादसा हुआ है। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने हुए थे। घटना से मृतकों के मोहल्लों में शोक की लहर दौड़ गई है। सुबह करीब आठ बजे दो युवक व एक किशोर एक ही बाइक पर बैठक शहर से कसया रोड की ओर जा रहे थे। मालवीय रोड ओवरब्रिज से उतरते समय उनकी बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे बैठी मुन्नी पत्नी पारस से टकरा गई। इसके बाद बाइक सवार सड़क पर जा रहे ट्रक से भिड़कर घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने सिंधी मिल कॉलोनी निवासी मुन्नी देवी 40 वर्ष पत्नी पारस को मृत घोषित कर दिया। वहीं पिड़रा निवासी किशन चौहान 18 वर्ष पुत्र भूपेंद्र चौहान और रघवापुर निवासी अनूप प्रसाद (19 वर्ष) पुत्र पिंटू प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहर कोतवाल इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ओवरब्रिज से उतरते समय तीनों बाइक सवार रील बना रहे थे। इस बीच महिला को टक्कर मारते हुए ट्रक से जा भिड़े। इसमें महिला समेत दो युवकों की मौत हो गई।

## स्कूल में मारपीट के मामले में छह नामजद सहित आठ पर केस

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** एक सितंबर को जीबीएसएचएस स्कूल मेहरौना लार में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने छह नामजद सहित आठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। जीबीएसएचएस स्कूल मेहरौना लार के प्रधानाचार्य ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि एक सितंबर को सुबह 9:30 बजे कुछ अराजक तत्व विद्यालय परिसर में बल पूर्वक कार्यालय में घुसकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कुछ लोग कार्यालय के बाहर निकल कर छात्र पर हमला कर दिए। जब तक विद्यालय कर्मचारी या अन्य स्टाफ कुछ समझ पाए उन्होंने भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिए। जहां पर विद्यालय के छात्राएं एवं अध्यापिकाएं मौजूद थी। पुलिस ने इस मामले में शंभू सिंह, रवि रंजन सिंह, मिट्ठू सिंह निवासी सोनहुला बिहार व दिव्यांशु सिंह, अमरीश सिंह निवासी चुरिया व सुमित जायसवाल निवासी मेहरौना सहित आठ अज्ञात लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

## 'द इंड...', इंस्टाग्राम पर ये शब्द लिख युवक ने दी जान, इंटर की पढ़ाई के बाद इस कोर्स की कर रहा था तैयारी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कुशीनगर में इंस्टाग्राम पर द इंड की पोस्ट लिख युवक ने खुदकुशी कर ली। युवक पढ़ने में होनहार था। उसका अधिकतर समय पढ़ाई में बीतता था। इसके आत्मघाती कदम उठाने से परिवार के लोग सदमे में हैं। कुशीनगर के हनुमानगंज थाना इलाके के धनीपट्टी गांव के मखनहा टोला निवासी 23 वर्षीय छात्र ने मंगलवार की रात कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम पर द इंड का फोटो पोस्ट किया था।

यह देखने के बाद परिवार के सदस्यों को संदेह हुआ तो उसके कमरे पर गए। कमरा अंदर से बंद था और आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कमरे के गेट को तोड़ा गया।

कमरे में पंखे के सहारे फंदे से युवक का शव लटक रहा था। अचानक युवक की ओर से उठाए गए आत्मघाती कदम से घरवाले परेशान हैं, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सका है।



मखनहा टोला निवासी अतुल कुमार सिंह इंटर की पढ़ाई पूरा करने के बाद लॉ करने के लिए तैयारी कर रहा था। सोशल मीडिया पर वह काफी सक्रिय रहता था। रोज की तरह मंगलवार की रात करीब नौ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया।

इंस्टाग्राम आईडी पर द इंड की फोटो पोस्ट की

कुछ देर बाद उसके भाई और बहन ने देखा कि अतुल ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर द इंड की फोटो पोस्ट की है। यह देख इन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी और कमरा खोलने के लिए आवाज देने के लिए।

फंदे से लटका मिला शव

कमरे के अंदर से अतुल की आवाज नहीं आई, इस पर घर वालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर शव फंदे से लटकता देख घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर आई पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

घरवालों के अनुसार, अतुल पढ़ने में होनहार था। वह दो भाई और एक बहन में दूसरे नंबर का था। उसका अधिकतर समय पढ़ाई में बीतता था। इसके आत्मघाती कदम उठाने से परिवार के लोग सदमे में हैं।

अधिकांश समय अपने कमरे में रहता था अतुल पिता और छोटा भाई गुजरात में रहकर काम करते हैं। घर वालों के अनुसार, वो अधिकांश समय अपने कमरे में रहता था, घर पर मां, बहन और बुजुर्ग दादी रहती है। हनुमानगंज प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## 65 वर्षीय पत्नी ने पति पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, बोली- 12 साल से दोनों अलग रह रहे

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

महिला का आरोप है कि पति के पहुंचते ही पहले विवाद हुआ, इसके बाद उसने दरवाजा बंद कर पीड़िता को धमकी दी और दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। यूपी के गोरखपुर के झंगहा क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है।

65 वर्षीय बुजुर्ग पर उसकी पत्नी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पति-पत्नी के बीच पिछले 12 वर्षों से विवाद चल रहा था और पीड़िता अपनी बेटी के साथ खोराबार क्षेत्र में अलग रह रही थी। पीड़िता के अनुसार, तीन महीने पहले दोपहर के समय पति अचानक घर पहुंचा। आरोप है कि पति के पहुंचते ही पहले विवाद हुआ, इसके बाद उसने दरवाजा बंद कर पीड़िता को धमकी दी और दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार न्यायालय एएसजे, एसपीएल पॉक्सो ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सात साल के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायाधीश साक्ष्यों और गवाहों के बयान का अवलोकन करते हुए मुकदमा असलम निवासी सोनवरसा शंकरपुर थाना मोहाना को यह सजा सुनाई है। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर सजा बढ़ जाएगी। सजा कराए जाने में जिला मॉनिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अर्जुन थाना सिद्धार्थनगर का योगदान रहा।

यौन शोषण के शिकार मासूम की इलाज के दौरान मौत भटनी के बिहार के एक गांव निवासी अप्राकृतिक दुष्कर्म से पीड़ित मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने विजयीपुर थाना पहुंच आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। मामला बार्डर क्षेत्र से जुड़े होने के चलते बृहस्पतिवार को पूरे दिन प्रकरण की चर्चा इलाके में होती रही। भटनी थाना क्षेत्र से सटे बिहार के विजयीपुर इलाके के एक गांव में मंगलवार को एक छह वर्षीय मासूम के साथ गांव के ही एक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। इससे मासूम की हालत खराब हो गई। परिजन उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां स्थिति नाजुक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। बच्चे का इलाज वहीं चल रहा था।

## मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान में वाहनों की जांच से हड़कंप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत बृहस्पतिवार को जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों चेकिंग की गयी। जिसको लेकर बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनमानस में विश्वास व सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार की सुबह 5 से 8 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा संवाद के दौरान जनसामान्य को पुलिस के मार्निंग वॉकर अभियान के बिन्दुओं से अवगत कराया गया।

## महराजगंज महोत्सव 31 अक्टूबर से, एकता दिवस पर सांस्कृतिक शंखनाद

- प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, विभागीययोजनाओं पर होगी चर्चा, विविध कार्यक्रमों की होगी श्रृंखला
- कला, विज्ञान, शिक्षा और इतिहास पर आकर्षक कार्यक्रम, हुनर प्वाइंट बनेगा खास आकर्षण

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महराजगंज महोत्सव (सांस्कृतिक कार्यक्रमों) को लेकर जिलास्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव की तिथि, स्थल, कार्यक्रमों की रूपरेखा, स्टालों की व्यवस्था और समितियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने दशहरा पर्व को देखते हुए महोत्सव का शुभारंभ आगामी 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आगाज़ रन फॉर यूनिटी/वॉकेथान से किया जाएगा, जिससे युवाओं और नागरिकों में एकता का संदेश जा सके। बैठक में डीएम ने विगत वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न आयोजनों के लिए समितियों और उपसमितियों का गठन शीघ्र किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों और हुनरमंदों को मंच प्रदान करने के लिए 'हुनर प्वाइंट' बनाया जाए, ताकि वे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। डीएम श्री शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि महोत्सव में कला, विज्ञान, शिक्षा, खेल, और महराजगंज के इतिहास जैसे विषयों पर आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। साथ ही, विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय गोष्ठियों का आयोजन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के स्लॉट तय कर उसी के अनुरूप आयोजन सुनिश्चित किए जाएं, ताकि महोत्सव व्यवस्थित और प्रभावी हो। इससे पूर्व जिला सूचना अधिकारी/सहायक पर्यटक अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी ने समिति को महोत्सव की रूपरेखा से अवगत कराया। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, एडीएम (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, सीएमओ डॉ0 श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, पीडी राम दरश चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर काला साया! दो साल में टेट पास करो, वरना जबरन रिटायरमेंट

■ शिक्षक दिवस पर गुरुजी को मिला होमवर्क – दो साल में पास करें टीईटी परीक्षा

जन एक्सप्रेस। दिलीप उपाध्याय

**बस्ती।** सितम्बर का महीना हमेशा से शिक्षकों के लिए आदर और श्रद्धा का प्रतीक रहा है। हर साल 5 सितम्बर को देशभर में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन गुरुजनों को समर्पित है, जिन्होंने अपना जीवन विद्यार्थियों को गढ़ने और समाज को संवारने में खपा दिया। इस दिन बच्चे अपने गुरु को कार्ड, फूल और शुभकामना संदेश देकर उन्हें नमन करते हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान और दिल में सम्मान की लहर दौड़ती है।

लेकिन इस बार का शिक्षक दिवस अलग था। इस बार गुरुजनों की आँखों में खुशी की चमक कम और चिंता की छाया ज़्यादा थी। वजह थी सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश, जिसने हर शिक्षक की ज़िंदगी को दो राहों पर खड़ा कर दिया। आदेश साफ था–जो शिक्षक अब तक टेट पास नहीं कर पाए हैं, उन्हें दो साल का समय दिया जाएगा। अगर वे इस अवधि में परीक्षा पास नहीं कर पाए तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। साथ ही प्रमोशन चाहने वाले शिक्षकों के लिए भी टेट पास करना अनिवार्य होगा। यह आदेश सुनते ही शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया। हजारों शिक्षक, जो पिछले 20-25 साल से बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जिनकी उम्र अब 50-55 वर्ष पार कर चुकी है, उनके दिल से एक ही आवाज़ निकल रही है–हमसे इस उम्र में कैसे उम्मीद की जा सकती है कि हम फिर से किताबें खोलें और कठिन परीक्षा पास करें? क्या हमारे अनुभव और त्याग का कोई मूल्य नहीं?

### इस हालात पर यह पंक्तियाँ बिल्कुल सटीक बैठती हैं–

चिराग बन जलते रहे, दूसरों का अंधेरा मिटाने,
खुद तन्हा रह गए, दूसरों को राह दिखाने।
आज उसी चिराग से पूछा जा रहा है सबूत,
कि तुमने कितनी बार जलाई है रोशनी की मशाल?

### शिक्षक दिवस पर मिलना चाहिए था बधाई, मिली बेबसी

शिक्षक दिवस पर जहाँ गुरुजनों को तालियाँ, माला और ढेरों बधाई संदेश मिलने चाहिए थे, वहीं इस बार उन्हें एक अल्टीमेटम मिला। जो गुरुजी दशकों से बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जिनकी उम्र अब 50 से ऊपर हो चुकी है, वे कहते हैं–卐यह दिन हमें गर्व से भरना चाहिए था, लेकिन हमें डर और उदासी से भर गया। हमारे अपने विद्यार्थी हमें 'हैप्पी टीचर्स डे' कह रहे थे, और उसी बीच अदालत का आदेश हमारी आँखों में आँसू भर रहा था। यह कैसी विडंबना है कि बधाई और विदाई एक साथ आ रही हैं?

### अनुभव पर भारी पड़ा इम्तिहान का बोझ

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह कदम ज़रूरी है। लेकिन गुरुजनों का सवाल है–क्या दशकों का अनुभव एक परीक्षा से छोटा है?

कई शिक्षक कहते हैं–हमने जीवन भर बच्चों की कॉपियाँ जाँचीं, उनकी गलतियाँ सुधारीं, आज हमें कहा जा रहा है कि हम खुद परीक्षा दें। यह शिक्षक दिवस हमें बधाई नहीं, बल्कि बोझ दे गया है। बधाई के कार्ड हाथ में हैं, लेकिन दिल में डर है कि अगर हम असफल हुए तो हमारी पहचान मिट जाएगी।

### गुरुजनों की नाराज़गी– त्याग का अपमान नहीं सहेंगे

देशभर के शिक्षकों में इस आदेश को लेकर आक्रोश है। कई जगह संघों ने बैठकर कहा–प्रमोशन रोकना तो समझ आता है, लेकिन नौकरी छीन लेना हमारे त्याग का अपमान है।

शिक्षिका रेहना परवीन की आँखें छलक पड़ीं– हमने अपने विद्यार्थियों को अपने बच्चों से बढ़कर चाहा। उनके लिए अपनी खुशियाँ कुर्बान कीं। इस उम्र में हमसे टेट पास करने को कहना अन्याय है। शिक्षक दिवस पर हमें बधाई और सम्मान मिलना चाहिए था, लेकिन हमें डर और अपमान का अहसास कराया गया। यह बधाई हमारे लिए बोझ बन गई।

### गुरुजी की नौकरी पर संकट– टीईटी की अग्निपरीक्षा में फेल तो जबरन रिटायरमेंट

शिक्षक दिवस पर जहां देश गुरुजनों के चरणों में नमन कर रहा है, वहीं सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश हज़ारों शिक्षकों के लिए वज्रपात बनकर आया। अब बिना टीईटी पास किए कोई शिक्षक इस व्यवस्था में जगह नहीं पाएगा। जो दो साल में अग्निपरीक्षा पास नहीं कर पाएंगे, उन्हें जबरन रिटायरमेंट का सामना करना पड़ेगा। सोचिएज वही गुरुजी, जिन्होंने दशकों तक बच्चों को गिनती सिखाई, अक्षर जोड़ना सिखाया, जिनके हाथों ने न जाने कितनों की कलम थामीज अब वही गुरुजी खुद कागज़ और कलम लेकर परीक्षा हॉल में बैठेंगे। आंखों में डर, माथे पर पसीना और मन में एक ही सवाल–अगर फेल हो गया तो? यह सिर्फ इम्तिहान नहीं, यह गुरुजी की जीवनभर की तपस्या की अग्निपरीक्षा है। जिनकी डांट से पीढ़ियाँ सुधरीं, जिनकी समझ से गाँव–गाँव का भविष्य सँवरा, आज उनकी अपनी ही नौकरी संकट में है। कई शिक्षकों की आँखें भर आईं, कहते हैं–हमने तो ज़िंदगी पढ़ाने में गुज़ार दी, अब इस उम्र में कौन सा इम्तिहान देंगे? लेकिन कोर्ट का फरमान है–योग्यता साबित करो, तभी शिक्षक कहलाओगे। कक्षाओं की दीवारों पर गूँजते गुरुजी के स्वर अब जैसे कांपने लगे हैं। यह फैसला इतिहास गढ़ेगा या हजारों की आँखों से आँसू बहाएगा–समय ही बताएगा। फिलहाल, गुरुजी की डगमगाती सांसें और बेचैन दिल एक ही बात कह रहा है–अग्निपरीक्षा पास करोज वरना विदाई तय है।

### दर्द की आवाज़– बधाई से विदाई तक

जिन गुरुजनों को इस दिन केवल सम्मान और बधाई मिलनी चाहिए थी, वे अब विदाई के डर से घिरे हुए हैं। उनकी पीड़ा शब्दों से ज़्यादा उनके मौन से झलक रही है।



बिना टेट पास किये 2 वर्षो में सेवा से निकाल दिए जाने का आदेश बड़ी समस्या है,50 वर्ष की उम्र में प्रतियोगी परीक्षा देना कठिन है।विभाग ने गलत आदेश लगाकर शिक्षको को जबरन निकालने की योजना बनाई है।

**बालकृष्ण ओझा, शिक्षक**



40 वर्ष की उम्र में 20 से 25 वर्ष के नौजवान के साथ परीक्षा देना और पास नही हुए तो सेवा से निकाल दिए जाने के आदेश पर कई शिक्षक परेशान है। बुजुर्ग माता–पिता की दवा,बच्चो की पढ़ाई,घर का लोन ये सब जिम्मेदारी कैसे हो पायेगा। न्यायालय को पुनः विचार करना चाहिए।

**दुर्गेश यादव, शिक्षक बस्ती**

50 की उम्र पार कर चुकीं, जीवनभर बच्चों को पढ़ाने वाली अब खुद इम्तिहान देने की मजबूरी में हैं। परिवार और जिम्मेदारियों के बीच यह परीक्षा उनके लिए आसान नहीं है।

**कांति सेन, प्रधानाध्यापिका**

दो दशक से शिक्षा दे रहे अशोक यादव कहते हैं कि अब इस उम्र में किताबें खोलना और प्रतिस्पर्धा की दौड़ में उतरना कठिन है। परिवार का बोझ और नौकरी का डर उन्हें दोराहे पर खड़ा कर रहा है।

**अशोक यादव, सहायक अध्यापक**

विद्यार्थियों को जीवनभर मार्ग दिखाने वाली वंदना अब खुद भविष्य के अंधेरे से जूझ रही हैं। परीक्षा का दबाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके लिए भारी साबित हो रही हैं।

**वंदना, प्रधानाध्यापिका**

उम्र के इस पड़ाव पर आँखें किताब के अक्षर साफ़ नहीं देख पातीं, चश्मा लगाकर भी शब्द धुंधले नज़र आते हैं। अब सवाल यह है कि जब पढ़ना ही मुश्किल हो गया तो परीक्षा की कठिनाई कैसे पार होगी?

**देवानंद त्रिपाठी, शिक्षक**



सरकार जब भी कोई ऑर्डिनेंस सदन में लाए, तो उससे जुड़े शिक्षकों, कर्मचारियों और उनकी परिस्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, वैसे ही 50-52 वर्ष की उम्र में शिक्षकों को पुनः क्वालीफाई कराना लगभग असंभव है। सरकार को संशोधन से पहले प्रभावित वर्ग की स्थिति पर गहन मंथन करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सुप्रीम कोर्ट का कठोर निर्णय सामने आ गया। मैं सरकार से गुजारिश करता हूँ कि पुराने शिक्षकों को राहत प्रदान करने हेतु पुनः संशोधन किया जाए, अन्यथा पूरा देश मर्माहत होगा।

**शैल शुक्ला, शिक्षक**



29 जुलाई 2011 से पहले जिन शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय सेवा शर्तों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्श्वञ्) जैसी कोई अनिवार्य योग्यता निर्धारित नहीं थी। वर्तमान में माननीय न्यायालय द्वारा जिस प्रकार से निर्णय दिए जा रहे हैं, वे शिक्षकों के लिए निराशाजनक प्रतीत हो रहे हैं। इस संदर्भ में हम आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

**संतोष शुक्ल, शिक्षक**

### और इस दर्द को सबसे गहराई से बयाँ करती हैं ये पंक्तियाँ–



गुरु ही थे जिनसे सीखा था जीना,
गुरु ही थे जिनसे सीखा था सपनों को पाना।
आज वही गुरु खड़े हैं
इम्तिहान के मोड़ पर,
जहाँ बधाई की जगह मिली विदाई का पैगाम।
आँखें नम हैं, दिल बोझिल है–
क्या यही है गुरु–सम्मान?

### शिक्षक दिवस बना चिंता और आंसुओं का दिवस

5 सितम्बर का दिन हमेशा से उत्सव और बधाई का रहा है। लेकिन इस बार शिक्षक दिवस खुशी की जगह चिंता और आंसुओं में डूब गया। बच्चे 卐हैप्पी टीचर्स डे卐 के कार्ड और गुलदस्ते दे रहे थे, मगर गुरुजी के चेहरों पर मुस्कान खो गई थी। गुरुजन कह रहे थे–हमें बधाई चाहिए, विदाई नहीं। हमें सम्मान चाहिए, अपमान नहीं।

### भविष्य का बड़ा सवाल- अनुभव जीतेगा या आदेश?

अगर यह आदेश लागू हुआ तो लाखों शिक्षक अपनी नौकरी खो देंगे। इससे शिक्षा व्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ेगा। क्योंकि किताबें पढ़ाने वाले तो मिल जाएँगे, लेकिन जीवन को गढ़ने वाले गुरुजन आसानी से नहीं मिलते। समाज पूछ रहा है–क्या दशकों की सेवा और त्याग को इस तरह एक कागज़ी परीक्षा से नापा जाएगा? क्या शिक्षक दिवस हमें बधाई और सम्मान का नहीं, बल्कि विदाई और डर का संदेश देता रहेगा?

## एक्सप्रेस खबरें...

### एक माह में तीसरी बार जला ट्रांसफार्मर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन बजरडीहां गांव के निषाद बस्ती में लगा 10 केवीए का ट्रांसफार्मर एक माह पूर्व धूधू कर जल गया।माह के भीतर तीन बार नया ट्रान्सफार्मर लगाया गया। लेकिन लगते ही जल गया। एक माह से बस्ती के उपभोक्ता अंधेरे में जीने को विवश हैं। गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि गत माह 2 अगस्त को बस्ती में लगा 10 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक जल गया। जिसकी आनलाइन व आफलाइन शिकायत के बाद एक सप्ताह में दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया। जो लगते ही जल गया। इसके बाद दो और ट्रांसफार्मर लगाए गए। लोड अधिक होने के कारण वह भी जल गये। ग्रामीण ट्रांसफार्मर की क्षमता बृद्धि की मांग कर रहे हैं। लेकिन विभाग के द्वारा फिर से नया ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया गया। विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण अंधेरे में जीने को विवश हैं।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन गढ़ा गोपालापुर गांव में गुरुवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुए साइकिल सवार युवक की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान घटना के दूसरे दिन मौत हो गई। पीएम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर कर दिया गया। गांव निवासी 45 वर्षीय रामकुमार पुत्र फुन्नन गौतम गुरुवार की शाम रामनगर बाजार से अंधेरा होने पर घर जा रहे थे। गांव की बस्ती भूतल से लगभग 15 फुट ऊंचाई पर है। वह साइकिल से चढ़ाई चढ़ रहे थे कि सामने से आ रहे किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई।

## पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त को लगी गोली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ निर्देश पर जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.09.2025 को स्वाट प्रभारी उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह मय हमराह क्षेत्र में मामूर होकर असबरनपुर पुलिया के पास मौजूद होकर आपस मे अपराध एवं अपराधियो के बारे में बात चीत कर रहे थे कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दिया कि 02 व्यक्ति अवैध असलहा व कारतूस के साथ मोटर साईकिल पर सवार होकर भाउपुर की तरफ से डिंगुरपुर क्रासिंग के तरफ किसी बडी घटना को अंजाम देने के लिए आने वाले है। सूचना पर स्वाट प्रभारी मय हमराह को लेकर प्रस्थान करने के उपरांत प्र0नि0 जलालपुर को आरटी सेट के माध्यम से सूचित कर मौके पर आने हेतु अवगत कराया गया। स्वाट टीम व थाना पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर घेराबन्दी कर डिंगूरपुर क्रसिंग के तरफ से आने वाले व्यक्तियों का इन्तजार करने लगे कि कुछ देर बाद डिंगूरपुर मोड के तरफ से एक वाहन अपनी हेडलाईट जलाते हुए आता दिखाई दिया, मुखबिर द्वारा सूचित करने पर पुलिस टीम सचेत होकर रोड पर आकर टार्च की रोशनी दिखाकर बदमाशो को रोकने का इशारा किया गया कि उक्त बदमाशान द्वारा अपने को पुलिस से घिरा देखकर पुलिस पर फायरिंग करने लगा, बदमाशों की फायरिंग में स्वाट टीम में तैनात हे0का0 अवधेश सिंह के बायें हाथ में गोली लगी तथा स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 अरविन्द सिंह के बुलेट प्रुफ जैकेट पर लगी, आत्मरक्षार्थ मे पुलिस द्वारा गोली चलाने पर बदमाश सूरज यादव उर्फ गोलू पुत्र रामअवतार यादव निवासी देवलासपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर तो घायल दशा में गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा बदमाश अखिलेश यादव उर्फ नेता पुत्र देवचन्द यादव निवासी कुसरना महादेवा थाना केराकत जनपद जौनपुर अंधेरे व भौतिक परिस्थियो का लाभ उठाते हुए मो0सा0 सहित भाग गया। घायल बदमाश का इलाज बीएचयू ट्रामा सेन्टर वाराणसी में चल रहा है।

## सिद्धांत और व्यवहार से ही जीवन पूर्ण बनता है



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के भौतिकी विभाग में शिक्षक दिवस पर एमएससी तृतीय एवं प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा, सिद्धांत और व्यवहार के बिना जीवन अधूरा है।

एक शिक्षक अपने जीवन को विद्यार्थियों के विकास और समाज के उत्थान के लिए समर्पित करता है। शिक्षक ही वह है जो बच्चों को सही मार्ग दिखाकर नए समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में जूलॉजी विभाग से डॉ. धर्मेंद्र जायसवाल, बॉटनी विभाग से डॉ. हिमांशी त्रिपाठी, सलोनी त्रिपाठी, डॉ. शुभम दुबे और डॉ. समर बहादुर चौहान मौजूद रहे। छात्रों में ऋतुल मौर्य, रिया यादव, पायल साहू, शिवांश मिश्रा, आकाश पाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सफाई नायक को दबंगों ने पीटा, विरोध में नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों ने किया हड़ताल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर शाहगंज बीती रात दबंगों ने नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारी को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित किसी तरह से जान बचाकर वहां से भागा।

बताया जाता है की नगर के नई आबादी निवासी फिरोज अहमद पुत्र कल्लू नगर पालिका परिषद शाहगंज में सफाई नायक के पद कार्यरत है। प्रतिदिन की भांति वह बीती रात अपना काम खत्म करके घर जा रहा था।की रास्ते मे आयोध्या मार्ग पर एक ट्रावेल्स के दुकान पर टिकट सम्बन्धी जानकारी लेने पहुंचा मगर दुकानदार के न होने के कारण फिरोज अपने घर जाने लगा। आरोप है तभी अचानक सन्नी यादव व एक अज्ञात युवकों ने उसे रोक कर मारा पीटा और गालियां देते हुए धमकी दी की जहां ड्यूटी करोगे वहीं मारेंगे।किसी तरह उक्त सफाई नायक वहां से अपनी जान बचाकर भागा। शुक्रवार की सुबह जैसे ही घटना की जानकारी अन्य सफाई कर्मचारियों को हुई तो सभी कर्मचारी लामबंद होते नगर पालिका में प्रदर्शन करते हुए सफाई हड़ताल कर दिए।जिससे पूरे नगर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई। मामला बढ़ता देख आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने भी अपना समर्थन सफाई कर्मचारियों को देते हुए भारी संख्या में कोतवाली पहुंचे और एक नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए कठोर कार्यवाई की मांग की। उधर सफाई को लेकर चैयरमैन पति और प्रशासन द्वारा समझाने बुझाने पर सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ली। और दोपहर बाद सभी कर्मचारी वापस अपने काम पर लौटे

## शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



विकास खंड सुईथाकला स्थित श्री सूर्यपाल गंगाप्रसाद सिंह न्यू मॉडर्न पब्लिक विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता और शिक्षक-छात्र संवाद गोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खंड सुईथाकला प्रधान संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश दूबे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सागर सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह वत्स, राष्ट्रीय हिंदी जन एक्सप्रेस के वरिष्ठ प्रदेश संवाददाता संतोष दीक्षित, ठेकेदार बृजेश शुक्ला, और अन्य सम्माननीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन विद्यालय के उपप्रबंधक व पत्रकार आशुतोष सिंह राजपूत उर्फ महादेव सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, गुरुजन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि राम प्रकाश दूबे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा वह अमूल्य संपदा है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यालय के दो हालों में पंखा लगवाने की भी घोषणा की। डॉ. विनोद सिंह वत्स ने कहा, गुरु एक कुम्हार की भांति होते हैं जो कच्ची मिट्टी को सुंदर आकार देकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भी विद्यालय में पंखा लगाने का आश्वासन दोहराया। छात्र और शिक्षक का रिश्ता अटूट विश्वास और प्रेम पर आधारित होता है। शिक्षक वास्तव में हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं। इस भौतिक जगत रूपी सागर से पार लगाने में केवल गुरु ही हमारी नैया को पार लगा सकते हैं। शिक्षक ही सच्चे अर्थों में जीवनदृष्टा होते हैं। उन्होंने भी विद्यालय के दोनों हालों में पंखा लगवाने का वादा किया। विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा, गुरु वह दीप हैं जो छात्रों के जीवन को उजाले की ओर ले जाते हैं। शिक्षा का यह स्वर्णिम समय छात्रों के भविष्य निर्माण की नींव है। शिक्षक दिवस डॉ.राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। इस अवसर पर सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत माल्यार्पण व अभिनंदन के साथ किया गया। साथ ही सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक रमेश चंद्र मिश्रा ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बांसगांव के पूर्व प्रधान साधु तिवारी, पूर्व वरिष्ठ अध्यापक जितेन्द्र सिंह, ठेकेदार अमन वर्मा, उमेश तिवारी विनय पाठक, मुन्ना तिवारी, प्रमोद यादव, प्रशांत सिंह, विजय, ऋषि, अमित, शिवांगी, कविता वर्मा, रश्मि मिश्रा समेत विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व क्षेत्रीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## टीईटी अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग, एमएलसी को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

तीन-तीन दशक तक शिक्षा जगत की सेवा देने वाले अनुभवी शिक्षक आज न्याय की गुहार लगाने को विवश हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 30-35 वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी पदोन्नति के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य करने के आदेश ने शिक्षकों के मन में गहरी पीड़ा और असंतोष भर दिया है।

इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव की अध्यक्षता में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपकर इस अन्यायपूर्ण आदेश पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग किया।

ज्ञापन लेते हुए एमएलसी ने शिक्षकों के दुख को अपनी संवेदना के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि ÷यह आदेश न केवल अमानवीय बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है।

जब नियुक्ति के समय टीईटी की शर्त नहीं थी, तब आज 30-35 वर्षों की निष्ठा, सेवा और अनुभव को दरकिनार कर ऐसी बाध्यता थोपना शिक्षा की गरिमा और शिक्षकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ है।

एमएलसी ने आगे कहा कि कुछ माह पूर्व गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के प्रमोशन हेतु परीक्षा कराई गई, जिसमें लगभग सभी असफल हो गए।

बावजूद इसके उन्हें प्रमोशन और सभी लाभ दिए गए। यदि माननीय न्यायाधीशों के असफल रहने पर भी उन्हें लाभ मिल सकते हैं तो दशकों तक बच्चों का भविष्य सँवारने वाले शिक्षकों को यह अपमान क्यों झेलना पड़े?

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिक्षकों की आवाज़ को सरकार तक पहुँचाएँगे तथा पुनः याचिका दाखिल कर न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रभान चौरसिया, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह और आदित्यनाथ त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## एसडीएम के निर्देश पर पुलिस की सख्ती, निर्माण कार्य रुका, पीड़ित पक्ष को धमकी

जन एक्सप्रेस। बस्ती



परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर पाण्डेय गांव में पैतृक संपत्ति को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति में बदल गया। गांव निवासी राम निरंजन वर्मा ने बताया कि उनके परिवार का पैतृक जमीन में आधा हिस्सा है। इस संबंध में मामला उप-जिलाधिकारी हरैया के न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत ने साफ़ तौर पर स्थगन आदेश पारित कर रखा है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष दबंगई करते हुए निर्माण कार्य कर रहा था।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर न केवल निर्माण कार्य रुकवाया बल्कि दोनों पक्षों को थाने बुलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की। पुलिस की इस तत्परता की ग्रामीणों ने सराहना की और कहा कि यदि समय रहते हस्तक्षेप न होता तो विवाद और बढ़ सकता था। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई से खफा होकर विपक्षी पक्ष ने उन्हें खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे दहशत में हैं और प्रशासन से अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उप-जिलाधिकारी के न्यायालय से मिले आदेश के आधार पर निर्माण कार्य रोका गया है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पीड़ित पक्ष को हर संभव सुरक्षा दी जाएगी और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

गांव में हुई इस घटना ने पैतृक संपत्ति विवाद को और गंभीर बना दिया है, लेकिन पुलिस की तत्परता से बड़ा टकराव टल गया। पीड़ित परिवार ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और न्याय दिलाने में मदद करेगा।

विपक्षी पक्ष ने न्यायालय के स्थगन आदेश की अवहेलना करते हुए विवादित भूमि पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही परशुरामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और एसडीएम के आदेश पर सख्ती दिखाते हुए अवैध निर्माण कार्य को रोक दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर न केवल निर्माण कार्य रुकवाया बल्कि दोनों पक्षों को थाने बुलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की। पुलिस की इस तत्परता की ग्रामीणों ने सराहना की और कहा कि यदि समय रहते हस्तक्षेप न होता तो विवाद और बढ़ सकता था।

# विद्यार्थियों को नैतिकता और मानवता का पाठ पढ़ाना शिक्षक का कर्तव्य: कौशलेंद्र मिश्र

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



रामनगर। शिक्षक दिवस पर रामनगर पीजी कालेज में भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। महाविद्यालय का वातावरण गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षण की गरिमा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि आदर्श मार्गदर्शक थे। उन्होंने शिक्षा को जीवन का आधार और समाज सुधार का साधन माना। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ नीरज बाजपेई ने भावुक होते हुए कहा कि आज भी हर शिक्षक के लिए उनका जीवन प्रेरणा है, और शिक्षक तभी सफल होता है जब वह अपने विद्यार्थियों में नैतिकता और मानवता का संचार कर सके। राजनीति शास्त्र विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शैलजा दीक्षित व अर्थशास्त्र विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर आलोक राय ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमें गुरु के महत्व का एहसास कराता है। डॉ. राधाकृष्णन की सादगी और विद्वता इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने शिक्षक का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि गुरु ही वह दीपक है जो अंधकार को प्रकाश में बदल देता है। समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ मनोज सिंह व शिक्षा शास्त्र विभाग प्रभारी डॉ रामकुमार सिंह व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संजय तिवारी ने कहा कि समाज में शिक्षक की भूमिका किसी भी राष्ट्र निर्माता से कम नहीं होती। शिक्षक ही वह शक्ति है जो आने वाली पीढ़ियों को योग्य, संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने जिस तरह शिक्षा और आचार विचार को जोड़ा, उसी मार्ग पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है।इस अवसर पर उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। डॉ. राधाकृष्णन की स्मृति में हर वर्ष मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि गुरु के बिना ज्ञान का दीप प्रज्वलित नहीं हो सकता। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उन्नाव में बाराबफात जुलूस शांति-पूर्ण, पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था





**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

जनपद में बाराबफात के अवसर पर शांतिपूर्ण माहौल में धार्मिक जुलूस निकाला गया। पुलिस ने बाराबफात जुलूस के दौरान सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद इंतजाम किए। जिसमें ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी भी की गई।

शहर के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए थे। बाराबफात जुलूस बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की याद में निकाले गए इस जुलूस में मदहे सहाबा, नात-ए-पाक और कुरान की तिलावत के कार्यक्रम शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर जनपद के सभी थानों में पुलिस ने जुलूस को निकलवाया साथ ही जुलूस मार्ग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष नजर रखी गई। जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस के सख्त इंतजामों के चलते जुलूस पूरी तरह से व्यवस्थित रहा और लोगों ने धर्म, भाईचारे और शांति का संदेश दिया। शहरवासियों ने भी इस धार्मिक पर्व को सम्मान और अनुशासन के साथ मनाया।लोगों ने स्थानीय मस्जिदों और सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई एवं सजावट करवाकर त्योहारी माहौल बनाया।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि आगामी त्योहारों पर भी इसी तरह सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सिसवारा में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में बोले कथावाचक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




मसौली। ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर पर चल रही 5 दिवसीय श्रीमद्भागवत अमृत वर्षा के दूसरे दिन कथावाचक रामहेत यादव रशिया ने पांडव जन्म एव राजा परीक्षित की कथा सुनाकर भक्तो को भक्ति मे सरोवर कर दिया। कथावाचक रामहेत यादव ने कहा कि पांडवों का जन्म कुंती और माद्री द्वारा देवताओं के आह्वान से हुआ, क्योंकि राजा पांडु को ऋषि किंदम ने ऐसा श्राप दिया था कि शारीरिक संबंध बनाने से उनकी मृत्यु हो जाती। कुंती के मंत्र से युधिष्ठिर का जन्म धर्म से, भीम का वायुदेव से, और अर्जुन का इंद्र से हुआ। माद्री ने अष्विनीकुमारों को बुलाकर नकुल और सहदेव को जन्म दिया। यह सब हस्तिनापुर में पांडु के घर हुआ इस प्रकार पांचों पांडवों का जन्म हुआ, और उन्हें कुरु वंश के पुत्रों के रूप में ही स्वीकार किया जाता था, जबकि वे वास्तव में विभिन्न देवताओं की संतानें थीं। कथावाचक ने राजा परीक्षित की कथा सुनाते कहा कि महाभारत युद्ध में कौरवों ने पांडवों के सारे पुत्रों का वध कर दिया था। तब उनका एकमात्र वंशधर अर्जुन के पुत्र अभिमन्यू की पत्नी उतरा के गर्भ में पल रहा था। पांडवों के पूरे वंश को खत्म करने के लिए कौरवों के साथी अष्वत्थामा ने उस गर्भस्थ बालक पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर दिया. तब भगवान श्रीकृष्ण ने उतरा के गर्भ में प्रवेश कर उस बालक की ब्रहस्त्र से रक्षा की. इस दौरान बालक दस महीनों तक अंगूठे के बराबर हुए भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करता रहा. ब्रहस्त्र को विफल कर जन्म का समय आने पर भगवान वहां से अदृश्य हो गए. पर फिर भी ब्रहस्त्र का कुछ असर रहने पर वह बालक मृत समान पैदा हुआ. ये जानकार भगवान श्रीकृष्ण प्रसूतिका गृह में आए और उन्होंने उस शिशु को जीवित कर दिया। गर्भ में कठिन परीक्षा होने के कारण यही बालक परीक्षित के नाम से प्रसिद्ध हुए। इस मौके पर अध्यक्ष ओमकार यादव, रामलाल यादव, लल्लू वर्मा, गोकुल वर्मा, संदीप वर्मा, आकाश वर्मा, ओमप्रकाश यादव, भानुप्रताप रावत, प्रदीप कुमार, अमरेश्, राकेश, अवधेश लाइन मैन आदि भक्त मौजूद रहे।

# समाज के सच्चे शिल्पकार हैं शिक्षक : गोप



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

शिक्षक समाज के वो शिल्पकार जो विद्यार्थियों को ज्ञान नैतिकता और जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करते हैं सच मायने में शिक्षक ही हमारे भविष्य के निर्माता हैं। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सिविल लाइन स्थित निज निवास पर सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही। श्री गोप ने शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह और गिफ्ट भेंट देकर सम्मानित भी किया। वहीं सपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक प्रोफेसर डॉक्टर सीताराम सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर अम्बरी चंद्र अम्बर, प्रवक्ता कुटुज वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आलोक कुमार राय, सहायक अध्यापक मोहम्मद नसीम को अंग वस्त्र माला फूल एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर भेंट कर सम्मानित करते हुए आज के आधुनिक युग में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए इनके द्वारा छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक सामाजिक वैज्ञानिक सहित विभिन्न विषयों इनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर डॉ ओम कुमार वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, इम्तियाज अहमद, कामता प्रसाद यादव, जसवंत यादव, राजेंद्र वर्मा, सुरेष चन्द्र गौतम, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# किसानों की सच्ची हमदर्द है भाजपा : ओम प्रकाश अवस्थी



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

असन्द्रा। भाजपा ने हमेषा किसानों के हित में कार्य किया है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए उन्होने कई जनहित कल्याणकारी योजनाएं भी लागू की है। उक्त बात शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाष अवस्थी ने विकास खण्ड बनीकोडर की ग्राम पंचायत गैरिया में आयोजित किसानों से संवाद कार्यक्रम में कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। सरकार ने मेंथा किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्राकृतिक मेंथा पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे पूरे देश के किसानों को मेंथा का लाभकारी मूल्य मिलेगा। बैठक के दौरान कुछ किसानों ने यूरिया खाद न मिलने की समस्या बताई जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी से बात की। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों पर निरंतर खाद की आपूर्ति कर वितरण कराया जा रहा है। वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर कार्रवाई के लिए पत्राचार किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता मनोज सिंह, रमेश चंद, कमल चंद वाजपेई, साहब लाल शर्मा, फकीरे गौतम, गुल्ले गौतम, सत्यनाम भारती, स्वामी दयाल रावत समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

# अवनीश ने बढ़ाया जनपद का मान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

थाना कोठी क्षेत्र के अरुई गांव में पले बढ़े अवनीश कुमार वर्मा ने बीती 4 सितम्बर को 98 प्रतिशत के साथ नेट जीआरएफ की परीक्षा पास करके जनपद का मान बढ़ायाहै अवनीश ने बाराबंकी के वीना सुधाकर ओझा डिग्री कॉलेज मसौली से बी.एससी. की शिक्षा ग्रहण की उसके बाद उनहोंने जे.एन.यू. दिल्ली से भौतिकी विज्ञान में एम.एससी. पूर्ण कर अपनी योग्यता का परचम लहराया अवनीश कुमार ने बताया कि नेट जी आर एफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रतिदिन 8 से 10 घंटों की पढ़ाई करते थे साथ ही यह बताया कि बाबा ओमप्रकाश वर्मा एक निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य थे उनकी प्रेरणा लेकर आगे बढ़े जिसमे उनके माता बृजरानी पिता यादुवेन्द्र प्रताप ने भी पूरा सहयोग किया अवनीश कुमार आगे चलकर एक वैज्ञानिक के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते है 2025 मे ही गेट परीक्षा पास करके वर्तमान समय में आईआईटी दिल्ली में एम टेक फिजिक्स के छात्र भी हैं।



## एक्सप्रेस खबरें...

### षिक्षक दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शुक्रवार को महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस समारोह का अयोजन किया गया। जिसमें बीएलबी पब्लिक इण्टर कालेज के प्रांगण में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, गुरू वन्दना, क्लासो की सजावट व रंगोली का आयोजन किया गया। समरोह की अध्यक्षता प्रबंधक एस.के. वर्मा द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माला पहनाकर नमन करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंम किया। इस मौके पर प्रबंधक श्री वर्मा ने कहा कि हर साल 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों की समाज में भूमिका और आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शन के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए समर्पित है। यह अवसर भारत के दूसरे राष्ट्रपति, प्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय वर्मा, निदा खातून, निरुपमा वर्मा, राजेश यादव, सुशील वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं को फूलमाला पहनाकर उपहार भेट किया गया।

### उत्साह के साथ मनाया गया ईद मिलादुन नबी का त्यौहार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़।** क्षेत्र में ईद मिलादुन नबी का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। नगर पंचायत सुबेहा कस्बा में जुलूस निकाला गया जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस कस्बे के निर्धारित मार्ग से होते हुए यह जुलूस मियां छावन शाह की दरगाह पर समाप्त हुआ। खानपुर, बड़ी चैकी, पट्टी, सैदापुर और पठानपुरवा से मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस निकालते हुए मियां छावन शाह बाबा की दरगाह पर पहुंचे। जुलूस के दौरान सरकार की आमद मरहबा, नारे तकबीर अल्लाह अकबर और नारे रिसालत या रसूल अल्लाह की सदाएं गूंजती रहीं। मियां छावन शाह बाबा की दरगाह पर तकरीर का आयोजन किया गया। कारी तहसीन ने रसूल अल्लाह की शान का बयान किया। उन्होंने अल्लाह की इबादत करने तथा गरीबों और यतीमों की मदद करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष देवी दीन रावत, चैधरी हुमायूं हुसैन, चैधरी जैद, रिजवान खान, गुड्डन खान, मुमताज खान, मोहम्मद मुस्तकीम, कारी रियाजुद्दीन, वसीम हाफिज, सभासद जहीर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस में हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, अतिरिक्त प्रभारी राजेश यादव,पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। राजस्व निरीक्षक उमेश कुमार साहू, लेखपाल प्रणव कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मीलाद का जुलूस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर।** जामिअ तुल मदीना फैज़ाने सद्रुश्शरीआ, निकट डफरपुर के ज़ेरे एहतेमाम जुलूस-ए-मीलादुनबी अलैहिस्सलाम बड़े एहतमाम व शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। शुक्रवार को सरकार-ए-दो आलम की 1500 वॉं विलादत की ख़ुशी में जामिअ तुल मदीना फैज़ाने सद्रुश्शरीआ की जानिब से जुलूस-ए-मीलादुनबी निकाला गया। जुलूस में आशिक़ाने रसूल ने बड़ी तादाद में शिरकत की। नातिया कलाम पढ़ते हुए जुलूस का आग़ाज़ हुआ। रास्ते में जगह-जगह पर फूलों की बारिश की गई और आशिक़ाने रसूल ने सरकार-ए-दो आलम पर दरूद-ओ-सलाम पेश किया। जुलूस कदीमी तर्ज़ पर मदरसा सलेमपुर से तकिया, जियनपुर, आलमपुर, गोंडैचा, बड्डूपुर, गोपालपुर, मानिकपुर, डफरपुर से होते हुए मदरसा पर समाप्त हुआ। जुलूस में मौलाना यूसुफ़ रज़ा, क़ारी क़ासिम साहब, मौलाना शाहिद, क़ारी खालिद साहब, क़ारी रिज़वान,जनाब मोहम्मद अय्यूब, निजामुद्दीन आदि लोग शामिल रहे।

### बड़ी शिद्दत के निकला बरावफात का जुलूस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज।** गुरुवर को सूरतगंज ब्लॉक इलाके की ग्राम पंचायत सुंधियामऊ में इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर बारह रबी-उल-अव्वल का जुलूस साईं तकिया से बड़ी शिद्दत के साथ निकाला गया। यह जुलूस साईं तकिया से सूरतगंज मार्ग होते हुए रामनगर मार्ग पहुंचा जहां से पेना तालाब पर जुलूस का समापन हुआ। नबी-ए-करीम के जुलूस में सैकड़ों की संख्या में इस्लाम धर्म के अनुयाई छोटे-छोटे बच्चों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी रामनगर अनिल पांडेय, सुन्धियामऊ चैकी इंचार्ज राम औतार राम,हेड कांस्टेबल रामचंद्र यादव, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, कांस्टेबल प्रदीप यादव, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस के दौरान एहतियातन चारों सीमाएं सील कर दी गई थीं जिसमें वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहा।

# देवताओं के आहवान पर हुआ था पाण्डवों का जन्म : रामहेत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

कोतवाली प्रभारी नगर ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर छापा मार करके दो शातिर चोरों को धर दबोचा। पुलिस ने इनके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल व कीमती सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, बीती 3 सितम्बर की रात को ग्राम खसपरिया में चोरों ने एक दुकान में चोरी की थी। जिसका मुकदमा पुलिस ने दर्ज करके चोरों की तलाष शुरु कर दी थी। बीती 4 सितम्बर की रात्रि को पुलिस ने जनपद लखनऊ के थाना बीबीडी के ग्राम तकिया जैनाबाद निवासी यूनुस पुत्र अयूब को धर दबोचा। पुलिस ने इनके पास से एक मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किये है। वहीं दूसरी तरफ इसी रात्रि को पुलिस ने रेलवे ट्रैक माल गोदाम रोड के पास से जनपद लखनऊ के थाना इन्दिरा नगर के ग्राम तकरोही निवासी तेज सिंह पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह को धर दबोचा। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की। कोतवाली प्रभारी नगर ने बताया कि तेज सिंह ने बीती 8 अगस्त को गन्ना संस्थान के पास से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने दोनो चोरों को जेल भेज दिया है।

# अकीदत के साथ निकला दीन-ए-मोहम्मदी का जुलूस, सतर्क रहा प्रशासन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**जैदपुर।** हुजूर की आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा की सदाएं बारह रबी उल अव्वल ईद मिलादुन्नबी पर्व के मौके पर कस्बा सहित आसपास के मुस्लिम ग्रामीण क्षेत्र गूंज रही थी। शुक्रवार को दीन-ए-मोहम्मदी के परचम बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ निकाले गए। जिसमें अंजुमनों द्वारा नात ए पाक मोहम्मद मुस्तफा जाने रहमत पर लाखों सलाम पेश की जा रहे थी। अंजुमन फारुकिया मोहल्ला छेदा कटरा के नातख्वाह मोहम्मद अर्सलान इस्लाम, हाफिज मो अदनान, मुदस्सिर व हाफिज मो सलीम द्वारा एक से बढ़कर एक नात पढ़ी जा रही थी। मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा, छोटी बाजार छोटीमीरा, बुनकर कॉलोनी, बड़ी बाजार व चिकन, अली अकबर कटरा से भी अंजुमनों के साथ दीनी मोहम्मदी के झंडे निकाले गए। मोहल्ला बड़ापूरा में पूर्व चेयरमैन हाजी जियाउर्रहमान,गांजोर पर हाजी रियाजुद्दीन, वफ़ा अंसारी, महेंदी कटरा में हाजी दरोगा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक तफज्जुल हुसैन अंसारी, बांध चैराहा पर स्थित भाजपा नेता अबू उमर अंसारी, छोटा इमामबाड़ा पर पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद, चमरहिया पर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम, पानी टंकी के पास जिला पंचायत सदस्य हारून राईन सहित अन्य स्थानों पर स्टॉल लगाए गए थे। जिन पर अंजुमनो द्वारा नाते पाक सुनने के लिए काफी लोग एकत्रित हुए थे। नाते पाक पढ़ने वाले नातख्वाहों को तोहफा देकर नवाजा जा रहा था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल जगह-जगह मौजूद थी। वहीं अंजुमन के साथ साथ भी पुलिस चल रही थी। अहमदपुर कस्बे, बरौली मलिक, टेसवा, गोठिया सहित अन्य जगह पर दीनी मोहम्मदी के झंडे निकाले गए। पूरा दिन मोहम्मद तशरीफ़ लाने की याद में याद किया जा रहा था। इस मौके पर मो अख्तर, नूरी, अफ़रोज़ मेराज, इस्लामुदद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# घर से लौट रहे मजदूर की ट्रेन में बिगड़ी तबियत, मौत



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। साइट पर आ रहे मजदूर की ट्रेन में तबीयत खराब हो गई। जिसे स्टेशन पर उतारने के बाद साथी मजदूर सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी अनुसार क्षेत्र के जैतीपुर स्टेशन के पास पटरी बिछाने का काम चल रहा है। जहां झांसी जिले के थाना सकरार के गांव घोराट तेजपुर निवासी सुरेन्द्र (26) पुत्र जमुना, उसकी मां लड़ैती और बहन सरस्वती काम करते थे। कुछ दिन पहले सुरेंद्र बहन को लेकर गांव गया था। उसके साथ काम करने वाले साथी चतुर्भुज ने बताया कि शुक्रवार सुबह सुरेंद्र और सरस्वती झांसी पैसेंजर ट्रेन से जैतीपुर स्टेशन आने के लिए चले थे। रास्ते में सुरेंद्र की तबियत खराब हुई तो सरस्वती ने फोन करके बताया। जिसपर वह और धर्मेंद्र, संजू आदि साथी मजदूर जैतीपुर स्टेशन पर पहुंचे और सुरेन्द्र को अचेत अवस्था में उतरा। 108 एम्बुलेंस से उसे नवाबगंज सीएचसी ले गये।

# शिक्षक दिवस पर उत्कर्ष कार्य हेतु पांच शिक्षक सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर नवाबगंज विकासखंड के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उत्कर्ष कार्य करने हेतु सदर विधायक के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।



शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर नवाबगंज विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत 5 शिक्षकों को सदर विधायक पंकज गुप्ता के निर्देशन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार की उपस्थिति में सम्मानित किया। कार्यक्रम में नवाबगंज विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय देवी जगदीशपुर की शिक्षिका संगीता उपाध्याय, जैतीपुर विद्यालय प्रथम की शिक्षिका मीनू तिवारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सेरसा से प्रियंका चौहान, प्राथमिक विद्यालय सरोसा के शिक्षक वीरेन्द्र मिश्रा समेत कंपोजिट विद्यालय अजगैन की अनुदेशिका दीपा तिवारी को शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।

# दसलक्षण महापर्व पर धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**फतेहपुर।** नगर क्षेत्र के दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व के नौवें दिन सुबह आकिंचन्य धर्म अभिषेक शांति धारा रचित जैन व अनुराग जैन ने की। तत्पश्चात शुक्रवार से रतनात्रय प्रारंभ होने के साथ-साथ विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की गई। पावन दसलक्षण महापर्व के अवसर पर जैन समाज ने विशेष भक्ति और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान शास्त्र वाचन में चिंतक इंद्र कुमार जैन ने कहा, उत्तम सत्य धर्म जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसका अर्थ है आत्मा और उसके भीतर के परम तत्व सत्य को मानना और बाहरी संसार की अनित्य और असत्य वस्तुओं का त्याग करना और उसी के अनुसार मनुष्य को जीवन व्यतीत करते हुए धर्म का पालन करना चाहिए। इसी के कड़ी में संध्या बेला के पश्चात बड़े जैन मंदिर में स्वाति जैन द्वारा आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी कौन बनेगा बालवीर आयोजित की गई। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों में मेहुल जैन, अंशी जैन, मिस्टी जैन, वासु जैन ने प्रतिभाग किया। इस दौरान स्वाति जैन ने प्रथम प्रश्न करते हुए पूछा, मंदिर में मूलनायक प्रतिमा कौन सी है जिसके जवाब में मेहुल जैन ने कहा, पाश्र्वनाथ दूसरे प्रश्न में भक्तामर स्तोत्र में कितने काव्य हैं 48 तीसरे सवाल में स्वाति जैन ने पूछा कल्याणक किसके होते हैं तो प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने जवाब देते हुए कहा, तीर्थंकर के, इसी के साथ बच्चों से कई धार्मिक सवाल पूछे गए जिनके बच्चों ने ठीक-ठीक उत्तर दिये। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# खेत बने पंपिंग सेट मशीन के कमरे का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

हैदरगढ़। बीती रात थाना लोनीकटरा क्षेत्र अन्तर्गत अखैयापुर गांव निवासी एक किसान के खेत बने पंपिंग सेट मशीन के कमरे का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उसमे रखा बैट्रा, झटका मशीन, रिंच बाक्स, सौर उर्जा पैनल के अलावा जीन पाइप का बंडल उठा ले गए। पीड़ित किसान अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दिया है पुलिस चोरी कि जांच पडताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दिए गए तहरीर में अखैयापुर गांव निवासी आर्यमन पण्डेय पुत्र स्व. संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया है कि गांव के समीप से होकर निकली पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड़ पर से महज 50 मीटर की दूरी पर खेत है। खेत में एक कमरा बनाया गया है और उसमें पंपिंगसेट मशीन के अलावा कृषि कार्य की अन्य दैनिक उपयोगी सामान रखा हुआ था। बीती रात चोरो ने कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखा रिन्च बाक्स, सौर उर्जा पैनल, बैट्रा, झटका मशीन, एक बंडल जीन की पाइप उठा ले गए। पीड़ित किसान की मां रामेश्वरी ने बताया कि मेरा बड़ा बेटा आर्यमन शाम को ट्यूबेल पर ताला मारकर आया हुआ था और सुबह खेत देखने गया तो वहां का ताला टूटा हुआ था और कमरे में रखा सारा समान गायब था जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रूपए थी। उन्होने आगे बताया कि इससे पूर्व बीते वर्ष भी ट्यूबेल का ताला तोड़कर उसके रखा समान चोर चुरा ले गए थे।

# बी से 'बीड़ी' और बी से 'बिहार'

## ट्वीट पर विपक्ष और एनडीए आमने-सामने, भाजपा बोली, इस अपमान को बनाएंगे चुनावी मुद्दा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र सरकार द्वारा आठ साल बाद हुए जीएसटी सुधारों ने जनता को जहां बड़ी राहत मिली है, वहीं, इन सुधारों पर एक सोशल मीडिया पोस्ट ने न सिर्फ बिहार बल्कि देश भर की सियासत को गर्मा दिया है। दरअसल, केरल कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल से किए गए एक पोस्ट में बी से बीड़ी और बी से बिहार लिखा गया, जिसके बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया। एनडीए के सभी घटक दलों खास तौर पर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

### कांग्रेस का पोस्ट सभी बिहारियों का अपमान

भाजपा ने बिहार के लोगों की तुलना बीड़ी से करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उसने इसे सभी बिहारियों का अपमान बताया। भाजपा ने विपक्ष से इसके राजनीतिक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा है। भाजपा ने कहा कि एनडीए बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों में इसे बहुत बड़ा मुद्दा बनाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने केरल कांग्रेस की पोस्ट को शर्मनाक करार देते हुए कहा कि बिहार के लोग आगामी विधानसभा चुनावों में बिहारियों के इस अपमान का जवाब देंगे।

### भाजपा नेता ने दी चेतावनी

बिहार के पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और आरजेडी को इसका परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और तेजस्वी यादव, हम आपको चेतावनी दे रहे हैं कि हम इसे बिहार चुनाव में बहुत बड़ा मुद्दा बनाएंगे और आपको बेनकाब करेंगे। देश और बिहार के लोग देख रहे हैं। हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राहुल गांधी और सोनिया गांधी को समझना चाहिए कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उन्होंने जो नाटक किया था, उसका पर्दाफाश हो गया है। सच्चाई सबके सामने है कि आप चंद वोटों के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं और किसी को भी गाली दे सकते हैं। अब आप सभी बिहारियों की तुलना बीड़ी से कर रहे हैं और उनका अपमान कर रहे हैं।

### राहुल गांधी से पूछे सवाल

आगे उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सवाल भी किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, आप क्या कर रहे हैं? आपको बिहार के इतिहास की कोई परवाह नहीं है। क्या आप बिहार की तुलना बीड़ी से करेंगे? इसके साथ ही प्रसाद ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनमें कांग्रेस की केरल इकाई द्वारा बिहारियों के इस तरह के अपमान की निंदा करने का साहस नहीं है।

### जदयू ने तेजस्वी को लिया आड़े हाथ

जदयू ने तो इस बहाने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भी निशाने पर ले लिया। हालांकि, तेजस्वी यादव ने कांग्रेस पोस्ट पर अनभिज्ञता जताई लेकिन साफ कहा कि बिहार के स्वाभिमान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इस बयान से उन्होंने कांग्रेस को अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दे दिया कि ऐसी गलती बर्दाश्त नहीं होगी।

### कांग्रेसी नेता तारिक अनवर ने सफाई दी

इधर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तारिक अनवर ने सफाई दी कि बिहार चुनाव के बीच कांग्रेस ऐसा बयान नहीं दे सकती। यह पोस्ट केरल कांग्रेस का है और लगता है कि अकाउंट हैक किया गया है। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति ऐसा नहीं लिख सकता। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मामले में केरल कांग्रेस नेताओं से बात करेंगे।

### केरल कांग्रेस ने मांगी माफी

इस बीच, विवादास्पद पोस्ट को हटाते हुए केरल कांग्रेस ने एक्स पर कहा कि हम देख रहे हैं कि जीएसटी दरों को लेकर मोदी के चुनावी हथकंडे पर हमारे कटाक्ष को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो हम क्षमा चाहते हैं। दरअसल हालिया जीएसटी सुधार में सरकार ने बीड़ी पर टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जबकि सिगरेट और सिगार पर टैक्स बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए केरल कांग्रेस के हैंडल से विवादित पोस्ट डाला गया था।

# जब डॉक्टर को पता चलता है कि मरीज़ एचआईबी पॉजिटिव था



जन एक्सप्रेस। विशेष

हेल्थकेयर प्रोफेशन एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ दिन-रात लोगों की जान बचाने के लिए काम करते हैं। पर जब एक डॉक्टर को अचानक यह जानकारी मिलती है कि वह जिस मरीज का इलाज कर रहा था, वह एचआईबी पॉजिटिव था और यह जानकारी इलाज के समय उपलब्ध नहीं थी- तो वह सिर्फ मेडिकल नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक संकट का सामना करता है। इस स्थिति का असर न केवल उस डॉक्टर पर, बल्कि अस्पताल के अन्य स्टाफ, और उनके परिवार, विशेषकर बच्चों पर भी पड़ता है।

**समाधान:** इस कलंक से लड़ना होगा जागरूकता फैलाना अत्यावश्यक है एचआईबी संक्रमण हवा, छूने, या साथ रहने से नहीं फैलता-यह बात समाज को समझनी होगी।

**मानसिक समर्थन:** डॉक्टरों और स्टाफ को इस कठिन समय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होती है।

**नीतिगत सुरक्षा:** अस्पतालों को चाहिए कि एचआईबी पॉजिटिव हेल्थ वर्कर्स को नौकरी से न निकाला जाए और उनका सम्मानजनक इलाज और पुनर्स्थापन हो।

**समाज को संवेदनशील बनाना:** डॉक्टर भी इंसान होते हैं, और अगर वे दूसरों की जान बचाते हुए खुद संक्रमित हो जाते हैं, तो हमें उन्हें हीरो की तरह देखना चाहिए - गुनहगार की तरह नहीं।

### डॉक्टर की पहली प्रतिक्रिया

जब डॉक्टर को यह पता चलता है कि जिस मरीज़ का वह इलाज कर रहा था वह एचआईबी पॉजिटिव था, तो उसकी पहली प्रतिक्रिया आमतौर पर डर, घबराहट और चिंता की होती है...

- कहीं कोई गलती तो नहीं हो गई?
- इलाज के दौरान सुई चुभने या कट लगने से संक्रमण का खतरा तो नहीं हुआ?
- अब मुझे एचआईबी टेस्ट करवाना पड़ेगा और अगर रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो?
- मेरे परिवार और समाज में मेरी क्या स्थिति होगी?
- यह सब विचार डॉक्टर के मानसिक संतुलन को हिला सकते हैं।

### अस्पताल स्टाफ पर प्रभाव

एचआईबी पॉजिटिव मरीज के इलाज में शामिल बाकी स्टाफ जैसे नर्सें, वार्डबॉय, लैब टेक्नीशियन आदि भी तुरंत चिंतित हो जाते हैं। यदि किसी को ब्लड, सुई या शारीरिक तरल पदार्थ के संपर्क में आना पड़ा हो तो PEP (Post-E&posure Prophyla&is) शुरू करनी पड़ती है जो शारीरिक रूप से थकाने वाली और मानसिक रूप से तनावपूर्ण होती है। कुछ लोग इतने डर जाते हैं कि वे भविष्य में एचआईबी संक्रमित मरीज़ों के इलाज से बचने लगते हैं।

### यदि डॉक्टर या स्टाफ एचआईबी पॉजिटिव हो जाएँ

यह वह स्थिति है जो सबसे ज्यादा भयावह होती है- यदि इलाज के दौरान किसी लापरवाही या अनजाने संपर्क के कारण डॉक्टर, नर्स या अन्य स्टाफ एचआईबी पॉजिटिव हो जाते हैं। तो,

**मानसिक पीड़ा:**

अपने प्रोफेशन को ईमानदारी से निभाते हुए संक्रमित होना डॉक्टर के लिए बहुत बड़ा आघात होता है। क्या मैं अब भी डॉक्टर रह पाऊँगा?, क्या मैं अपने बच्चों को गले लगा सकता हूँ? जैसे सवाल दिल और दिमाग को घेर लेते हैं।

**पारिवारिक तनाव:**

डॉक्टर/स्टाफ के साथी और परिवारजन भी इस खबर से टूट सकते हैं। बच्चों से दूरी बनाना, पार्टनर में डर और रिश्तों में खटास जैसी स्थितियाँ बन सकती हैं।

**सामाजिक नजरिया और कलंक**

समाज ऐसे डॉक्टरों और स्टाफ को गंदी निगाह से देखने लगता है, मानो एचआईबी संक्रमण का मतलब कोई अनैतिक काम हो। कुछ लोग यह मान लेते हैं कि डॉक्टर की अपनी कोई गंदी हरकत रही होगी, जबकि सच यह होता है कि संक्रमण ड्यूटी के दौरान हुआ। कई बार ऐसे डॉक्टरों को नौकरी से निकाल दिया जाता है, या मरीज़ उनके पास आने से कतराते हैं।

### महिला स्टाफ के लिए स्थिति और भी कठिन

एचआईबी संक्रमित महिला नर्स या डॉक्टर को समाज अधिक कठोर और अपमानजनक दृष्टि से देखता है। विवाह, मातृत्व, यहाँ तक कि सामान्य सामाजिक व्यवहार भी उनके लिए कठिन हो जाता है।

### डॉक्टर के बच्चों और परिवार पर असर

- डॉक्टर या स्टाफ एचआईबी संक्रमित हो जाएँ, तो उनके बच्चों को स्कूल में तानों और भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है।
- परिवार के सदस्य सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ सकते हैं, क्योंकि लोग ÷संपर्क से संक्रमण÷ जैसी भ्रांतियों के कारण दूरी बना लेते हैं।

एक डॉक्टर जब एचआईबी पॉजिटिव मरीज़ का इलाज करता है, तो वह अपने प्रोफेशन का धर्म निभा रहा होता है। पर यदि इस प्रक्रिया में कोई चूक हो जाए और वह स्वयं संक्रमित हो जाए, तो उस पर दोहरा बोझ आ पड़ता है- एक शारीरिक बीमारी का, और दूसरा समाज के तानों और अविश्वास का। यह समय है कि हम इस कलंक को खत्म करें, और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को वह सम्मान दें जिसके वे हकदार हैं।

# हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया: ट्रंप

- मोदी-पुतिन और जिनपिंग की फोटो पोस्ट की, कहा, भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आशंका जताई है कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा- ÷ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।÷ वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रम्प के इस पोस्ट पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामला की सुनवाई यूएस कोर्ट में चल रही है। ट्रम्प ने गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा। ट्रम्प ने इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की थी। इसमें उन्होंने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ट्रम्प विदेशी सामान पर भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने कहा था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाया गया, ताकि युद्ध खत्म करने में मदद मिले। ट्रम्प ने कहा कि निचली अदालत का फैसला उनकी पिछले 5 महीनों की व्यापारिक बातचीत को मुश्किल में डाल सकता है। इससे यूरोपीय यूनियन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ हुए समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। वहीं, छोटे कारोबारियों के वकील जेफ्री श्वाब ने कहा कि ट्रम्प के ये टैरिफ छोटे व्यवसायों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे जल्दी फैसले की उम्मीद कर रहे हैं।

### कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ को गैर कानूनी बताया था

इससे पहले अमेरिका की एक अपील कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इन टैरिफ को लागू करने के लिए जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें यह अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के पास हर आयात पर टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोक दिया, ताकि ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें। चली अदालत ने 7-4 के फैसले में कहा था कि 1977 का इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट ट्रम्प को इतने बड़े टैरिफ लगाने की इजाजत नहीं देता।

# 44 लाख टैक्स बचाने में ब्रिटिश डिप्टी पीएम की कुर्सी गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री और हाउसिंग मिनिस्टर एंजेला रेनर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मीडिया के मुताबिक, उन्होंने माना कि नए घर के लिए प्रॉपर्टी टैक्स चुकाते समय उनसे गलती हुई और उन्होंने तय टैक्स से 44 लाख रुपए कम का भुगतान किया। एंजेला रेनर समेत पिछले 1 साल में 8 मंत्री कीर स्टार्मर की सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। रेनर का इस्तीफा ब्रिटिश सरकार के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। पिछली बार जब रेनर पर जानबूझकर टैक्स गबन का आरोप लगा था।

# गाजियाबाद में हर्षिका के साथ परिणय सूत्र में बंधे विकास यादव

- नीतीश कटारा हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद था विकास, पैरोल मिलने पर हुई शादी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



पूर्व सांसद और देश के मशहूर उद्योगपति डीपी यादव के बड़े बेटे विकास यादव की हर्षिका यादव साथ शादी संपन्न हुई। गाजियाबाद के राजनगर स्थित उनके आवास पर पारिवारिक लोगों की उपस्थिति में एक सादे समारोह में यह शादी संपन्न हुई। हर्षिका की विकास यादव के साथ सगाई जुलाई माह में हुई थी। विकास यादव नीतीश कटारा हत्याकांड के मामले में जेल में बंद है। वह मौजूदा समय में पैरोल पर बाहर हैं। पूर्व मंत्री डीपी यादव के भतीजे सत्येंद्र यादव ने बताया कि विकास यादव को चौबीस अप्रैल को अपनी माताजी पूर्व विधायक उमलेश देवी की सेवा की लिए पेरोल मिला था। ज्ञात हो कि माता का ईलाज गाजियाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है ,जहाँ उनका रीढ की हड्डी का ऑपरेशन भी हुआ है। मां के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनकी देखभाल के उद्देश्य से विकास ने शादी करने का निर्णय लिया है। उसी के तहत आज पाँच सितंबर दिन शुक्रवार को एक सादे समारोह में आर्य समाज विधि से विकास की शादी ग्राम इटोली जिला फिरोजाबाद के निवासी एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उदयराज सिंह उर्फ़ उदयराज की बेटी हर्षिका के साथ संपन्न हुई है। पहले यह शादी न्योली शुगर मिल जिला कासगंज पर होनी तय की गई थी। बाद में विवाह राजनगर स्थित निवास स्थान में ही संपन्न हुआ ताकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का किसी भी तरह से उल्लंघन नहीं हो। इस अवसर पूर्व सांसद और मंत्री डीपी यादव ने कहा कि हम लोग आर्य समाज का अनुसरण करते हैं। आर्य समाज की पद्धति के अनुसार हम कोई भी शुभ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज दोपहर को आर्य समाज की विधि विधान से विकास और हर्षिका यादव की शादी संपन्न हुई। विकास यादव की नव विवाहित हर्षिका एमसीए की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने ओम डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद से स्नातक की पढ़ाई की है, तथा वह वर्तमान समय में एमसीए कर रही है। उनके पिताजी उदयराज सिंह शिकोहाबाद में स्थित एक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं।

# एक महीने में ढही नाले की दीवार, पटेल नगर में फिर जलभराव का संकट

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के पटेल नगर सेकंड में नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। मात्र एक महीने पहले 2 अगस्त को वाल्मीकि कुंज के मुख्य नाले की लगभग 50 मीटर लंबी दीवार का निर्माण किया गया था, लेकिन यह दीवार 4 सितंबर 2025 को नाले के ओवरफ्लो के साथ पूरी तरह ढह गई। इसके परिणामस्वरूप पटेल नगर सेकंड के बी ब्लॉक और ए ब्लॉक में घरों के अंदर तक पानी भर गया, जिससे निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह घटना निगम के निर्माण और सफाई विभागों की लापरवाही और जवाबदेही की कमी को उजागर करती है। पटेल नगर सेकंड के वाल्मीकि कुंज इलाके में मुख्य नाले की दीवार का निर्माण अभी पिछले महीने अगस्त में पूरा हुआ था। इस दीवार को नाले के किनारे जलभराव की समस्या को रोकने और पानी के सुचारू निकास के लिए बनाया गया था। लेकिन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण एक बारिश यह नहीं झेल पाई और नाले के ओवरफ्लो के कारण यह दीवार पूरी तरह ढह गई। दीवार के मलबे ने नाले को अवरुद्ध कर दिया, जिसके चलते शहर का पानी अब इस नाले के माध्यम से निकल नहीं पा रहा है। नतीजतन, पटेल नगर के बी ब्लॉक और ए ब्लॉक में एक बार फिर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दीवार ढहने से पहले भी नाले की सफाई और रखरखाव की कमी के कारण पानी का निकास ठीक नहीं हो रहा था। अब दीवार के ढहने से स्थिति और बदतर हो गई है, जिससे घरों में पानी घुस रहा है और सड़कों पर कीचड़ जमा हो गया है।

### निगम के विभागों में टकराव, जवाबदेही की कमी

इस घटना को लेकर नगर निगम के विभिन्न विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। निगम के निर्माण विभाग का दावा है कि नाले की सफाई के लिए ठेकेदार ने दीवार को तोड़ा, जिसके कारण यह ढह गई। वहीं, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि नाले की सफाई पहले ही पूरी हो चुकी थी और दीवार टूटने का कारण निर्माण की खराब गुणवत्ता है। इस आपसी खींचतान के बीच साफ है कि निगम की लापरवाही और विभागों के बीच तालमेल की कमी ने इस संकट को जन्म दिया है। स्थानीय निवासियों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि 30 दिन पहले बनी दीवार इतनी जल्दी कैसे ढह गई। एक निवासी ने कहा, निगम ने लाखों रुपये खर्च करके दीवार बनाई, लेकिन यह एक महीने भी नहीं टिकी। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? निर्माण विभाग, सफाई ठेकेदार, या निगम की लापरवाही? पटेल नगर के निवासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या उनके लिए नई नहीं है, लेकिन नाले की दीवार ढहने से स्थिति और गंभीर हो गई है। घरों में पानी घुसने से फर्नीचर, बिजली के उपकरण और अन्य सामान को नुकसान पहुंचा है। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में दिक्कत हो रही है, और कीचड़ व गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। निवासियों ने नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनकी मांग है कि नाले की सफाई और दीवार के पुनर्निर्माण के साथ-साथ इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# एबीवीपी के समर्थन में उतरे भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर, राजभर तुरंत माफी मांगे

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद लोनी क्षेत्र के भाजपा विधायक का सुर एकबार फिर तल्ख़ हुआ है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को ÷गुंडा÷ कहे जाने पर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की है ।इसके साथ ही एबीवीपी के आंदोलन का समर्थन करते हुए इसे छात्रहित में बताया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। जिसने कभी भी अराजकता नहीं फैलाई, बल्कि संविधानिक दायरे में छात्रहित और राष्ट्रहित के मुद्दों पर संघर्ष किया है। ऐसे संगठन को गुंडा कहना लाखों छात्रों और कार्यकर्ताओं का घोर अपमान है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार में समाजवादी विचारधार के तथाकथित अधिकारियों के संरक्षण में कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं का उत्पीड़न हो रहा है। जिसके खिलाफ कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री से लेकर संगठन तक शिकायत जारी है। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने इस बाबत प्रदेश सरकार में मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने की बात भी कही है। पत्र में एबीवीपी को राष्ट्रवादी संगठन और एस आर एम कालेज प्रबंधन द्वारा विधि कक्षाओं का अवैधानिक रूप से संचालन की भी बात कहते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आंदोलन को लोकतांत्रिक अधिकार बताया था।

# खोड़ा में पेयजल की समस्या को लेकर भाजपा की पूर्व पालिकाध्यक्ष का अनशन शुरू

- कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक की पहल भी नाकाम साबित हो रही
- आरोप प्रत्यारोप के बीच जनसमस्याओं का हल अधर में

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




गाजियाबाद साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के खोडा मकनपुर नगरपालिका क्षेत्र की कॉलोनी में समस्याओं अंबार लगा है । प्रशासनिक समाधान एक का भी नहीं हो रहा है। यहां पानी की भारी किल्लत है। नल से पानी नहीं आता है। वर्षों से लोग नल से पानी की मांग कर रहे हैं। यहां नल से पानी की मांग को लेकर स्थानीय लोग काफी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पिछले नगर पालिका चुनाव में पानी का मुददा बेहद अहम मुद्दा था। इसी पेयजल के मुद्दे पर नल से पानी की सप्लाई कराने का वादा कर निर्दलीय मोहिनी शर्मा ने भाजपा की रीना भाटी को भारी बहुमत से हराया था। लेकिन चुनाव में जीत दर्ज कराने के बाद भी पेयजल का मुद्दा आजतक हल नहीं हो सका है। अब यहां की समस्याएं राजनीति का मुख्य अखाडा बन गया है। पालिका अध्यक्ष पर जनता के साथ वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर भाजपा नेता और पूर्व पालिका अध्यक्ष रीना भाटी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने पालिका पर जनता से किए वादे पूरे नहीं करने और विकास कार्यों में गड़बड़ी का आरोप भी वर्तमान पालिकाध्यक्ष पर लगाया। रीना भाटी का कहना है कि खोड़ा के विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा और दूसरी ओर जनता से किए गए वादों को भी अभी तक पूरा नहीं किया जा रहा है। पूर्व पालिकाध्यक्ष के अनुसार वर्ष 2022-23 में कूड़ा निस्तारण का खर्च काफी कम था, जबकि वर्ष 2024-25 में खर्चा कई गुना से भी ज्यादा बढ़ गया। इसकी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता से चुनाव के दौरान जो वादे किए थे वह भी नगर पालिका अध्यक्ष ने अभी तक पूरे नहीं किए हैं। क्षेत्रवासियों को अभी तक गंगाजल नहीं मिला है। जनता पानी के लिए तरस रही है। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने कहा कि गंगाजल के लिए जमीन चाहिए, जो खोडा पालिका के पास नहीं है। सरकार अगर जमीन देती है तो नल से जल परियोजना को पूरा किया जा सकता है।

### अपनी ही डबल इंजन सरकार में जनसमस्याओं के लिए धरना

साहिबाबाद विधानसभा के खोड़ा मकनपुर नगर पालिका क्षेत्र साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का भी गढ़ कहा जाता है। जहां से उन्हें विधानसभा चुनावों में लगातार अच्छी बढ़त हासिल रहती है। इसके पूर्व रीना भाटी के पालिकाध्यक्ष रहते विधायक के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री वी के सिंह के सहयोग से गंगाजल टैंकर चलाने और शासन से यथाशीघ्र पेयजल किल्लत दूर करने का वादा लगातार किया ।अभी कुछ दिनों पूर्व भी विधायक और अब प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में योगी कैबिनेट का मुख्य अंग बनने पर खोड़ा मकनपुर नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर भेंट भी किया । लेकिन लगातार विधायक और अब खुद मंत्री बनने के बाद भी उन्हीं के गढ़ में भाजपा नेता और उन्हीं की सहयोगी आमरण अनशन पर बैठी है। यह भी विचारणीय प्रश्न है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक और समाजवादी पार्टी नेता अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा ने निर्दलीय लड़ते हुए कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक सुनील शर्मा की प्रतिष्ठापरक सीट पर पूर्व पालिकाध्यक्ष रीना भाटी को करारी मात देकर सनसनी फैला दिया था । लोनी और खोड़ा मकनपुर दोनों में जबरदस्त हार पूरे प्रदेश में सुर्खियों में रहा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)